फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अष्टमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 4 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 344, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





किसी की जुबां पर गांधी, कोई मुफ्त शिक्षा की हिमायती 16

झलक दिखला जा 11 की विजेता बनीं मनीषा 15


## लापरवाही का गड्ढा



राजधानी लखनऊ में रविवार को विकास नगर के सेक्टर-4 में अचानक सड़क धंसने से 20 फीट चौड़ा गड्ढा हो गया। अचानक जमीन धंसने से उधर से गुजर रही एक कार गड्ढे में आधी लटक गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, स्थानीय लोगों ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए कार सवार लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। यहां जल निगम ने पिछले वर्ष सीवर लाइन बिछाने को खुदाई कराई थी, सड़क बनने के कुछ माह बाद ही गहरा गड्ढा हो गया था, अब फिर मामूली बारिश ने लापरवाही की पोल खोल दी।

### परीक्षाओं में सेंधमारी करने वालों को मुख्यमंत्री योगी ने दी चेतावनी

# जिंदगी भर की जेल ही नहीं, बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी होगी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि कोई भी उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं कर सकता। अगर किसी ने ऐसा किया तो वह जिंदगी भर के लिए जेल में सड़ेगा। उसके बाप-दादा की प्रॉपर्टी भी सरकार जब्त कर लेगी।

मुख्यमंत्री रविवार को गोरखपुर के राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के मैदान में विद्यार्थियों को स्मार्टफोन, टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में 1500 विद्यार्थियों को टैबलेट और 3000 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए। मुख्यमंत्री ने 15 विद्यार्थियों को टैबलेट और 10 विद्यार्थियों को स्मार्टफोन अपने हाथों से सौंपे।



● गोरखपुर में प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों, स्मार्ट क्लास का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने कहा, 'पिछली सरकारों में लोगों को गुंडे-माफिया तबाह करते थे। योजनाओं का लाभ चंद लोगों को मिलता था। आज 'डबल इंजन' सरकार में ऐसा नहीं है। 'हर किसी को योजनाओं का लाभ बिना भेदभाव मिल रहा है।' मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आज के नए भारत की ताकत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। ऐसी सरकार कभी नहीं आई। इसे जारी रखते हुए लोकसभा चुनाव में 'फिर एक बार मोदी सरकार' और 'अबकी बार चार सौ पार' के नारे को साकार करना है।

### प्रोजेक्ट अलंकार के तहत स्मार्ट क्लास का शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने 26 माध्यमिक विद्यालयों में 17 .35 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों और 141 माध्यमिक विद्यालयों में 7 .58 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 330 प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास भी किया। चार इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों को उन्होंने स्मार्ट क्लास का प्रमाण पत्र भी सौंपा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में सिर्फ स्मार्ट सिटी ही नहीं होगी, बल्कि स्मार्टफोन और स्मार्ट क्लास से जुड़कर यूपी के युवा स्मार्ट बनेंगे।

### आरओ/एआरओ मामले में परीक्षा नियंत्रक हटाए गए

**प्रयागराज।** आरओ/एआरओ प्रारंभिक परीक्षा-2023 के पेपर लीक मामले में सरकार ने उप्र .लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक अजय कुमार तिवारी को पद से हटा दिया है। मालूम हो कि 11 फरवरी को आरओ/एआरओ की प्रारम्भिक परीक्षा हुई थी। पेपर लीक होने की जानकारी के बाद अभ्यर्थियों ने खासा हंगामा किया था। परीक्षा दोबारा कराने की मांग भी की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्यमंत्री ने परीक्षा रद करने के साथ 6 माह में दोबारा कराने को निर्देशित किया।

## एक नजर

### रिश्वतखोरी में एनएचएआई का महाप्रबंधक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने महाराष्ट्र के नागपुर में 20 लाख रुपये के कथित रिश्वतखोरी मामले में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक महाप्रबंधक (जीएम) को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि परियोजना निदेशक की भी जिम्मेदारी संभाल रहे अरविंद काले ने कथित रूप से एक निजी कंपनी से रिश्वत ली थी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने काले की गिरफ्तारी के बाद एक तलाशी अभियान में 20 लाख रुपये की रिश्वत समेत 45 लाख रुपये जब्त किए हैं। काले और 11 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### सीयूईटी-यूजी परीक्षा की तिथियों में बदलाव संभव

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष जगदीश कुमार के अनुसार, संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी)-स्नातक परीक्षा का कार्यक्रम लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम के आधार पर बदले जाने की संभावना है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को घोषणा की थी कि परीक्षा 15 से 31 मई तक आयोजित की जाएगी और परिणाम 30 जून को घोषित किए जाएंगे। भारत में 18वीं लोकसभा के लिए आम चुनाव होने वाले हैं, जिसके कार्यक्रम की घोषणा इस महीने होने की संभावना है। यूजीसी प्रमुख ने रविवार को बताया कि एनटीए द्वारा घोषित तारीखें अस्थायी हैं।

### कश्मीर में भूस्खलन में चार की मौत, दो घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में भारी बारिश के बाद हुए भूस्खलन में दो महीने के बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई है और दो अन्य घायल हो गए हैं। पुलिस ने रविवार को बताया कि शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात भूस्खलन के कारण मिट्टी के घर ढह जाने से एक महिला और उसकी तीन बेटियों की सोते समय मौत हो गई। पुलिस ने कहा कि खराब मौसम के कारण, चसाना बेल्ट के सुदूर गांव कुंदरधन मोरहा बैंड में मोहम्मद फरीद का मिट्टी का घर ढह गया। फरीद की पत्नी फल्ला और बेटियों नसीमा, सफीन और समरीन की मौत हो गई। एक और घर ढहने में 60 वर्षीय कालू और उसकी पत्नी बानो बेगम घायल हो गए।

# बारिश और ओलावृष्टि से खड़ी फसलें गिरीं, वज्रपात से पांच लोगों की मौत

## कई जगहों पर मकान ढहे, किसानों को हुए भारी नुकसान की होगी भरपाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : बीते दो दिनों से प्रदेश के एक दर्जन से अधिक जिलों में निरंतर हो रही बारिश, तेज हवाएं और ओले गिरने से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। बारिश और ओलावृष्टि के बाद वज्रपात की अलग-अलग घटनाओं में रविवार को पांच लोगों की मौत हो गई। चित्रकूट, लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर में एक-एक मौत की सूचना है। वहीं मुख्यमंत्री ने विभिन्न जिलों में वज्रपात से हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत व्यक्तियों के परिजनों को 04-04 लाख रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने फसलों को हुए नुकसान का भी तत्काल आकलन करते हुए शासन को आख्या उपलब्ध कराने को कहा है। राहत आयुक्त कार्यालय की



रिपोर्ट के अनुसार वज्रपात से लखीमपुर खीरी, हरदोई, सीतापुर, शाहजहांपुर जिलों में 01-01 जनहानि, आगरा में 01 पशु हानि और अतिवृष्टि से मथुरा में 01 मकान गिरने की सूचना मिली है। सहारनपुर में वज्रपात से आंशिक मकान क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। वहीं, चित्रकूट जिले में भरतकूप थाना क्षेत्र के घुरेटनपुर गांव में बारिश और ओले से फसल खराब होने से सुकरानी (75) की सदमा लगने से मृत्यु हो गई। तेज हवा और पानी से जहां गेहूं की खड़ी फसल खेतों में गिरी नजर आ रही हैं वहीं सरसों, मटर और चने की फसल को भारी नुकसान हुआ है। आलू बेल्ट कहे जाने वाले जिलों इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, औरैया और अलीगढ़ में तेज आंधी-पानी के कारण किसानों में मायूसी छा गई है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि सोमवार को भी बारिश का सिलसिला रहेगा और मंगलवार को दोपहर बाद धूप खिल सकती है।

राहत आयुक्त नवीन कुमार ने बताया कि फर्रुखाबाद, कन्नौज, मुजफ्फरनगर, जालौन, झांसी, कानपुर देहात, शाहजहांपुर, ललितपुर और सहारनपुर आदि जिलों में सुबह 8.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे के बीच ओलावृष्टि और दर्जनभर जिलों में बारिश हुई है।

मुरादाबाद, अमरोहा व संभल जिले में बारिश से फसलों को नुकसान हुआ है। वहीं बिजनौर में तेज हवा और बारिश के चलते दीवार गिरने से तीन घोड़ों की दबकर मौत हो गई।

### मुआवजा बांटने के निर्देश, कई जिलों में अलर्ट जारी

प्राकृतिक आपदा की मार झेलने वाले किसानों के लिए मुख्यमंत्री योगी ने फसलों का सर्वे का काम तेजी से करते हुए मुआवजा देने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश सरकार ओलावृष्टि व बारिश के कारण सरसो, मटर, मसूर, गेहूं, चना आदि फसलों के नुकसान का लगातार सर्वे करा रही है। मौसम विभाग ने प्रतापगढ़, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, सीतापुर, लखनऊ, कानपुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है वहीं पश्चिम के दर्जन भर जिलों में मध्यम बारिश के साथ तेज हवाओं का अलर्ट जारी किया है।

## शहबाज शरीफ चुने गए पाकिस्तान के दूसरी बार प्रधानमंत्री

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को अपने पहले संबोधन में कश्मीर का राग अलापा। हालांकि, उन्होंने पड़ोसियों सहित सभी प्रमुख देशों के साथ संबंध सुधारने का भी संकल्प जताया। शहबाज ने कहा, 'हम पड़ोसियों के साथ समानता के आधार पर संबंध रखेंगे।' उन्होंने कश्मीर का जिक्र करते हुए इसकी तुलना फिलिस्तीन से की। उन्होंने कहा, 'आइए हम सब एक-साथ आएं और नेशनल असेंबली को कश्मीरियों तथा फिलिस्तीनियों की आजादी के लिए एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए।' इससे पहले 336 सदस्यीय संसद में वोटिंग के बाद प्रधानमंत्री चुने गए शहबाज के समर्थन में 201 सांसदों ने वोट डाले। उनके प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को केवल 92 वोट मिले। खबरों के मुताबिक शहबाज के प्रतिद्वंद्वी उमर अयूब खान को जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) का समर्थन हासिल है।



● कश्मीर का राग अलापा

# किसानों का 6 मार्च को दिल्ली कूच का एलान

बठिंडा, एजेंसी

फसलों पर एमएसपी की मांग को लेकर पंजाब और हरियाणा के शंभू , खनौरी बॉर्डर पर बीते 13 फरवरी से डटे हुए किसान संगठनों ने दिल्ली पहुंचने के अपने तरीके में बदलाव का एलान किया है। रविवार को एक प्रेस कांफ्रेंस में किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि दिल्ली कूच का हमारा कार्यक्रम पहले की तरह है। हम इससे पीछे नहीं हटे हैं। सरकार को झुकाने के लिए हमने कुछ रणनीति तय की है।

डल्लेवान ने कहा कि सरकार कह रही है कि किसान ट्रैक्टरों को छोड़कर दिल्ली आ सकते हैं। अब यह रणनीति तय की गई है कि 6 मार्च को देशभर के किसान ट्रेन, बस, पैदल और हवाई जहाज से शांतिपूर्ण ढंग से दिल्ली कूच करेंगे। अब देखना होगा कि सरकार इन किसानों को बैठने देती है या फिर बातें करती है।

उन्होंने कहा कि हमने तय किया है कि जितने बॉर्डर पर हम बैठे हैं, वहां अपनी संख्या बल बढ़ाएंगे और अन्य बॉर्डर पर भी किसानों को लाने की कोशिश करेंगे। संयुक्त किसान मोर्चा (अराजनीतिक) से जुड़े किसान संगठनों ने 13 फरवरी को दिल्ली मार्च का आह्वान किया था, लेकिन उन्हें पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने शंभू बॉर्डर पर रोक दिया। इस दौरान हुई झड़प में एक युवा किसान शुभकरण सिंह की मौत हो गई, इसके बाद दिल्ली कूच का कार्यक्रम किसान संगठनों ने स्थगित कर दिया था।

### बदली रणनीति

- ट्रैक्टर के बजाय ट्रेन-बस और हवाई मार्ग से जाएंगे राजधानी
- शंभू बार्डर पर और बढ़ाएंगे किसानों की संख्या

### 10 मार्च को पूरे देश में ट्रेनें रोकेंगे किसान

जगजीत सिंह डल्लेवाल ने 10 मार्च को पूरे देश में ट्रेनें रोकने का भी एलान किया है। डल्लेवाल ने पूरे देश के किसानों से आह्वान किया है कि वे 10 मार्च को दोपहर 12 बजे से देशभर में ' 'रेल रोको' ' विरोध प्रदर्शन करें और ट्रेनों का चक्का जाम करें। उन्होंने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे ट्रेनों का चक्का जाम किया जाएगा।

## आसनसोल से लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ेंगे पवन सिंह

नई दिल्ली/कोलकता, एजेंसी

भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने से रविवार को मना कर दिया। भाजपा ने एक दिन पहले शनिवार को सिंह को इस सीट से उम्मीदवार घोषित किया था। वर्तमान में आसनसोल से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेता एवं अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा सांसद हैं। पवन सिंह के इस फैसले के बाद तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने चुनाव प्रचार अभियान शुरू होने से पहले ही सीट छोड़ दी।



● भाजपा ने प्रत्याशियों की पहली सूची में की थी नाम की घोषणा

### पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन का राजनीति से संन्यास

**नई दिल्ली।** मौजूदा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने भाजपा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव के लिए जारी उम्मीदवारों की पहली सूची में चांदनी चौक निर्वाचन क्षेत्र से उनका नाम शामिल नहीं होने पर रविवार को सक्रिय राजनीति छोड़ने की घोषणा की।

## छत्तीसगढ़ में एक जवान शहीद, मारा गया नक्सली

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र से लगे हिदूर के जंगलों में रविवार को पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें बस्तर फाइटर्स का एक जवान शहीद हो गया है। मुठभेड़ में एक नक्सली भी मारा गया है। कांकेर के थाना छोटेबेठिया क्षेत्र अंतर्गत हिदूर के जंगलों में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली, जिसके बाद सुरक्षाबल के जवान सर्चिंग अभियान पर निकले थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए नक्सलियों ने जवानों पर हमला बोल दिया। आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल, बीएसएफ और डीआरजी द्वारा सर्चिंग अभियान जारी है।

# सड़क हादसे में दंपती समेत तीन लोगों की मौत

संवाददाता, अमरोहा/डिडौली

**अमृत विचार** : नेशनल हाईवे पर ट्रक ने पीछे से बाइक में टक्कर मार दी जिससे दंपती समेत तीन लोगों की मौत हो गई। टक्कर लगने से मां की गोद से उछलकर गिरी तीन महीने की बच्ची के दोनों पैर कुचल गए। ट्रक में फंसी बाइक में उलझकर तीनों शव करीब 500 मीटर तक घिसटते रहे। राहगीरों के शोर मचाने पर चालक ट्रक छोड़कर भाग गया। पुलिस ने बच्ची को उपचार के लिए हायर सेंटर भेजा है। हादसा रविवार दोपहर डिडौली कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर लैंडमार्क कॉलेज के सामने हुआ।

मुरादाबाद जिले के मझोला थाना क्षेत्र के गांव मथाना में ओम प्रकाश सिंह का परिवार रहता है। उनके दो बेटे सोनू (25) और विनय (23) डिडौली में किराए के मकान में रहते थे। सोनू के साथ पत्नी सुनैना (22) और तीन महीने की बच्ची भी थी। सोनू गांव कालाखेड़ा में अपने मामा मुनेश की साइकिल रिपेयरिंग की दुकान में काम करता था। जबकि विनय हाईवे स्थित एक फैक्ट्री में मजदूर था। रविवार को डिडौली क्षेत्र के गांव मुबारकपुर नूरी में सोनू और विनय की ममेरी बहन की शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए सोनू, उसकी पत्नी सुनैना, भाई विनय और बच्ची एक बाइक से दोपहर में मुबारकपुर नूरी जा रहे थे। हाईवे स्थित लैंडमार्क कॉलेज के सामने पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद सोनू, विनय और सुनैना बाइक समेत ट्रक के निचले हिस्से में फंस गए। जबकि ट्रक की चपेट में आने से बच्ची की दोनों टांग कुचल गईं। करीब 500 मीटर तक घिसटने से तीनों के शव क्षत-विक्षत हो गए।

सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। परिजन भी घटनास्थल पर आ गए । सीओ सिटी अरुण कुमार सिंह ने बताया कि घायल बच्ची को उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है, शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परिजनों की तहरीर पर ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।



विनय



सुनैना



सोनू

- ट्रक के नीचे फंसकर 500 मीटर तक घिसटने से क्षत-विक्षत हुए शव
- मां की गोद से उछलकर गिरी तीन महीने की बच्ची के दोनों पैर कुचले

# पंचायतों के ग्रांट में फंसा ऑडिट रिपोर्ट का पेच

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- वर्ष 2024-25 के लिए 2022-23 के ऑडिट की पोर्टल पर दर्ज नहीं हुई रिपोर्ट
- 50,289 ग्राम, 813 क्षेत्र और 74 जिला पंचायत से खर्च के नहीं मिले अभिलेख

**अमृत विचार** : वर्ष 2024-25 में प्रदेश की जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों को विकास के लिए मिलने वाली ग्रांट में ऑडिट रिपोर्ट का पेंच फंसा है।

क्योंकि, इस वर्ष लेखा परीक्षकों ने 2022-23 का ऑनलाइन ऑडिट तो किया, लेकिन पंचायतों से खर्च धनराशि के अभिलेख न मिलने के कारण पोर्टल पर अंतिम रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। जब तक तीनों पंचायत की 100 फीसद ऑडिट रिपोर्ट दर्ज नहीं होती तब तक ऑडिट प्रक्रिया पूर्ण मानी जाएगी। न ही केंद्र व राज्य सरकार से आगे की वित्तीय मदद यानी ग्रांट मिल पाएगा। प्रदेश में 50,289 ग्राम पंचायत, 813 क्षेत्र पंचायत व 74 जिला पंचायत की ऑनलाइन ऑडिट रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है। 26 फरवरी तक संत रविदास नगर की 546 व सिद्धार्थनगर की 1136 ग्राम पंचायत में ऑडिट की प्रगति शून्य रही।

इधर, वित्तीय वर्ष समाप्ति को देखते हुए पंचायतों की संख्या अधिक है। इससे विभाग को अगले वर्ष के लिए ग्रांट की चिंता सताने लगी है। निदेशक पंचायती राज ने जिलों पर सख्ती बरतते हुए इस प्रक्रिया के लिए संयुक्त निदेशक को नामित किया है।

### 26 फरवरी तक इन जिलों में सबसे कम ऑडिट रिपोर्ट दर्ज

मिर्जापुर एक, उन्नाव दो, अमेठी दो, आजमगढ़ छह, अयोध्या पांच, बलिया 10, प्रयागराज 18, सुलतानपुर 12, फिरोजाबाद सात, बस्ती 16, शाहजहांपुर 15, आगरा 10, अमरोहा नौ, सोनभद्र में 10 ऑडिट रिपोर्ट दर्ज की गईं।

" लेखा परीक्षा विभाग से समन्वय बनाकर रोजाना समीक्षा की जा रही। हम प्राथमिकता से यह कार्य करा रहे हैं। लेखा परीक्षकों को डीपीआरओ स्तर से रिपोर्ट भी दी जा रही है। करीब और 10 हजार पंचायतों की रिपोर्ट फीड हो चुकी है। 100 फीसद प्रक्रिया जल्द ही पूरा कर लेंगे।

-**राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज उप्र.

### अभिलेख नहीं तो गबन मानकर हाई रिस्क में जाएंगी पंचायतें

सहकारी समितियां पंचायत (लेखा परीक्षा) द्वारा पंचायतों का ऑडिट होता है। हर वर्ष पंचायतों के ऑडिट में अभिलेख नहीं मिलते हैं और अंत में ग्रांट को लेकर यह हालात बनते है। यदि निर्धारित समय पर खर्च धनराशि के अभिलेख नहीं मिलते तो लेखा परीक्षकों द्वारा गबन दर्शा दिया जाता है। इसी तरह वर्ष 2022-23 के ऑडिट में करोड़ों रुपये के खर्च का हिसाब नहीं है। जिसकी पुष्टि के लिए अभिलेख नहीं मिल रहे हैं। जो जल्द न मिले तो लेखा परीक्षक संबंधित पंचायतों को हाई रिस्क में डालकर गबन दर्शाएंगे।

# वंचित वर्गों की उपेक्षा कर रहा केंद्र : राहुल

पटना, एजेंसी

विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' ने रविवार को बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में आयोजित जनविश्वास महारैली के जरिए लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंका। रैली में कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद तथा सपा प्रमुख अखिलेश यादव समेत कई दलों के नेताओं ने शिरकत की।

राहुल गांधी ने रैली को संबोधित करते हुए केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह 'केवल दो-तीन बहुत अमीर लोगों के लिए काम कर रही है और दलितों और पिछड़े वर्गों की उपेक्षा कर रही है, जिनकी आबादी देश की कुल जनसंख्या का 73 प्रतिशत है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश और बिहार में कुल मिलाकर 120 (80 उत्तर प्रदेश में और 40 बिहार में) सीटें हैं। अगर हम इन दोनों राज्यों में भाजपा की हार सुनिश्चित करते हैं, तो केंद्र में भाजपा सरकार नहीं बना पाएगी। अखिलेश ने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश 80 हराओ का नारा दे रहा है तो बिहार भी पीछे नहीं हैं तथा यहां भी 40 हराओ का नारा है। उन्होंने कहा कि अगर उत्तर प्रदेश और बिहार ने ठान लिया तो इनका सूपड़ा साफ हो जायेगा। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की हाल में पाला बदलने के लिए आलोचना की।



जन विश्वास रैली में मंचासीन राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव।

● पटना में आयोजित जनविश्वास रैली में 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं ने फूंका चुनावी बिगुल

### मोदी सच्चे हिंदू नहीं : लालू

लालू प्रसाद ने राजनीति में परिवारवाद की आलोचना करने के लिए प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किया। कहा कि नरेंद्र मोदी के पास परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को माता-पिता के निधन पर सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। अपनी मां की मृत्यु पर मोदी ने ऐसा नहीं किया।

## ' अमृत विचार' आपके साथ

आप हमें भेजना चाहते हैं कोई जानकारी या प्रकाशित कराना चाहते हैं कोई समस्या तो व्हाट्सएप करें 7906636232 या amritvichar.rampur@gmail.com पर हमें ई-मेल करें। हम आपकी बात को आपके नाम के साथ प्रकाशित करेंगे। कार्यक्रमों की सूचना भी भेज सकते हैं। अमृत विचार कार्यालय, जिला पंचायत भवन प्रथम तल रामपुर उ.प्र.

## शहर में आज

- जनशक्ति दल के पदाधिकारी पांच सूत्रीय ज्ञापन जिलाधिकारी को देंगे दोपहर 12:30 बजे।
- भमरौआ मंदिर में भगवान भोले पर जलाभिषेक प्रात: 5:30 बजे।

### वर्ष 2024 के चुनाव में 17,25,944 मतदाता चुनेंगे अपना सांसद, राजेंद्र कुमार शर्मा ने वर्ष 1991 में खोला था भाजपा का खाता

# रामपुर लोकसभा सीट पर 1952 में पहली बार सांसद चुने गए थे अबुल कलाम

सुहेल जैदी, रामपुर


मौलाना अबुल कलाम आजाद।


नवाब जुल्फिकार अली खां।


राजेंद्र कुमार शर्मा।


बेगम नूरबानो।


डा. नेपाल सिंह।


जयाप्रदा। ● अमृत विचार


घनश्याम सिंह लोधी।

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में इस बार 17,25,944 मतदाता अपनी पसंद का सांसद चुनेंगे। जिले में पुरुष मतदाता 9,13,033 और महिला मतदाताओं की संख्या 8,12,756 है। 890 थर्ड जेंडर हैं। पांच विधानसभा वाले जिले में सर्वाधिक 3,89,858 मतदाता शहर सीट में हैं। भाजपा प्रत्याशी के नाम की घोषणा होने के बाद चुनावी माहौल बन गया है। रामपुर से 1952 में पहला चुनाव मौलाना अबुल कलाम आजाद ने लड़ा और वह सांसद चुने गए और देश के पहले शिक्षा मंत्री बने।

रामपुर का चुनाव हमेशा चर्चाओं में रहता है। यहां से 1952 में पहली बार मौलाना अबुल कलाम आजाद लोकसभा चुनाव लड़े। वह चुनाव के दौरान महज दो बार रामपुर आए। वयोवृद्ध नेता महेंद्र सक्सेना बताते हैं कि नवाब रजा अली खां ने रामपुर की जनता से कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद को वोट देना है और ऐसा ही हुआ। मौलाना अबुल कलाम आजाद ने नामांकन कराने के बाद एक जनसभा गांधी पार्क में की और दूसरी बार अपनी जीत का प्रमाण पत्र लेने रामपुर आए। रामपुर लोकसभा सीट 1957 से 1971 तक कांग्रेस के कब्जे में रही। 1977 में यह भारतीय लोकदल के प्रत्याशी राजेंद्र कुमार शर्मा ने जीती। लेकिन, 1980 के चुनाव में नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां ने यह सीट फिर जीत ली। इसके बाद 1991 में भाजपा के राजेंद्र कुमार शर्मा ने यह सीट फिर जीती। मिक्की मियां की मौत के बाद बेगम नूरबानो चुनाव मैदान में उतरीं और यह सीट जीतकर कांग्रेस की झोली में डाल दी। 1998 में यह सीट मुख्तार अब्बास नकवी जीत गए। लेकिन, 1999 में हुए लोकसभा चुनाव में बेगम नूरबानो चुनाव जीत गईं। रामपुर लोकसभा सीट से नवाब जुल्फिकार अली खां पांच और बेगम नूरबानो दो बार सांसद चुनीं गईं। 2004 में फिल्म अभिनेत्री जयाप्रदा ने सपा की साइकिल पर सवार होकर चुनाव लड़ा और बेगम नूरबानो को शिकस्त देकर संसद पहुंच गईं। 2014 में भाजपा के टिकट पर डा. नेपाल सिंह रामपुर से सांसद चुने गए। 2019 में पूर्व मंत्री आजम खां ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा देकर लोकसभा चुनाव में ताल ठोक दी और चुनाव जीत गए। लेकिन, आजम खां को लोकसभा सीट से इस्तीफा देना पड़ा। इसके चलते 2022 में उपचुनाव हुआ। इसमें घनश्याम सिंह लोधी ने लोकसभा सीट जीतकर भाजपा की झोली में डाल दी। 2024 के चुनाव में एक बार फिर भाजपा हाईकमान ने घनश्याम सिंह लोधी पर भरोसा जताते हुए उन्हें रामपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है।

### मुस्लिम बाहुल्य है रामपुर लोकसभा सीट

हिन्दू-मुस्लिम को एक डोर में बांधे हुए गंगा-जमुनी तहजीब से लबरेज रामपुर लोकसभा सीट मुस्लिम बाहुल्य है। इसके तहत स्वार, चमरौआ, बिलासपुर, मिलक और रामपुर विधानसभा सीटें हैं। रामपुर लोकसभा सीट पर लगभग 55 प्रतिशत आबादी मुस्लिम हैं। बाकी हिन्दू आबादी अगड़ों और पिछड़ों में बंटी है। लेकिन, रामपुर की गंगा-जमुनी तहजीब हिन्दू-मुस्लिम समेत सभी को एक डोर में बांधे हुए है।

### 2022 के उपचुनाव में सपा-भाजपा के बीच हुआ था मुकाबला

2022 में हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने सपा के प्रत्याशी रहे मोहम्मद आसिम राजा को 42,192 वोटों से करारी शिकस्त दी थी। हालांकि, सपा में रहते हुए घनश्याम सिंह लोधी और आसिम राजा की गहरी दोस्ती रही है। 2024 के लोकसभा चुनाव में बाकी दलों के प्रत्याशियों के नाम की घोषणा होना बाकी है। इसके अलावा मतदाता किसे पसंद करता है और किसे सांसद का ताज पहनाकर संसद तक पहुंचाता है यह तो समय के गर्भ में छिपा है।

## पुलिस फोर्स न मिलने पर कब्जा नहीं हटवा सके नायब तहसीलदार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** एडीएम के निर्देश पर राजस्व टीम के साथ टाह खुर्द गांव पहुंचे नायब तहसीलदार राजेश कुमार यादव ने कब्रिस्तान की भूमि का सीमांकन कराया।

उल्लेखनीय है कि इसी गांव के रहने वाले भाकियू के तहसील अध्यक्ष इरफान हसन ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में एडीएम राजस्व एवं वित्त हेम सिंह से शिकायत की थी। उनका कहना था कि गांव में स्थित गाटा संख्या-224 कब्रिस्तान की भूमि है। इसे दबंगों अपने खेत में मिला लिया है। इस पर एडीएम ने नायब तहसीलदार को मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिए थे। भाकियू नेता ने बताया कि राजस्व टीम ने सीमांकन कर दिया है, परंतु फोर्स न होने के कारण कब्रिस्तान की भूमि अभी कब्जा मुक्त नहीं हुई है। स्थानीय प्रशासन ने शीघ्र ही फोर्स के साथ आकर कब्जा हटवाने का आश्वासन दिया है।

## एक नजर

### पांच स्वास्थ्य केंद्रों पर 2275 रोगियों को मिला उपचार

**रामपुर, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री के निर्देश पर रविवार को आयोजित होने वाले जन आरोग्य मेले में पांच स्वास्थ्य स्वास्थ्य केंद्रों पर 2275 रोगियों को मुफ्त में उपचार मिला। मेले में तैनात पीएचसी प्रभारियों, फार्मासिस्ट ने मरीजों को निशुल्क दवा वितरित की। रविवार को नोडल एसीएमओ डा. संतोष कुमार ने दोमहला रोड स्थित मेला का फीता काटकर उद्घाटन किया। अर्बन में 951, शाहबाद में 631, टांडा में 106, स्वार में 587 रोगियों का उपचार किया गया। इस मौके पर डा. संतोष कुमार ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार गरीब लोगों को मुफ्त में इलाज करा रही है। इनके लिए जगह-जगह शिविर लगवाकर आयुष्मान कार्ड भी बनवाए जा रहे हैं। इसमें पांच लाख रुपये तक का उपचार निशुल्क कराया जा रहा है। जनपद में हर रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन कराया जाता है। ताकि रोगियों को उपचार लेने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि रोगियों में उपचार में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# बोर्ड बैठक में पास होने के बाद भी सड़कें अधूरी

### सड़कों को सही कराने के लिए एक अरब रुपये हुए थे स्वीकृत, मरम्मत कराने की हो रही सिर्फ खानापूर्ति

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


पनवड़िया की सड़क पर भरा पानी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद की बोर्ड की बैठक को एक माह से अधिक का समय गुजर गया है। लेकिन अभी तक इन सड़कों की हालत नहीं सुधरी है। इन सड़कों की मरम्मत के लिए एक करोड़ से अधिक का बजट दिया है। अभी लोग टूटे खड़ंजे और पुलिया से होकर गुजर रहे हैं।

नगर पालिका परिषद की बोर्ड की बैठक जनवरी में हुई थी। बैठक में एक अरब रुपये का बजट शहर की सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए पास किया गया था। खासकर नगर पालिका क्षेत्र में जर्जर हो चुकी सड़कों और 43 वार्डों में 300 से अधिक जगह से उखड़ी इंटरलाकिंग की मरम्मत कराने के प्रस्ताव पास हुए थे। खासतौर पर शाहबाद गेट क्षेत्र के मोहल्लों में इंटरलाकिंग पर काम होना था। इसके अलावा बाजार नसरूल्लाह खां, शौकत अली रोड, घेर मियां, घेर नज्जू खां समेत कई क्षेत्र शामिल हैं। यह सड़क पांच साल से बदहाल हैं। इस बार प्रस्ताव में वार्डों के सदस्यों ने अपने प्रस्ताव नगर पालिका को दिए थे। लेकिन इन सड़कों की मरम्मत शुरू नहीं हो सकी है। पनवड़िया से चीनी मिल की ओर जा रही सड़क की स्थिति बदतर है। सड़कों पर जलभराव के चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राधा रोड भी जगह-जगह से उधड़ गई है।

> विकास कार्य कराने को रणनीति तैयार की जा रही है। बोर्ड से बजट आने का बाद कार्य कराया जा रहा है। अधीनस्थों को जल्द ही सड़क की स्थिति को सुधारने के निर्देश दिए हैं। **-दुर्गेश्वर त्रिपाठी**, ईओ नगर पालिका परिषद

### एमआरएफ सेंटर बना सफेद हाथी

सूखे कचरे का निस्तारण करने के लिए लगी मशीनों को चलाने के लिए बिजली कनेक्शन नहीं मिल रहा है। नगर पालिका की ओर से विद्युत निगम को पत्र भेजने के साथ ही साढ़े चार लाख रुपये भी जमा करा दिए गए हैं। लेकिन निगम के पास सेंटर को कनेक्शन देने के लिए खंभे नहीं हैं। इसीलिए कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पा रही है। हजरतपुर में मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सेंटर बनाया गया है। इसे बनाने में करीब 85 लाख रुपये की लागत आई है। इसमें मशीनों के जरिए रोजाना पांच टन सूखे कचरे को पृथक किया जाना है। इसके बाद बने उत्पादों की निजी फर्म द्वारा बिक्री कराई जाएगी। ताकि नगर पालिका के राजस्व में बढ़ोत्तरी हो सके।

### अधर में लटका है शहजादनगर का कूड़ा निस्तारण प्लांट

शहजादनगर में कूड़ा निस्तारण प्लांट का निर्माण बेहद धीमी गति से चल रहा है। यह प्लांट मार्च 2023 में बनना शुरू हुआ था। निर्माण कार्य अगस्त 2023 तक पूरा होना था। लेकिन सीएनडीएस के अधिकारियों की सुस्ती के चलते अब तक सिर्फ 20 प्रतिशत काम ही हो सका है। शहजादनगर में 25 एकड़ जमीन पर बनने वाले प्लांट का निर्माण पीपीपी मार्डल के आधार पर मैसूर की कंपनी को करना था। लेकिन इस प्रोजेक्ट का काम शुरू नहीं हो सका। करीब 17 करोड़ रुपये की डीपीआर बनाकर शासन को भेजी गई। शासन ने 15.60 करोड़ रुपये की डीपीआर को मंजूरी दी थी।


बैठक में बोलते भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू। ● अमृत विचार

## सरकार विद्यालयों को हाइटेक बनाने के लिए प्रतिबद्ध : हंसराज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भाजपा के जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है। सरकार विद्यालयों को हाइटेक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। बच्चों के लिए विद्यालय मजबूती की मिसाल बनें।

रविवार की सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में प्रोजेक्ट अलंकार के अंतर्गत विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लास रूम की स्थापना सहित 24 करोड़ रुपये से अधिक लागत की विभिन्न बुनियादी सुविधाओं का शिलान्यास किया। इन सुविधाओं के माध्यम से 160 से अधिक राजकीय, अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। इस दौरान विकास भवन के सभागार में कार्यक्रम हुआ। जिले में होने वाले कार्यों का शिलान्यास भी हंसराज पप्पू ने किया।

कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, जिला महामंत्री हरीश गंगवार, गोपाल गुप्ता, विशाल यादव आदि पदाधिकारी भी मौजूद रहे।


कोतवाल को गुलदस्ता देते व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप सोनी।

## कोतवाल को लूट और जाम की समस्या की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी के नेतृत्व में नवागंतुक शहर कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक विजय पाल सिंह के साथ व्यापरियों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत मंथन किया। व्यापारी नेताओं ने शहर में जाम की समस्या और आए दिन होने वाली लूट की घटनाओं के बारे में बताया।

शहर कोतवाली में रविवार को व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने शहर में लूट और जाम की समस्या को प्रमुखता से उठाया। प्रभारी निरीक्षक ने भरोसा दिलाया कि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। इस अवसर पर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नवागंतुक प्रभारी निरीक्षक को बुके देकर सम्मानित किया। इस दौरान अरविंद गुप्ता, सुदेश यादव, एमएस टोरा, नीतीश अग्रवाल, अब्दुल कदीर, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## रमजान में स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था कराई जाए

**रामपुर, अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शुऐब खान ने नगर पालिका अध्यक्ष को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है पानी की टंकियों पर कार्यरत कर्मचारियों की मनमानी से जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

कर्मचारी अपनी मर्जी से पंपों पर आते है और मर्जी से ही चले जाते हैं। इस तरह की शिकायतें आए दिन मिलती रहती हैं। इससे क्षेत्रवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई मोहल्लों की पाइपलाइन लीक कर रही हैं। उनमें नालियों का गंदा पानी मिल रहा है। इससे गंभीर बीमारियों के फैलने का खतरा बना है। मांग की है कि रमजान माह को ध्यान में रखते हुए टंकियों की सफाई और पानी की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाए।

## ममता व कंचन बनी राष्ट्रीय जागरुक हिंदू महासंघ की प्रदेश उपाध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


वीरांगना मांगलिक।



ममता सोनी व कंचन सक्सेना।

- अंशुल कुमार को जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया
- संघ के सदस्यों ने दी पदाधिकारियों को बधाई

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय जागरूक हिंदू महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज शर्मा एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. प्रियंका शुक्ला की संस्तुति एवं राष्ट्रीय सचिव सविता सक्सेना की सहमति से जिला महामंत्री ममता सोनी और कंचन सक्सेना को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वीरांगना मांगलिक को जिला महामंत्री मनोनीत किया गया है।

सविता सक्सेना ने बताया कि यह पद परिवर्तन दोनों सदस्यों की योग्यता को देखते हुए किए गए हैं। इसके अलावा अंशुल कुमार को जिलाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया है। संघ के सदस्यों ने पदाधिकारियों को बधाई दीं। नवनियुक्त पदाधिकारियों का कहना है कि संघ ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे वह ईमानदारी से निभाएंगी। पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह जल्दी होने की संभावना है।

## भाजपाइयों ने सांसद का किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


कार्यालय पर लोगों से बात करते सांसद घनश्याम सिंह लोधी। ● अमृत विचार

- टिकट मिलने के बाद नगर पहुंचे थे सांसद घनश्याम लोदी

**अमृत विचार :** लोकसभा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी ने कहा एक बार फिर मैं आपके बीच प्रत्याशी बनकर आया हूं। मुझे आपके साथ का पूरा विश्वास है। आपने मुझे 2022 उप चुनाव में विजयी बनाया। मोदी के हाथों को मजबूत किया है, फिर से विजयी बनाएं।

सांसद घनश्याम सिंह लोधी को लोकसभा प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रथम बार आगमन पर कार्यकर्ताओं ने जीरो प्वाइंट पर स्वागत किया। इसके बाद गाड़ियों का काफिला आवास-विकास स्थित लोकसभा कार्यालय पहुंचा। जिलाध्यक्ष हंसराज पप्पू और पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ मंदिर में पूजा-अर्चना की। इसके बाद सांवरिया वैंक्वेट हॉल पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस बार भी मुझे पूरा विश्वास है कि जनता और भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता पूरी लगन और मेहनत के साथ 2024 में मोदी सरकार बनाने में अपना योगदान देगा। सीट जीतकर मोदी की जीत को चार-चांद लगाने का काम करेगा।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि घनश्याम सिंह लोधी ने अपने कार्यकाल में अनेक विकास कार्य कराए हैं। जनता को उन पर पूरा भरोसा है। कार्यकर्ता 2024 मिशन को फतेह करने के लिए पूरी लगन व मेहनत के साथ लग जाएं। स्वागत करने वालों में जिला महामंत्री अशोक विश्नोई, हरीश गंगवार, जिला उपाध्यक्ष प्रेम शंकर पांडे, अनुज सक्सेना, मोहन लोधी, पंकज लोधी, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, पारुल अग्रवाल, शकुंतला लोधी, गोपाल गुप्ता, राजू शर्मा, ऋषि पांडेय, दिनेश शर्मा, हिमांशु लोधी, विक्रम सिंह, श्रेयांश भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## राजनयिक को कोठी की भव्यता ने किया मंत्रमुग्ध

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


शाहबाद स्थित कोठी की भव्यता देखतीं फ्रांस की राजनयिक। ● अमृत विचार

- शाहबाद के भीतरगांव, मंगोली और शाहबाद खास तक फैला है रकबा
- फ्रांस की राजनयिक ने काफी समय कोठी में गुजारा

**अमृत विचार :** श्रीलंका स्थित फ्रांस के दूतावास की सांस्कृतिक एवं सहयोग सलाहकार ओलिविया बेलेमेरे शाहबाद स्थित कोठी की भव्यता देखकर दंग रह गईं। रामपुर दौरे के दूसरे दिन रविवार को भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी माथौ की सोशल सेक्रेट्री नारायणी हरिगोविंदन के साथ शाहबाद पहुंचीं राजनयिक ने काफी समय कोठी में गुजारा। दोनों ने कोठी की निर्माण शैली और भव्यता की प्रशंसा की। राजनयिक ने कहा कि कोठी की हालत सुधर जाए तो शाहबाद पर्यटन के नक्शे पर उभर सकता है।

पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां के पीआरओ काशिफ खां ने राजनयिक को बताया कि रामपुर में नवाबों का 174 साल शासन रहा। यह कोठी इस शासन की नजीर के तौर पर मौजूद है। कोठी से जुड़ी जमीन का रकबा 230 एकड़ है, जो शाहबाद के भीतरगांव, मंगोली और शाहबाद खास तक फैला है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर हुए सर्वे में नवाब की कोठी और इससे जुड़ी जमीन की कीमत 7.21 अरब आंकी गई है।

इस मौके पर काशिफ खां के अलावा माजिद खां उर्फ राजा खां, नाजिम खां, इमरान खां और जैद खां मौजूद रहे।

## जिला अस्पताल परिसर में पार्क हो रहे ई-रिक्शा

**रामपुर, अमृत विचार :** ई-रिक्शा व अन्य वाहन चालकों ने जिला अस्पताल को अवैध रूप से पार्किंग स्थल बना दिया है। ई-रिक्शा चालक सवारियां लेकर अस्पताल के अंदर घुस जाते हैं। फिर सवारियों के इंतजार में गेट के आगे रिक्शा खड़ा कर देते हैं। मरीज, तीमारदार और अन्य स्टाफ को यहां से गुजरने में परेशानी उठानी पड़ती हैं। कई बार ई-रिक्शा की वजह से एंबुलेंस भी रास्ते में फंस जाती है।

जिला अस्पताल के अंदर आने जाने वालों की सुविधा के लिए परिसर में अलग से पार्किंग स्थल बनाया गया है। यहां दो व चार पहिया वाहन खड़े होने की जगह है। लेकिन फिर भी लोग अपने वाहन अस्पताल के अंदर ले जाते हैं। यही हालत ई-रिक्शा वालों की भी है। ई-रिक्शा चालक सवारियां लेकर अस्पताल के अंदर तक जाते हैं और सवारियां छोड़ने के बाद यहीं खड़े हो जाते हैं।

**परेशानी** अजीतपुर की 33केवीए लाइन में आई खराबी, दस बजे सुचारू हो सकी आपूर्ति

# पांच घंटे गुल रही ज्वालानगर, पहाड़ी गेट की बिजली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


तार ठीक करते विद्युत निगम के कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अजीतपुर बिजलीघर के फीडर रायपुर की एचटी लाइन का तार रविवार को सुबह आठ बजे टूट गया। इससे विष्णु विहार, बजरंग बिहार समेत कई क्षेत्रों की आपूर्ति बाधित हो गई। सुबह 10 बजे के बाद आपूर्ति सुचारू हुई। इसके बाद पहाड़ी गेट क्षेत्र में पुराने खंभे, पुरानी तारों को बदलने की वजह से पांच घंटे बिजली गुल रही। शाम पांच बजे के बाद आपूर्ति सुचारू हुई। इस दौरान उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ा।

विद्युत निगम की ओर से शहरवासियों को निर्बाध रूप से आपूर्ति मुहैया कराने के लिए बिजली के तारों व खंभों को बदलने का कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य 31 मार्च तक कराया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से 94 करोड़ रुपये की लागत से कार्यदायी संस्था द्वारा यह काम कराया जा रहा है। रविवार को कार्य के चलते पहाड़ी गेट बिजलीघर से सभी फीडरों को बंद करा दिया गया। इसके बाद कर्मचारियों को लगाया गया। काफी देर तक बिजली नहीं आने पर उपभोक्ताओं ने विद्युत निगम के एसडीओ, जेई को फोन घुमाए। तब उन्होंने बताया कि पुरानी केबल और खंभों को बदलने का कार्य कराया जा रहा है। इसीलिए सुरक्षा के लिहाज से शट डाउन लिया गया है।

उधर बिजली नहीं आने से लोगों के घरों में लगी पानी टंकियां खाली हो गईं। इन्वर्टर भी ठप हो गए। महिलाओं को घरेलू कार्य करने में काफी दिक्कतें आईं। एसडीओ विनय कुमार ने बताया कि पुराने केबिल, खंभों को बदलने की वजह से शटडाउन लिया गया था। पांच बजे आपूर्ति सुचारू करा दी गई।

### सांसद, विधायक जता चुके हैं नाराजगी

शहर में पुरानी केबिल, खंभों को बदलने की धीमी गति पर सांसद घनश्याम सिंह लोधी व शहर विधायक आकाश सक्सेना कड़ी नाराजगी जता चुके हैं। उन्होंने अधीक्षण अभियंता वीके आर्या को निर्देश दिए थे कि काम को जल्द से जल्द निपटाया जाए। कई बार शहरवासी लिखित और मौखिक रूप से भी बता चुके हैं।

## एक नजर

### चाकू और गैर-जमानती वारंट में तीन लोग गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने चाकू और गैर-जमानती वारंट के मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि हाईवे से बाजवा फार्म को जाने वाले रास्ते से दिबदिबा की पदमा कॉलोनी निवासी अन्नू को पकड़ा है। उसके पास से चाकू मिला। वहीं, न्यायालय के एनबीडब्ल्यू वारंट के आधार पर दो लोगों को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। इनमें बड़ा बौसेना गांव निवासी सुखविंदर सिंह तथा मोहल्ला डाम कॉलोनी निवासी रमन कनेजा शामिल हैं। तीनों आरोपियों का चालान कर दिया गया।

### कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**रामपुर, अमृत विचार :** पटवाई रोड पर कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर आ गए। उसके बाद घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया। सिविल लाइन के पनवड़िया निवासी रतनलाल किसी काम से शाहबाद जा रहा। चिकना गांव के पास कार ने उसकी बाइक को टक्कर दी। इसमें रतनलाल घायल हो गया। हादसे के बाद आसपास के लोगों को आता देखकर चालक कार समेत फरार हो गया। लोगों ने घायल को पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया।

# एआरटीओ ने 17 वाहनों का काटा चालान

## चेकिंग अभियान में तीन वाहनों को किया सीज, चालकों में मचा हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/मसवासी

**अमृत विचार :** उप-संभागीय परिवहन अधिकारी ने रात क्षेत्र के मुख्य मार्गों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसके अंतर्गत 96 वाहनों की चेकिंग की गई। इसमें 17 वाहनों का मोटर व्हीकल एक्ट में चालान किया गया। तीन वाहनों के विरुद्ध सीज करने की कार्रवाई की गई। उप- संभागीय परिवहन अधिकारी की कार्रवाई से खनन के धंधेबाजों में हड़कंप मचा रहा।

जिले में अवैध खनन का धंधा तेजी के साथ बढ़ा रहा है। इसकी शिकायत लगातार जिलाधिकारी को मिल रही थीं। इसी के चलते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने के सख्त आदेश दिए। शनिवार की देर रात एआरटीओ राजेश श्रीवास्तव ने मसवासी और आसपास के मुख्य मार्गों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया।


खनन चेक पोस्ट पर वाहन के अभिलेख चेक करते उप संभागीय परिवहन अधिकारी।

**▸▸ देर रात 96 वाहनों के कागजों की गई जांच**

खौद शरीफ चौराहा और मानपुर खनन चेकपोस्ट पर 96 वाहनों को चेक किया गया। इस दौरान 17 वाहनों का मोटर व्हीकल एक्ट में चालान किया गया, जबकि तीन डंपर ओवरलोड पाए गए। मोटर व्हीकल एक्ट का पालन न करने वाले इन वाहनों के विरुद्ध 2.68 लाख रुपए जुर्माना लगाया गया। रेत के ओवरलोड डंपर के खिलाफ चालान कर भारी जुर्माना वसूला गई। मानपुर और खौद चौराहे पर वाहनों के अभिलेख पूरे न होने पर एआरटीओ ने पांच डंपरों को सीज करके पुलिस के हवाले कर दिया। एआरटीओ की कार्रवाई से अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया। तमाम ट्रक और डंपर इधर-उधर ही रोक दिए गए।

**कई बार हो चुके हैं हादसे**

ओवरलोड वाहनों से कई बार हादसे हो चुके हैं। ओवरलोड डंपर बाइक सवार लोगों को रौंद चुके हैं। इसके बाद भी इन वाहनों पर अंकुश नहीं लगा पा रहा हैं। इसे लेकर कई बार कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन भी किया जा चुका है।

**सख्ती के बाद भी नहीं रुक रहा ओवरलोड वाहनों का संचालन**

रहमतगंज से अलीगंज मार्ग पर रात के समय ओवरलोड डंपर तेजी के साथ गुजरते हैं। चेक पोस्ट से बचने के लिए धंधेबाजों ने अपने वाहनों को निकालने के लिए यह रूट तय किया है। प्रशासन की लाख कोशिशों के बाद भी रेत के ओवरलोड वाहनों का संचालन नहीं रुक पा रहा है। एसडीएम व राजस्व विभाग के अधिकारी अवैध खनन और रेत के ओवरलोड वाहनों को रोकने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन खनन माफिया के आगे राजस्व प्रशासन विफल साबित हो रहा है। रात में चेक पोस्ट पर कोई भी जिम्मेदार राजस्व अधिकारी तैनात नहीं रहता। चेक पोस्टों के आसपास खनन धंधेबाज निगरानी में लगे रहते हैं।

### युवती को भगा कर ले जाने में रिपोर्ट दर्ज

**टांडा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

युवती के पिता ने पुलिस को बताया कि वह 29 फरवरी की रात खेत पर गया था। पत्नी बच्चों के साथ कमरे में सो रही थी। बड़ी बेटी दूसरे कमरे में सो रही थी। तभी फराईन व दिलशाद तथा गुलफशा पत्नी मोहसिन निवासी मोहल्ला आगा थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद घर आये और बड़ी पुत्री को डरा धमकाकर एवं बहला फुसलाकर वाहन में बैठाकर अपने साथ ले गये। उसने खेत से आते समय अपनी पुत्री को इन लोगों के साथ जाते देखा। तभी से वह बेटी को तलाश रहे हैं, मगर उसका पता नहीं चल सका। उन्होंने अपनी बेटी के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई है। पीड़ित ने पुलिस से बेटी को बरामदग कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।


स्वार पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। ● अमृत विचार

# अत्रीधाम मंदिर से सरिया चुराने के तीन आरोपी पकड़े

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** अत्रीधाम मंदिर से लोहा चोरी कर बाइक पर लादकर ले जा रहे तीन आरोपियों को ग्रामीणों के सहयोग से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बाइक को सीज कर संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव आर्सल-पार्सल में अत्रीधाम का निर्माण कार्य चल रहा है। रविवार सुबह बाइक सवार तीन युवक अत्रीधाम मंदिर पहुंचे और बाइक पर लोहा लादकर ले जाने लगे। यह देख मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने युवकों को पकड़कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस तीनों आरोपियों को चोरी किए गए सरिया व बाइक के साथ कोतवाली ले गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम उत्तराखंड के थाना केलाखेड़ा वार्ड संख्या नौ शास्त्रीनगर निवासी दानिश, थाना केलाखेड़ा के गांव विधि मझरा निवासी शुभम, थाना केलाखेड़ा के मौहल्ला बाजार वाला निवासी पंकज बताए। पुलिस ने बाइक को सीज कर रिपोर्ट दर्ज कर तीनों को जेल भेजा दिया। कोतवाल संदीप त्यागी ने बताया कि मंदिर से लगातार सरिया चोरी होने की सूचना मिलने पर ग्रामीणों के सहयोग से तीन आरोपियों को गिरफ्तार जेल भेजा है।

# हादसे में बुजुर्ग की मौत, नाले में मिला शव

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में बुजुर्ग के जख्मी होने के बाद बाइक सवार ने पहले उन्हें सीएचसी में भर्ती



कराया। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद बुजुर्ग की हालत नाजुक देख खुद को बेटा बताकर साथ ले गया। ई-रिक्शा वाले से घर छोड़ने की बात तय कर ली। लेकिन, रास्ते में बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। इसके बाद आरोपी ने ई-रिक्शा चालक के साथ मिलकर शव ठिकाने लगाने के लिए नाले में फेंक दिया।

पटवाई थाना क्षेत्र के हरियाल गांव निवासी 62 वर्षीय हेमराज 25 फरवरी को शाहबाद आए थे। देर शाम तक वह घर नहीं पहुंचे


नाले से बुजुर्ग का शव बरामद होने के बाद मौका मुआयना करते सीओ।

**▸▸ फंसने के डर से बाइक सवार ने नाले में फेंक दिया था शव**

**▸▸ पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शुरू की कार्रवाई**

तो चिंतित परिजनों ने तलाश शुरू की। सूचना पर पुलिस भी मदद में जुट गई। पुलिस ने कई स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगालीं। राणा मिल के सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से पुलिस को हेमराज के बारे में क्लू मिल गया। राणा मिल के सामने हेमराज के साथ हादसा हुआ था। पुलिस ने बाइक नंबर की डिटेल निकलवाई तो वह शाहबाद निवासी युवक की निकली। पुलिस ने उसे पकड़कर पूछताछ की तो घटनाक्रम का खुलासा हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सीओ अतुल पाण्डेय ने बताया कि पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज में कार नहीं मिलने पर महिला को घर से निकाला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** दहेज में कार नहीं मिलने पर ससुरालियों ने महिला को पीटकर घर से भगा दिया। महिला ने बिलासपुर थाने में पति सहित छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिलासपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला पंजाबी कालोनी निवासी उमंग मोगा का कहना है कि उसकी शादी 26 अप्रैल 2021 को उत्तराखंड के गदरपुर निवासी राहुल से हुई थी। शादी में मायके वालों ने 15 लाख रुपये खर्च किए थे। इसके अलावा उमंग मोगा को चार लाख रुपये के जेवर भी दिए थे। पांच लाख रुपये पति राहुल को नकद और तीन लाख के जेवर भी दिए थे। इसके बाद भी ससुराल वाले दहेज से खुश नहीं थे। शादी के बाद से ससुराल वाले उससे

**▸▸ पति सहित छह लोगों पर बिलासपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज**

कार की मांग कर रहे थे। मांग पूरी नहीं होने पर मारपीट करते थे। 2021 में दोनों पक्षों की पंचायत भी हुई। इसके बाद भी मामला सही नहीं हुआ। 18 जून 2022 को महिला के साथ मारपीट की गई। इसके बाद महिला पिता के साथ मायके आ गई।

कार्रवाई के डर से उसका पति महिला को अपने साथ ले गया। आरोप है कि कुछ दिन बाद फिर से क्रेटा कार और पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। इसके बाद महिला मायके आ गई और बिलासपुर थाने में तहरीर दी। इसके बाद आधार पर पुलिस ने पति राहुल, सास पुष्पा रानी, ननद निधि छाबड़ा और प्रीति चिलाना, चचिया ससुर विजय दुआ, चचिया सास ज्योति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बकाएदारों से हर माह वसूलने होंगे 25 करोड़

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विद्युत निगम के अधिकारी व कर्मचारी निगम से मिले लक्ष्य को लेकर परेशान हैं। अब हर माह नवाब गेट डिवीजन से ही 25 करोड़ा का राजस्व जमा कराना है। यह लक्ष्य सामान्य से 60 प्रतिशत से भी अधिक है।

प्रदेश सरकार नए लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। प्रशासनिक अधिकारियों को हर रोज विभिन्न योजनाओं के कार्य सौंपे जा रहे हैं। इसी क्रम में विद्युत निगम को भी नए दायित्व सौंपे गए हैं। इसमें दो बिंदुओं पर अधिक ध्यान दिया गया है। पहला बिजली खपत के हिसाब से राजस्व आय प्राप्ति को बढ़ाना और दूसरा लाइनलॉस कम करना। इसके हिसाब से नवाबगेट डिवीजन को अब हर माह 25 करोड़ का राजस्व जमा कराना होगा। यह लक्ष्य निगम के नियमित कार्य से 60 फीसद से अधिक बढ़ा हुआ है। अभी तक औसतन निगम हर माह 12 से 15 करोड़ रुपये जमा करा पाता है। अब 25 करोड़ के राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अधिक प्रयास करने होंगे। लाइनलॉस घटाकर 10 प्रतिशत पर लाने के लिए भी मशक्कत करनी पड़ेगी।

शहर में उपभोक्ताओं की संख्या 73 हजार है, इनमें 800 कनेक्शन 10 किलोवॉट से अधिक क्षमता व उद्योग से जुड़े उपभोक्ताओं के है। जबकि बाकी घरेलू और व्यवसायिक उपभोक्ता है। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार शहर में बिजली खपत के हिसाब से राजस्व प्राप्त नहीं होता है। यहां औसत एक माह मे 15 करोड़ रुपये जमा कराए जाते हैं। इसे अब बढ़ाया जा रहा है। लाइनलॉस घटाने के लिए भी प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं।

**शहर में तीस हजार यूनिट की हो रही खपत**

नवाब गेट डिवीजन से लिए गए आंकड़ों के अनुसार शहर में तीस हजार यूनिट की खपत हो रही है। आम दिनों में बिजली मांग के अनुसार दस लाख 20 हजार यूनिट से बढ़कर दस लाख 50 हजार यूनिट तक बढ़ गई है। बिजली की खपत अधिक होने पर बकाया का बोझ भी बढ़ जाता है। मौजूदा समय में 50 लाख रुपये तक बिल हो चुका है। लेकिन बिल की वसूली अभी तक नहीं हो सकी है। जितना बिजली का खर्च होगा, उसी हिसाब से बकाया बढ़ता चला जाता है। पिछले दिनों एसई ने एक्सईएन की बैठक में निर्देश दिए थे कि लाइनलॉस कम कराया जाए।

> बिजली की खपत के हिसाब से राजस्व प्राप्त नहीं होता है। इसे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। यहां औसत एक माह में 15 करोड़ रुपये जमा कराए जाते हैं। जिसे अब बढ़ाया जा रहा है। लाइनलॉस घटाने के लिए भी सभी एसडीओ, जेई को निर्देश दिए हैं।
>
> –इमरान खां, अधिशासी अभियंता प्रथम


यूनियन कार्यालय पर आयोजित बैठक में शामिल नवनियुक्त पदाधिकारी।

# नरेश अध्यक्ष, रमेश बने जिला महामंत्री

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** हाइड्रो इलेक्ट्रिक इंप्लाइज यूनियन की बैठक कार्यालय पर हुई। इसमें हरि बहादुर सक्सेना प्रांतीय उपाध्यक्ष और मोहम्मद अली खां जोनल अध्यक्ष ने मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया।

नई कार्यकारिणी में नरेश कुमार मौर्य को जिलाध्यक्ष, रमेश कुमार यादव को जिला महामंत्री, अजय कुमार को कार्यवाहक अध्यक्ष, सुरेश कुमार मौर्य, सईद अख्तर, सरोज यादव, कृष्ण पाल को उपाध्यक्ष, धीर सिंह, अभिषेक नामदेव, शोभित सक्सेना को संगठन मंत्री, ताराचंद योगी को प्रचार मंत्री व रमेश सैनी को कोषाध्यक्ष चुना गया। जिलाध्यक्ष नरेश कुमार मौर्य ने कहा कि यूनियन कर्मचारियों के लिए तत्पर है। कर्मचारियों की समस्याओं को विद्युत निगम के अधिकारियों के सामने उठाया जाएगा। पूर्व जिलाध्यक्ष शिव अवतार पाल को अवर अभियंता पद पर प्रोन्नत होने पर बधाई दी गई।

अध्यक्षता हरि बहादुर सक्सेना व संचालन नरेश कुमार मौर्य ने किया। इस अवसर पर नासिर खां, ताराचंद योगी, तन्मय सक्सेना, दिलीप मौर्य, विशाल कश्यप, डीडी यादव आदि शामिल रहे।

### साइबर क्राइम टीम ने वापस कराए 90 हजार रुपये

**रामपुर, अमृत विचार :** धोखाधड़ी कर कारोबारी के खाते उड़ाए गए 90,000 रुपये साइबर क्राइम टीम ने वापस करा दिए।

झारखंड के जनपद पलामू के थाना नौडीहा बाजार निवासी रविरंजन कुमार ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) चलाता है। धोखे से उसके पैसे किसी दूसरे के खाते में आ गए। उसने तुंरत पुलिस अधीक्षक को सूचना दी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर टीम के नोडल अधिकारी अतुल कुमार श्रीवास्तव और क्षेत्राधिकारी संगम कुमार के नेतृत्व में साइबर क्राइम के थानाध्यक्ष शेरपाल ने टीम के साथ तकनीकी सहायक के माध्यम से पीड़ित की पूरी धनराशि वापस कराई।

धोखाधड़ी की धनराशि वापस कराने में साइबर क्राइम की टीम में साइबर क्राइम थानाध्यक्ष के साथ मुख्य आरक्षी मुकेश कुमार, आरक्षी राहुल सिंह और आरक्षी अक्षय नैन शामिल रहे।

# बारिश से बर्बाद हुई फसल का मुआवजा देने की घोषणा करे सरकार : वारसी

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** बारिश व तेज हवा से गेहूं व लाही की फसल चौपट होने से मायूस भाकियू कार्यकर्ताओं ने पंचायत की। इसमें किसानों का कर्जा माफ कर चुनाव से पूर्व बारिश से चौपट हुई फसल का मुआवजा देने की घोषणा करने की मांग की।

भाकियू भानु कार्यकर्ताओं ने बारिश से गेहूं व लाही की फसल चौपट होने पर रविवार को क्षेत्र के मिलक बिचौला गांव में पंचायत की। पूर्व जिला अध्यक्ष मोहम्मद सलीम वारसी ने कहा कि किसानों ने कर्ज लेकर दिन-रात मेहनत कर फसल तैयार की थी। लेकिन बेमौसम बारिश से फसल गिर जाने से किसान मायूस हैं। किसानों को


मिलक बिचौला गांव में आयोजित किसान पंचायत को संबोधित करते सलीम वारसी।

चिंता सताने लगी है कि वह कर्ज लेकर तैयार फसल खराब होने से रकम का भुगतान कैसे करेगा। किसान पहले से ही कर्ज के बोझ में दबा है।

किसानों की समस्या को देखते हुए सरकार को चाहिए कि किसानों का पूरा कर्जा माफ करे तथा खराब हुई फसलों का मुआवजा दिया जाए। पंचायत में शकील अहमद, शाकिर अली, आरिफ अली, दयाशंकर, प्रेम शंकर, हरपाल सिंह, हरदयाल, शफीक अहमद, गुड्डू, रफीक अहमद, शरीफ अहमद, जानकी प्रसाद, भगवान दास आदि मौजूद रहे।

# दो पक्षों में चले लाठी डंडे, तीन महिलाएं समेत पांच घायल

संवाददाता, केमरी

**अमृत विचार :** मोहल्ला सिंघाड़ियान निवासी ओमकार नगर पंचायत में संविदा सफाईकर्मी है। पीड़ित के मुताबिक दो-तीन दिन पहले पड़ोस में ही रहने वाले राजीव के बच्चों को लेकर हुए विवाद में कहासुनी हो गई थी। राजीव ने थाने में तहरीर दे दी थी। मामले को निपटाने के लिए नगर पंचायत कार्यालय में शनिवार की शाम पांच बजे पंचायत होनी थी। इसी को लेकर पीड़ित अपने परिजनों के साथ नगर पंचायत कार्यालय आया था।

पंचायत शुरू हुई और दोनों पक्षों ने पंचों के सामने अपनी-अपनी बात रखी। इस बीच किसी बात को लेकर मामला बिगड़ गया। इसके बाद राजीव कुमार ने अपने साथियों पथरस, संजय व कुलदीप के साथ

**▸▸ समझौता करने लिए नगर पंचायत कार्यालय आए थे दोनों पक्ष**

मिलकर दूसरे पक्ष पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। आरोपियों ने पीड़ित पक्ष के साथ आई चाची तथा चचेरे भाई की पत्नी को भी पीट दिया। चाचा सुखलाल और चचेरे भाई रिंकू का सिर फोड़ दिया।

हमले में पीड़ित की चाची सोमवती और शीला तथा चचेरे भाई की पत्नी रीना घायल हो गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। दोनों गंभीर व्यक्तियों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर पथरस, तरुण, संजय, बृजेश, अरुण राजपाल और जोंटी समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# प्रशासनिक टीम पर हमला करने में प्रधान के पुत्र व महिला-पुरुषों के खिलाफ रिपोर्ट

**सिलईबड़ा मामला**

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** सिलईबड़ा गांव में मंगलवार को हुए बवाल के बाद गुरुवार को राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार ने ग्राम प्रधान के पुत्र सरन जीत उर्फ जीतू तथा जाटव समाज के पुरुष व महिलाओं के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

राजस्व निरीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि ग्राम सिलईबड़ा गांव में गाटा संख्या 148 रकबा 0.1090 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में श्रेणी 6(4) खाद के गड्ढे की सुरक्षित भूमि है। भूमि को ग्राम प्रधान ने समतल कराया था। गांव के कुछ लोगों ने रात में मौका पाकर इस जमीन में डॉ. भीमराव आंबेडकर का बोर्ड लगा दिया था। ग्राम निवासी निर्वेश कुमार ने आईजीआरएस पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसका निस्तारण 24 फरवरी को किया गया था। जबकि 27 फरवरी को वह तथा तहसीलदार मिलक राजस्व टीम के साथ मौके पर कुछ लोगों को समझाने गए थे। गांव के कुछ लोगों ने खाद के गड्ढों की भूमि पर अवैध रूप से बिना अनुमति के डॉ. भीमराव आंबेडकर का बोर्ड लगाकर कब्जा कर लिया था। बोर्ड को हटाने के लिए एकत्र हुए लोगों उपजिलाधिकारी समझा रहे थे, लेकिन लोग नहीं माने। अचानक कुछ लोगों ने पुलिस-प्रशासन की टीम पर हमला कर दिया। फायरिंग भी की। इससे भगदड़ मच गई थी। वर्तमान प्रधान का पुत्र सरनजीत उर्फ जीतू कुछ लोगों को पहले से ही उकसा रहा था। उपद्रवियों ने पहले से ही योजना बना रखी थी। पुलिस ने गुरुवार को राजस्व निरीक्षक की तहरीर पर ग्राम प्रधान के पुत्र समेत गांव के अज्ञात पुरुष व महिलाओं के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। हालांकि पुलिस इस मामले को दबाए रही।

**मृतक के पिता ने कई दिन पहले दर्ज कराई थी रिपोर्ट**

मृतक सुमेश की गोली लगने से मौत हो गई थी। इसके बाद मृतक की तहरीर के आधार बड़ा गांव चौकी इंचार्ज, तीन सिपाही, एसडीएम और तहसीलदार के हमराह समेत 25 लोगों पर मामला दर्ज हो गया था। कई दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस इस मामले में एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। इससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।


महिलाओं को जागरूक करतीं भाजपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# भाजपा नेत्रियों ने लाभार्थियों के घर जाकर किया संपर्क

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** रविवार को भाजपा महिला मोर्चा ने मोहल्ला आनंदनगर में लाभार्थियों के घरों पर जाकर संपर्क किया तथा लोकसभा चुनाव में पार्टी का साथ देने का आग्रह किया।

महिला मोर्चा ने बैठक कर मंगलवार को होने वाली पदयात्रा को सफल बनाने की रणनीति बनाई। नगर की शिव बाग मंडी से पुराने रामलीला मैदान तक होने वाली इस पदयात्रा में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कार्यकत्रियों ने मोर्चा की अध्यक्ष मधुबाला गुगलानी को पार्टी द्वारा पुनः अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई भी दी।

इस दौरान किरनजीत कौर, कल्पना यादव, अनुराधा प्रकाश, मोनी बंसल, नेहा यादव, नेहा कश्यप आदि मौजूद रहीं।

### कब्रिस्तान की भूमि को कब्जा मुक्त कराएं

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ग्रामीणों ने कब्रिस्तान की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। कब्जाधारकों पर कार्रवाई की मांग को भी उठाया।

टाह खुर्द गांव के तमाम ग्रामीणों ने शनिवार को तहसील में लगे समाधान में अधिकारियों को शिकायत सौंपी और कार्रवाई की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने कब्रिस्तान की भूमि को काटकर अपने खेत में मिला लिया है। विरोध करने पर वह झगड़ा और मारपीट पर उतारू होने लगा। ग्रामीणों की शिकायत पर अधिकारियों ने एक टीम गठित करके भूमि को कब्जा मुक्त कराने का निर्देश दिया। इसके बावजूद मौके पर पहुंचे कर्मचारी खानापूर्ति करके लौट गए। भूमि को लेकर रविवार को भी गांव में विवाद बना रहा। शिकायत करने वालों में इरफान हसन, सुभान हसन, शमशेर, नबी हुसैन, तसद्दुक हसन, शरीफ अहमद, मेहरबान अली, मुमताज हसन आदि शामिल रहे।

# सैजनी नानकार की सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू

**खबर का असर**

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सैजनी नानकार कचरी वाले कारखाने की सड़क का मरम्मत कार्य लोक निर्माण विभाग ने रविवार से शुरू करा दिया है। यह सड़क कई वर्ष से बदहाल थी। यहां से गुजरने वाले छात्र-छात्राओं और राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता थ। लोगों की इस समस्या को अमृत विचार ने 20 फरवरी के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर का असर हुआ और सड़क निर्माण शुरू हो गया है।

सड़क की हालत सुधारने को लेकर लोगों ने पिछले दिनों विभाग अधिकारियों के खिलाफ कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया था। लोगों की समस्याओं को 20 फरवरी को अमृत विचार समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस पर प्रशासनिक अधिकारियों ने संज्ञान लेकर लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों से जानकारी ली थी। रविवार को सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। कचरी वाले कारखाने से लेकर हजरत शाह विलायत की दरगाह तक 800 मीटर लंबी सड़क की स्थिति बदहाल थी।

> सड़क की मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया गया है। ठेकेदार को दो माह का समय दिया गया है। मरम्मत कराने के लिए शासन को 60 लाख रुपये का प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था। वहां से मंजूरी मिल गई है। संबंधित सहायक अभियंता, अवर अभियंता को निर्देशित किया है कि सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण करें। निर्माण में गुणवत्ता से कतई समझौता नहीं किया जाएगा।
>
> –केवी सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि, प्रांतीय खंड

## एक नजर

### दिव्यांगों के बनवाए जाएं राशन कार्ड

**रामपुर, अमृत विचार :** ऑल इंडिया दिव्यांग सेवा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सिफात अली ने कहा कि दिव्यांगों के राशन कार्ड नहीं बनवाए जा रहे हैं। जिलापूर्ति अधिकारी को कई बार ज्ञापन दिया गया लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। आरोप लगाया कि दिव्यांगों के राशन कार्ड के मोबाइल नंबर बदलकर राशन कार्ड धारकों के लगा दिए गए हैं। इसके चलते पात्रों के मोबाइल नंबरों पर ओटीपी नहीं आ रहा है। इससे दिव्यांगों को जीवन यापन करने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

**रामपुर, अमृत विचार :** एलआईसी चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बनवाने को दुकानदारों ने शहर विधायक को पत्र सौंपा। सुशील कुमार और धर्मेंद्र गुप्ता का कहना है कि स्पीड ब्रेकर नहीं होने से चौराहे पर आए दिन हादसे हो रहे हैं। ज्यादातर एलआईसी पार्क की ओर से चौराहे की तरफ जाने वाले मार्ग पर ज्यादातर हादसे होते हैं। दुकानदारों का कहना है कि इसके लिए पूर्व में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को पत्र दिया था। उन्होंने मौके पर आकर ब्रेकर बनवाने की बात कही थी। इस बात को भी काफी समय गुजर चुका है। चौराहे पर स्पीड ब्रेकर बनने से काफी हद तक हादसों से निजात मिल सकेगी।

# खेतों में गिरी फसल, किसान चिंतित

## लगातार दो दिन हुई बेमौसम बारिश से रबी की फसल के खराब होने का अंदेशा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में गेहूं और सरसों की फसल गिर गई है। इसके कारण उसके खराब होने का अंदेशा है। बारिश के बाद सर्दी बढ़ गई और लोगों ने गरम कपड़े पहने। पूरे दिन आसमान में बादल छाए रहे और रुक-रुककर बारिश होती रही।

रविवार की सुबह 10:30 बजे हुई बारिश के कारण रबी की फसलों गेहूं, जौ, आलू, चना, मसूर, अलसी, मटर व सरसों में पानी भर गया था। बारिश के कारण गेहूं, आलू और सरसों की फसल को नुकसान पहुंचने का अंदेशा है। इसके अलावा दलहनी और तिलहनी फसलों में भी नुकसान हुआ है।

जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र पाल ने बताया कि जिन किसानों ने फसलों का बीमा कराया है वह 72 घंटे के भीतर टोल फ्री नंबर पर फोन करके नुकसान की शिकायत दर्ज करा दें। किसान बारिश नहीं होने के लिए दुआ करते रहे। किसानों का कहना है कि बारिश से मटर, आलू समेत तमाम सब्जियों को भी नुकसान हुआ है।



तेज हवा और बारिश के बाद खेत में गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार



दो दिन से हुई बारिश से रबी की फसल को काफी नुकसान हुआ है। खेतों में गेहूं और सरसों गिर गई है। सब्जी की खेती पर भी बारिश की मार पड़ी है। बारिश ने किसानों की नींद उड़ा दी है। **- विनोद यादव, किसान**



किसान काफी परेशान हैं। गेहूं और सरसों की फसलों को बारिश से नुकसान पहुंचा है। सरकार किसानों को मुआवजा दे। ताकि, उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर हो सके। **- संजोर अली पाशा, किसान नेता**



किसान को आलू की फसल खराब होने की चिंता है। लगातार बारिश से फसल खराब हो सकती है। बारिश से सब्जी की अन्य फसलों को भी काफी नुकसान हुआ है। **- मोहम्मद हनीफ वारसी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाकियू भानु**



बारिश से आलू व अन्य सब्जियों की फसल को नुकसान पहुंचा है। किसान ने काफी लागत लगाकर फसल लगाई थी, जो खेतों में गिर गई। सरकार फसलों में हुए नुकसान का मुआवजा दे। **- मोहम्मद मुस्तकीम, किसान नेता**

आसमान में बादल छाए रहने और दो दिन बारिश होने के कारण सब्जियों की फसलों को भी नुकसान पहुंच सकता है। निचले खेतों में भरे पानी को किसान निकाल दें। खेतों में गिरी हुई गेहूं और सरसों की फसल धूप निकलने के बाद स्वत: खड़ी हो जाएंगी। यदि अगैती गेहूं की फसल के दानों में दूध पड़ चुका है तब कुछ नुकसान पहुंच सकता है। **-डा. लक्ष्मीकांत, कृषि वैज्ञानिक**

# बारिश से फसलों में हुआ नुकसान, रोकी जाए किसानों से राजस्व वसूली : हसीब

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



किसानों को संबोधित भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद। ● अमृत विचार

- राजस्व वसूली के नाम पर किसानों का उत्पीड़न कर रहा प्रशासन
- प्रदेश कैंप कार्यालय पर रविवार को हुई किसानों की पंचायत

**अमृत विचार:** भाकियू (टिकैत) की पंचायत में राजस्व वसूली रोकने की मांग की गई। भाकियू के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि तेज हवा और बारिश से गेहूं और तिलहनी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इसलिए प्रशासन किसानों को परेशान न करे अन्यथा किसान सड़कों पर उतर आएंगे। प्रदेश कैंप कार्यालय पर हुई पंचायत में प्रदेश महासचिव ने कहा कि प्रशासन राजस्व वसूली के नाम पर किसानों का उत्पीड़न कर रहा है। छोटे बकायेदारों की जमीन नीलाम करने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है।

राजस्व विभाग ने खेतों में लाल झंडिया लगा दी हैं। किसान सरसों, लाही और गेहूं की फसल काटकर ऋण की अदायगी करते। लेकिन, तेज हवा और बारिश से फसलों को भारी क्षति पहुंची है। इसलिए प्रशासन कुछ महीने के लिए वसूली पर रोक लगाए। उन्होंने फसलों का सर्वे का कराकर नुकसान की भरपाई की भी मांग की।

चेतावनी दी कि अगर किसानों का उत्पीड़न बंद नहीं किया तो भाकियू सड़कों पर उतरेगी। पूर्व जिला महासचिव हाफिज मोहम्मद अय्यूब ने कहा कि प्रशासन को पहले बड़े बकायेदारों पर कार्रवाई करनी चाहिए।

करोड़ों के बकाएदारों के पास वसूली को कोई नहीं पहुंच रहा है। अधिकारियों को सिर्फ किसान ही नजर आ रहे हैं। पंचायत में मोहम्मद मुस्तकीम, दयाराम शर्मा, रामावतार, रामगोपाल, हेम सिंह यादव, जुबैद आलम, जावेद गुलाम मोहम्मद, शाने आलम, सुब्हान अली आदि मौजूद रहे।




आंबेडकर पार्क में बैठक के बाद मौजूद आंबेडकर महासभा के पदाधिकारी।

# सुमेश के परिजनों को दिया जाए एक करोड़ रुपये का मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** हाईवे स्थित आंबेडकर पार्क में रविवार की शाम भारतीय आंबेडकर सभा की बैठक हुई। इसमें जिलाध्यक्ष अनिल राज ने कहा कि सिलईबड़ा प्रकरण में मृतक छात्र के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा प्रशासन द्वारा दिलाया जाए। इसके अलावा घायलों को 50 लाख रुपये दिलाए जाएं। इससे पहले मृतक की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती को लेकर तोपखाना स्थित बाल्मीकि मंदिर से आंबेडकर पार्क तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। सभा के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी है। बैठक में अविनाश तपन, नवीन कुमार, गोपाल बाबू, दीपक राही, दीप कुमार, पंकज सागर, सोनू अग्रवाल, महिपाल, देवेंद्र राठी और प्रमोद बाल्मीकि आदि शामिल रहे।

## सामूहिक विवाह कार्यक्रम नौ मार्च को

**रामपुर, अमृत विचार :** नौ मार्च को फिजिकल कॉलेज स्टेडियम में सामूहिक विवाह समारोह होगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी सूरज कुमारी ने बताया कि जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत सामूहिक विवाह के लिए नौ मार्च की तारीख निर्धारित की है।

ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी और शहरी क्षेत्र में अधिशासी अधिकारी के स्तर से नियमानुसार सत्यापन के बाद समाज कल्याण कार्यालय को करीब 600 आवेदन पत्र प्राप्त हो चुके हैं। शेष आवेदनों के सत्यापन की प्रक्रिया तेज करने के लिए जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी और अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

# दिव्यांग छात्रों में करें नई ऊर्जा का संचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- नगर क्षेत्र के विद्यालयों के नोडल शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन

**अमृत विचार :** नगर शिक्षाधिकारी सुनील कुमार सक्सेना ने कहा कि समावेशी शिक्षा के महत्व को समझें और दिव्यांग बच्चों को शिक्षा प्रदान करें। उनके प्रति सेवा भाव के साथ कार्य करते हुए समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का अवसर प्रदान करें। दिव्यांग बच्चों को शिक्षित कर उनकी पहचान करें। उनके अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करें। भावनात्मक तथा संवेगात्मक रूप से दिव्यांग बच्चों के साथ उनके अभिभावकों को भी शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ें।

सराय गेट स्थित नगर संसाधन केंद्र पर इंचार्ज अध्यापकों के पांच दिवसीय समेकित शिक्षा आधारित प्रशिक्षण के द्वितीय चरण का रविवार को समापन हुआ। प्रशिक्षण से पहले सरस्वती वंदना कराई गई। नगर क्षेत्र के खंड शिक्षाधिकारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर प्रशिक्षण का आरंभ किया। कहा कि दिव्यांगों को अधिकार तथा शिक्षा दिलाना नोडल शिक्षकों का उद्देश्य होना चाहिए। नगर क्षेत्र के विशेष शिक्षक, समेकित शिक्षा, आशीष पांडेय, राम किशोर तथा फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. रिजवान ने प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षकों ने समावेशी शिक्षा आधारित नोडल टीचर प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रस्तुत किया। दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए शिक्षण की विधियां, कक्षा कक्ष का उचित प्रबंध, पाठ्य सामग्री तथा सहगामी क्रियों का समावेश आदि के बारे में बताया। अधिगम संप्राप्ति के लिए विशेष जानकारी साझा की गई। दिव्यांग जनों के लिए सूचना एवं संप्रेषण तकनीकी, निदानात्मक शिक्षा प्रणाली, बुनियादी साक्षरता तथा बुनियादी संख्या ज्ञान में सहयोग के लिए शिक्षण रणनीतियां, दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु प्रोत्साहन, उनकी आवश्यकता के अनुरूप सुविधाएं प्रदान करना आदि बताया गया। ब्रेल लिपि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया कि दिव्यांग बच्चों को अहसास रहे कि हमारा शिक्षक तथा पूरा समाज उनके साथ है।

सुनील कुमार ने कहा कि नवीन ऊर्जा, उत्साह तथा प्रेम भाव के साथ प्रशिक्षित होने के उपरांत सभी नोडल टीचर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए हर उचित व संभव प्रयास करेंगे। पूरे समाज का सहयोगात्मक दृष्टिकोण उत्पन्न करना सभी नोडल टीचर का प्रथम उद्देश्य होना चाहिए।

इस दौरान चमरौआ के विशेष शिक्षक अमरनाथ यादव एवं आशीष शर्मा आदि मौजूद रहे।



मृतक छात्र के पोस्टर लेकर मार्च निकालते दलित समाज के लोग। ● अमृत विचार

# कैंडल मार्च निकाल रहे लोगों को खदेड़ा

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** सिलईबड़ा गांव में मंगलवार को गोली लगने से मरे दसवीं के छात्र सुमेश को श्रद्धांजलि देने एवं कैंडल मार्च निकालने के लिए एकत्र हुए दलित समाज के लोगों को पुलिस ने खदेड़ दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से दलित समाज में रोष है।

शनिवार की रात दलित समुदाय के लोगों ने देवरी बुजुर्ग गांव से सिलईबड़ा तक कैंडल मार्च निकालने की अनुमति प्रशासन से मांगी थी। एसडीएम के आश्वासन पर दलित समुदाय के लोग भारी संख्या में देवरी बुजुर्ग गांव में एकत्र होने लगे। आवेदनकर्ता ने सुबह 10 बजे अनुमति पत्र की मांग की तो कार्यलय में तैनात लिपिक ने एसडीएम के न होने की बात कही। जब एसडीएम राजेश कुमार से संपर्क किया गया तो उन्होंने कैंडल मार्च की अनुमति देने से इनकार कर दिया।

इसके बाद लोगों ने कैंडल मार्च निकालना शुरू कर दिया। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस के हाथ-पांव फूल गए। आनन-फानन में कैंडल मार्च को रोक दिया। कैंडल मार्च रोकने का विरोध करने पर पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया।

# षड्यंत्र के तहत दलितों पर चलवाई गई गोली

संवाददाता, मिलक



घटना स्थल पर लोगों को संबोधित करते भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतपाल तंवर।

- सिलईबड़ा पहुंचे भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवाब सतपाल सिंह तंवर

**अमृत विचार :** भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवाब सतपाल सिंह तंवर सैकड़ों लोगों के साथ तहसील मिलक के गांव सिलई बड़ा पहुंचे। उन्होंने प्रदेश सरकार व प्रशासन को आड़े हाथ ले लिया। मौजूद अधिकारियों से दोषियों की गिरफ्तारी न होने पर सवालों की झड़ी लगा दी। अधिकारी उनके एक भी सवाल का जबाव नहीं दे पाए। सिर्फ घटना की जांच होने की बात कही।

सिलईबड़ा गांव में पुलिस डा. भीमराव आंबेडकर के बोर्ड को हटाने पहुंची थी। इस दौरान तहसील प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में गोली चला दी थी। फायरिंग में 17 वर्षीय दलित छात्र सुमेश की मौके पर मौत हो गई थी। इससे दलित समाज में आक्रोश फैल गया था। रविवार को भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से बात की। वादा किया कि जब तक दलित समाज उनके साथ है, सुमेश के हत्यारों को फांसी के फंदे पर लटकवाकर ही दम लेंगे। आरोप लगाया कि षड्यंत्र के तहत दलितों पर गोली चलाई गई। योगी सरकार ने ठान लिया है कि जहां भी आंबेडकर प्रतिमा लगेगी या अम्बेडकर पार्क बनाया जाएगा, वहां दलितों को गोलियों से भून दिया जाएगा। प्रदेश में गुंडाराज चल रहा है। नारा देते हुए कहा कि जो जमीन सरकारी है वो जमीन हमारी है। जांच के नाम पर सुबूतों को मिटाया जा रहा है। डॉक्टरों, पुलिस अधिकारियों को सेट किया जा रहा है। घटना में प्रशासन व पुलिस ही दोषी है। उन्होंने घटना की जांच सीबीआई से कराने और दोषी अधिकारी तथा पुलिसकर्मियों को फांसी के फंदे पर लटकाने की मांग की।



मुंडिया कला में हुई पंचायत में बैठे किसान। ● अमृत विचार

# बारिश से बर्बाद हुई फसल का मुआवजा दे सरकार : अजय

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिला अध्यक्ष अजय बाबू गंगवार के नेतृत्व में ग्राम मुंडिया कलां में पंचायत हुई। इसमें वरिष्ठ किसान नेता नंदन प्रसाद पटेल ने कहा कि बारिश से बर्बाद हुई फसलों का सरकार तत्काल किसानों को मुआवजा दे।

रविवार को हुई पंचायत में जिलाध्यक्ष ने कहा कि किसानों की मांग है कॉरपोरेट्स की तर्ज पर किसानों के कर्ज भी माफ किए जाएं। उन्होंने कहा कि चार मार्च की शाम बड़ी संख्या में किसान लखनऊ के लिए रवाना होंगे। पांच मार्च को लखनऊ के शक्ति भवन में किसान महापंचायत होगी। इसमें प्रदेश की विद्युत समस्याओं को उठाया जाएगा। पंचायत में अनुपम पटेल, केहरी सिंह पटेल, दिगपाल पटेल, अबरार अंसारी, राम किशोर, प्रांजल गंगवार आदि किसान मौजूद रहे।

# सिलईबड़ा कांड की कराई जाए सीबीआई जांच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



मृतक के परिजनों से बातचीत करते अमिताभ ठाकुर और डा. नूतन ठाकुर।

**अमृत विचार :** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर और डा. नूतन ठाकुर ने रविवार को सिलईबड़ा गांव में हुई दलित छात्र की मौत के मामले में मृतक के परिवार वालों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि इस घटना की सीबीआई जांच होना जरूरी है। इससे पहले उन्होंने पूर्व मंत्री आजम खां के परिवार से मुलाकात की। कहा कि आजम खां को राजनीतिक द्वेष के चलते मुकदमों में फंसाया गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि सिलईबड़ा के लोगों से बात करने पर स्पष्ट हुआ कि मौके पर ऐसी कोई स्थिति नहीं थी, जिसमें फायरिंग की जाए। इसके बाद भी मौके पर मौजूद एसडीम ने फायरिंग के आदेश दिए, जिसमें बच्चे की मौत हुई और एक व्यक्ति को पांव में गोली लगी। ग्रामीणों ने अब तक की कार्रवाई को असंतोषजनक बताया। अमिताभ ठाकुर ने मृतक के परिवार को दो करोड़ रुपए मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की। उन्होंने मामले में सीबीआई जांच की मांग भी की।

इससे पहले अमिताभ ठाकुर और डॉ. नूतन ठाकुर ने पूर्व मंत्री आजम खां के आवास पर उनके परिजनों से मुलाकात की। आजम खां के परिवार वालों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार उन्हें अनावश्यक रूप से फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है। बताया कि जिन मामलों में आजम खां दोष सिद्ध किए गए हैं, उन मामलों में भी तमाम ऐसे तथ्य हैं जिन पर जब अपीलीय कोर्ट द्वारा विचार किया जाएगा तो आजम खां की बेगुनाही सामने आ जाएगी। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि प्रथम दृष्टया आजम खां पर दर्ज हुए मुकदमे राजनीतिक प्रतिशोध में किए गए दिखते हैं। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता मधुर मिश्रा, जिलाध्यक्ष मोईन खान, अनमोल मिश्रा, शोएब खान, प्रवेश गंगवार आदि मौजूद रहे।

**आक्रोश** सिलईबड़ा गांव में हुए बवाल में दलित छात्र की गोली लगने से हो गई थी मौत

# छह दिन बाद भी गिरफ्तारी न होना प्रशासन की लापरवाही

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते अखिल भारतीय जाटव महासभा के पदाधिकारी।

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार सागर ने आंबेडकर पार्क में सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर कहा कि सिलईबड़ा गांव की घटना को हल्के में ले रहे हैं। छह दिन बीत जाने के बाद भी कोई गिरफ्तारी न होना इस बात का सबूत है कि प्रशासन अपने अधिकारियों को बचाने में लगा है। सच्ची घटना को दबाने की कोशिश की जा रही है।

अखिल भारतीय जाटव महासभा की रविवार को आंबेडकर पार्क में बैठक हुई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सिलईबड़ा गांव में मृतक के दलित होने के नाते न्याय मिलना मुश्किल हो रहा है। प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस कर्मचारी घटना में शामिल हैं। जांच करने वाले अधिकारी भी पुलिस अधिकारी हैं। पीड़ितों के समर्थन में देश-प्रदेश में हो रहे धरना-प्रदर्शन का कोई असर जिला प्रशासन पर नहीं पड़ रहा है। परिजनों की तहरीर पर लिखे गए उप जिलाधिकारी अमन देओल और तहसीलदार तथा दो अन्यों के नाम को पुलिस ने एफआईआर से हटा दिया। ऐसे में पीड़ितों को न्याय कैसे मिल सकता है। उन्होंने मांग है कि मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह और उप महानिरीक्षक मुनिराज जी से मामले की जांच कराई जाए। जांच कमेटी में एक अनुसूचित जाति-जनजाति का आईएएस अधिकारी और एक आईपीएस अधिकारी शामिल किया जाए। घटनास्थल का निरीक्षण कराया जाए। कहा कि आरोपी को पुलिस लाइन में पनाह दी जा रही है। देश-प्रदेश के लोगों की निगाह इस मामले पर टिकी हैं कि प्रशासन किस तरह न्याय दिलाएगा।

कहा कि संगठन ने 28, 29 फरवरी और एक व दो मार्च को सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजे गए लेकिन कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हो पाई है। इस मौके पर प्रेम चंद्र सिंह, राजकुमार सागर, मदनलाल, दिनेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, राजीव गौतम, अमर पाल सिंह मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए जिलाधिकारी सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



जिलाधिकारी को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र सौंपते एआरटीओ। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सड़क सुरक्षा के लिए प्रशासनिक स्तर से प्रत्येक माह आयोजित जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक और प्रत्येक छह माह में आयोजित जनपदीय विद्यालय यान समिति की नियमित बैठकों के साथ विद्यालयों में प्रतियोगिताओं और रैलियों सहित विभिन्न जागरुकता गतिविधियां आयोजित की गईं। परिणामस्वरूप 2022 की तुलना में 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में 12 प्रतिशत और सड़क दुर्घटनाओं के दौरान मृत्यु दर में 10 प्रतिशत से अधिक की कमी दर्ज की गई है।

शासन स्तर से लगातार मॉनीटरिंग के बाद जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार जिले में जागरुकता गतिविधियों को सख्ती से लागू कराया गया है। इसके बाद जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के तौर पर वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश कुमार श्रीवास्तव ने लोक निर्माण विभाग के मंत्री और परिवहन राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) द्वारा प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो प्राप्त किया। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि जनपद में सड़क सुरक्षा के अंतर्गत लिए गए निर्णयों के अंतर्गत चिन्हित 12 ब्लैक स्पॉटों पर शासन से समन्वय स्थापित करते हुए जरूरी सुधारात्मक कार्यों को अमली जामा पहनाया गया। रंबल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर और रोड साइनेज सहित अन्य महत्वपूर्ण कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए गए, ताकि लोगों को दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र में सावधानी एवं न्यूनतम स्पीड में वाहन चलाने के बारे में सतर्क किया जा सके। अनाधिकृत कट बंद कराए गए। जनपद से होकर गुजरने वाले हाईवे पर स्थापित एसओएस प्रणाली को भी सक्रिय बनाया। हाईवे पर स्थित इस सुविधा के बारे में जनपद के विभिन्न विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वीडियो क्लिप्स के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जा रहा है। इसके परिणाम स्वरूप हाईवे पर दुर्घटनाग्रस्त अथवा मेडिकल इमरजेंसी में वाहन चालकों को बेहतरीन सुविधाएं मिल रही हैं। शासन स्तर पर प्रदेश के उत्कृष्ट पांच जिलों के जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एआरटीओ, पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता और रोड सेफ्टी क्लब के नोडल अधिकारियों को सम्मानित किया गया। इसमें रामपुर को भी शामिल किया गया।

## भाजपा नेता ने रामलीला का किया उद्घाटन

**मसवासी, अमृत विचार :** स्वार टांडा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सिरका पट्टी रूपापुर में ऐतिहासिक शिव मंदिर पर भाजपा नेता एवं नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में रामलीला का फीता काटकर उद्घाटन किया।

कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने पिता के वचनों का पालन करने के लिए 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया। राम जैसा चरित्र एवं उदाहरण दूसरा कोई देखने और सुनने में नहीं आता। अयोध्या में 500 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद भगवान श्री राम की जन्मभूमि पर भव्य श्री राममंदिर का निर्माण होने से करोड़ों हिंदुओं की आस्था का सम्मान हुआ है। भगवान श्री राम भारत की आत्मा हैं। हमें भगवान श्री राम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष एवं ग्राम प्रधान रोहिताश ठाकुर, गौरव शर्मा, विजय मौर्य आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### विश्व वन्यजीव दिवस पर दी ग्रामीणों को जानकारी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** आरक्षित डंडियां वन रेंज कार्यालय में रविवार को विश्व वन्यजीव दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें क्षेत्रीय वन अधिकारी अमित कुमार ने ग्रामीणों को वन्यजीवों के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने भी विचार रखे। इस मौके पर वन दरोगा दिनेश चंद्र जोशी, आंगनपाल यादव, केके शर्मा, पूरन सिंह, जमील अहमद आदि मौजूद रहे।

### संपर्क कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनाई

**केमरी, अमृत विचार :** रविवार को कस्बे में भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा ने बिलासपुर विधानसभा के चारों मंडल अध्यक्षों के साथ पार्टी द्वारा चलाए जा रहे आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने के उद्देश्य से बैठक की। इसमें ग्राम परिक्रमा यात्रा और लाभार्थी संपर्क अभियान को मजबूती प्रदान करने पर जोर दिया। इस दौरान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष सुनील मौर्य, सौरव यदुवंशी, मंडल अध्यक्ष देशराज शर्मा, ज्वाला प्रसाद, देवकी नंदन गंगवार, जगरूप सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जिले के 511 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में बनाए जाएंगे लर्निंग कॉर्नर

## प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र के लिए 8110 रुपये का बजट मिला

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए प्राइमरी स्कूलों में बने 511 को-लोकेटेड आगनबांड़ी केंद्रों में बच्चों की कक्षाओं में लर्निंग कॉर्नर (सीखने का कोना) बनाया जाएगा। इसकी मदद से कक्षा में छात्रों को रोचक तरीके से पढ़ाया जा सकेगा। कक्षा में चार लर्निंग कॉर्नर बनाए जाएंगे। इसमें रीडिंग कॉर्नर, आर्ट कॉर्नर, ब्लॉक कॉर्नर और परफार्मेंस कॉर्नर होंगे। इसके लिए शासन की ओर से बजट भी भेज दिया गया है। एक आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 8110 रुपये की दर से 4,144,210 रुपये आए हैं।

बेसिक स्कूलों को अंग्रेजी स्कूलों की तर्ज पर करने के लिए शासन की ओर से लगातार कवायद की जा रही है। शासन की ओर से आए दिन कुछ न कुछ आदेश जारी किए जाते हैं। ताकि


आगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पढ़ाती कार्यकत्री। ● अमृत विचार

स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को सभी सुविधाएं मिल सकें।

ज्ञात रहे कि मौजूदा समय में जिले में 1596 बेसिक स्कूल हैं। इनमें से कई स्कूलों में आंगनबाड़ी केंद्र भी बने हुए हैं। अब इनमें कुछ बदलाव किया जा रहा है। शासन की ओर से आदेश जारी हुआ कि अब आंगनबाड़ी केंद्रों को प्ले स्कूल की तर्ज पर तैयार किया जाएगा। जिले में 511

> शासन से आदेश मिलने के स्कूलों में चल रहे 511 आंगनबाड़ी केंद्रों में लार्निंग कॉर्नर बनाए जाएंगे। इसमें बच्चों के लिए कई प्रकार के खिलौने रख जाएंगे। 511 आंगनबाड़ी केंदों के लिए बजट भी आ गया है। –संजीव कुमार
> जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए पैसा आ गया है। जिला समन्वयक अंकित सक्सेना ने बताया कि प्रत्येक आगनबाड़ी केंद्र के लिए 8110 रुपये मिले हैं। इस तरह 511 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 4,144,210 रुपये का बजट आया है।

### आगनबाड़ी केंद्रों में मिलेगा यह सामान

लर्निंग कॉर्नर के तहत रंग-बिरंगे लकड़ी के ब्लॉक, पिक्चर व स्टोरी वाली किताबें, क्लिप बोर्ड, शब्द व नंबर के ब्लॉक और परफार्मेंस कॉर्नर में डॉक्टर सेट, किचन सेट, वेजीटेबल सेट, फूड सेट, फ्रूट सेट, टेलीफोन, फोम मैट व वर्णमाला, संगीत से जुड़े यंत्र डफली आदि की व्यवस्था की जाएगी। आर्ट कॉर्नर में पेपर, प्लास्टिक के फल व पौधे, सब्जी, एनिमल, टूथ ब्रश, आर्ट शीट आदि की व्यवस्था होगी। ताकि बच्चे इनके साथ खेल सकें। इसे लेकर विभाग की ओर से शासन के आदेश का पालन कराते हुए सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में पैसा भेजा जाएगा।

### फसल कटने तक न की जाए किसानों से वसूली

**शाहबाद, अमृत विचार:** प्रशासन द्वारा किसानों की जा रही वसूली के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन भानु मुखर हो गई है। भगवतीपुर में आयोजित पंचायत में जिला उपाध्यक्ष आकिल खां ने कहा कि इस समय प्रशासन किसानों से वसूली कर रहा है। यह सरासर गलत है। अभी गेहूं की फसल खेत में खड़ी है। उन्होंने कहा कि जब तक किसान की गेहूं की फसल न कट जाए तब तक वसूली अभियान रोक दिया जाना चाहिए।

कहा कि ओला और बरसात से किसान की पकी हुई फसल खराब हो गई है। ऐसे में प्रशासन को चाहिए कि वह बीमा कंपनियों को निर्देशित करें कि वह जल्द से जल्द किसानों की फसल के नुकसान का आकलन करें। किसानों ने ओवरलोड डंपरों का मुद्दा भी उठाया। कहा कि डंपरों पर हर हाल में रोक लगाई जानी चाहिए। इस दौरान रामौतार पाल, अबरार मलिक, निजामुद्दीन, ग्राम प्रधान छुट्टू खां, संतोष शर्मा, नंदकिशोर सागर, विद्याराम पाल, शहीद खां, आदिल खां, नन्हू मलिक एवं गुलाम रसूल आदि मौजूद रहे।


ज्वाला क्लब के मैदान पर मैच में शॉट लगाते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

# ज्वाला क्लब ने बंटी अजीतपुर को सात विकेट से हराया

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** ज्वाला क्लब के मैदान पर चल रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला ज्वाला क्लब और बंटी अजीतपुर के बीच खेला गया। इसमें बंटी अजीतपुर के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बंटी अजीतपुर ने 135 रन बनाए।

बंटी अजीतपुर की ओर से जैब ने 34 और वसीम ने 29 रन का योगदान दिया। ज्वाला क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए गौरव सक्सेना ने तीन विकेट लिए। 136 रन के लक्ष्य को ज्वाला क्लब ने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। इस तरह यह मुकाबला ज्वाला क्लब ने सात विकेट से जीता।

ज्वाला क्लब की ओर से गौरव सक्सेना ने 56 और हरिओम यादव ने 21 रन का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए अजीतपुर की तरफ से कामरान और गांगुली ने एक विकेट लिया। मैन ऑफ द मैच गौरव सक्सेना रहे। अंपायरिंग संजय और पवन यादव ने की। स्कोरिंग विशाल और गौरव यादव ने की। टूर्नामेंट अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना, विक्की सक्सेना, अनु सक्सेना, विनय शर्मा उपस्थित रहे।

# भागवत कथा से पूर्व निकाली कलश यात्रा

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** पुरानी आवास-विकास कालोनी स्थित शिव मंदिर में रविवार से भागवत कथा का आयोजन हुआ। इससे पहले कलश यात्रा निकाली गई। श्रीमद् भागवत कथा एवं 108 कलश का पूजन मुख्य यजमान राजेश कुमार कश्यप, उनकी पत्नी अनीता देवी ने पंडित मुमुक्षु कृष्ण शास्त्री से कराया।

श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ समिति के तत्वावधान में श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर के समीप गंगा गार्डन में सप्तम वार्षिक भागवत कथा में वृंदावन वासी आचार्य पंडित मुमुक्षु कृष्ण शास्त्री ने भागवत कथा के महत्व को बताया। कहा कि श्रीमद् भागवत नारायण का ही परिपूर्ण रूप है। अर्थात यह एक दिव्य ग्रंथ है। इस ग्रंथ के सुनने से ज्ञान, योग, कर्म योग, समाज, धर्म और राजनीतिक


पुरानी आवास-विकास कालोनी में कलश यात्रा निकालतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**▸▸ कलश यात्रा पर जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा**

ज्ञान प्राप्त होता है। इसलिए जीव को एक क्षण भी ईश्वर चिंतन के बिना नहीं रहना चाहिए। जब लौकिक संबंधों का विस्मरण होता है, तभी भगवान से संबंध होता है। वासना पुनर्जन्म का कारण बनती है। कलश यात्रा तथा कथा में मुक्ता गुप्ता, राधेश्याम यादव, पीयूष कुमार, दिनेश कुमार, उमेश शर्मा, प्रभा सक्सेना, राकेश गुप्ता, मंजू गुप्ता, सुनील सक्सेना, नरेश चंद्र शर्मा, दिलीप गुप्ता, सीमा गुप्ता, कविता भाटिया, छाया सक्सेना, डॉक्टर तेजवीर यादव आदि भक्त उपस्थित रहे।


कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाध्यक्ष ऋषि पांडेय। ● अमृत विचार

# भाजपा की उपलब्धियां गिनाई

**संवाददाता, शाहबाद**

**अमृत विचार :** रविवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋषि पांडेय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने शाहबाद क्षेत्र का भ्रमण किया। गांव परिक्रमा कार्यक्रम के तहत किए गए भ्रमण के दौरान जिलाध्यक्ष ने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं।

शाहबाद के ऊंचा गांव में परिक्रमा के दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा की पहचान गरीबों के उत्थान से है। मोदी की सरकार गरीबों को समर्पित सरकार है। मुफ्त राशन देने से लेकर गरीबों को आवास देने तक का काम मोदी सरकार ने किया है। इसी सरकार में सबका साथ सबका विकास हो रहा है।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष संजय चौधरी, जिला उपाध्यक्ष प्रेम शंकर पांडेय, जिला महामंत्री प्रमोद शर्मा, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष महेश चंद्रवंशी, नगर मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सिंह, विवेक पाण्डेय, अनुभव शर्मा, सुभाष पाण्डेय, मनोज शर्मा एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटक से दी सुविधाओं की जानकारी

**संवाददाता, भोट**

**अमृत विचार :** पुलिस विभाग द्वारा संचालित डायल 112 पीआरवी टीम की उपयोगिता और लोगों को मिलने वाली सुविधाओं के प्रति जागरूक करने के लिए नुक्कड़ नाटक हुआ। नाटक के माध्यम से पुलिस द्वारा पीड़ित की त्वरित सहायता के बारे में जानकारी दी गई। बताया कि डायल 112 टीम की सक्रियता के चलते अपराध और आपराधिक घटनाओं को रोकने में पुलिस को काफी मदद मिलती है। आपात स्थिति में लोग डायल 112 पर जरूर फोन करें।

रविवार को जिला मुख्यालय से डायल 112 के साथ आये कलाकारों और पुलिस की टीम ने क्षेत्र के पत्थरखेड़ा व भोट कस्बे में नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान लोगों को किसी भी आपात स्थिति में यूपी-112 पर कॉल करके विभिन्न सेवाओं के


ग्रामीणों को डायल 112 की सुविधाओं की जानकारी देतीं थानाध्यक्ष निशा खटाना।

लाभ लेने की जानकारी दी गई। बताया कि डायल 112 के माध्यम से आग लगने पर अग्निशमन वाहन, दुर्घटना होने पर एंबुलेंस और प्राकृतिक आपदा के समय एसडीआरएफ की सेवाएं भी ली जा सकती है। बताया कि यदि चोरी, छेड़छाड़ आदि की घटना हो तो तुरंत डायल 112 पुलिस हेल्पलाइन का इस्तेमाल करें, या नजदीकी पुलिस स्टेशन पहुंचकर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

थानाध्यक्ष निशा खटाना ने कहा कि महिलाओं और बुजुर्गों की सामाजिक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यूपी-112 द्वारा विशेष तौर पर योजनाएं संचालित की जा रही हैं। घरेलू हिंसा से प्रभावित महिलाओं को त्वरित सहायता प्रदान करने के लिए पीड़ित महिलाओं का 112 में पंजीकरण किया जाता है। थाने में भी महिला डेस्क बनायी गयी है। महिला पुलिसकर्मी द्वारा ही महिलाओं की निजता को ध्यान में रखते हुए शिकायत दर्ज कर समाधान किया जाता है।



स्वार में हुई भाजपा की बैठक में बोलते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# नरेन्द्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने का लिया संकल्प

**संवाददाता, स्वार**

**अमृत विचार :** भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक कालेज के सभागार में हुई। विकसित भारत अभियान के तहत सुझाव पेटी में डालकर इसका शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया।

मदर इंडिया कालेज में हुई बैठक में मुख्य अतिथि लोकसभा संयोजक सुरेश गंगवार, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, प्रमोद आहूजा, राजकुमार चौहान, महेंद्र सैनी, दलीप अरोड़ा, देवेंद्र दिवाकर ने पेटी में सुझाव डालकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। 2024 में तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान अमित सक्सेना, राजेश कुमार शर्मा, राजीव वर्मा, मुकुट लाल, हरि सिंह, प्रमोद मौर्य, आशु वर्मा, अमित सैनी, डा. किशनलाल चन्द्रा, प्रफुल्ल गुप्ता, नौबत सैनी आदि मौजूद रहे।

# बारिश में बहा खोए नदी का अस्थाई पुल

**संवाददाता, मसवासी**

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में दो दिन से हो रही बारिश के चलते नदियों में उफान आ गया गया है। इसके चलते खोए नदी पर बना लकड़ी का अस्थाई पुल बह गया। इससे कांवड़ियों का आवागमन बाधित हो गया है। नदी के आसपास लगे भंडारों के टेंट भी हटा दिए गए हैं। कांवड़ियों से नदी से दूर रहने की अपील की जा रही है।

यूपी बॉर्डर पर स्थित हरिद्वार जनपद के चिड़ियापुर थाना क्षेत्र में खोए नदी पर बना लकड़ी का अस्थाई पुल तेज बहाव के चलते बह गया। कुछ कांवड़ियों ने तेज-बहाव के बावजूद नदी में घुसकर पार करना शुरू कर दिया है। इनमें मसवासी क्षेत्र के तमाम कांवड़िए शामिल हैं। खोए नदी के आसपास से भंडारों को भी हटा दिया गया है और नदी से दूर रहने की अपील


पुल बह जाने के बाद खोए नदी पार करते मसवासी के कांवड़िए। ● अमृत विचार

की जा रही है। मसवासी से कांवड़ लेने हरिद्वार गए कई कांवड़ियों ने वीडियो संदेश जारी कर नदी से दूर रहने की अपील की है। कुछ कांवड़िए तो तेज बहाव के बावजूद नदी को पार कर गए हैं।

गौरतलब है कि उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्र में दो दिन से लगातार हो रही वर्षा के कारण स्थानीय नदियों में उफान आ गया है। इससे कांवड़ियों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन ने भी कांवड़ियों से अलर्ट रहने को कहा है। नदियों के रास्तों से दूर रहने की अपील की जा रही है। नदियों के आसपास लगे मसवासी और रामपुर क्षेत्र के तमाम भंडारों को हटा दिया गया है। सुरक्षित जगहों पर भंडारों के टेंट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। कांवड़ियों को जंगल के रास्ते से न जाने की सलाह दी जा रही है।

### पुलिस ने छेड़खानी का आरोपी पकड़ा, चालान

**रामपुर, अमृत विचार :** छेड़खानी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ लिया।

पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते टांडा पुलिस ने छेड़खानी और पॉक्सो एक्ट में फरार चल रहे मोनिश निवासी मोहल्ला टंडौली को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी का चालान कर दिया है।

**दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार**

**रामपुर, अमृत विचार :** दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना अजीमनगर पुलिस ने दुष्कर्म के मुकदमे में नामजद अंशु कुमार निवासी ग्राम दिलपुरा को मुरसैना तिराहा स्वार रोड गिरफ्तार किया है। वह काफी दिन से फरार था। पुलिस ने उसका चालान कर दिया है।


कांवड़ लेकर आते भोले। ● अमृत विचार

# हरिद्वार से कांवड़ में गंगाजल लेकर लौटने लगे शिवभक्त

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** भाजपा के पूर्व मीडिया प्रभारी अजय सैनी के नेतृत्व में ग्राम मुरसेना से भोले के सैकड़ों भक्त हरिद्वार से गंगाजल लेने के लिए गए थे।

वहां से गंगाजल भरकर भक्तों ने यात्रा शुरू कर दी। हर-हर गंगे, जय भोले की, बोल भोले की बम के उद्घोष के साथ भक्त भोले की भक्ति में मगन हैं। वह आज नजीबाबाद से प्रस्थान करेंगे। इस मौके पर अनिल, अजय, कृति, केसर, राजीव, सुनील, बाबा राम, चंद्रावती आदि शामिल हैं।

**क्रिकेट** | मुरादाबाद एलपीजी सेल्स एरिया ने रामपुर एलपीजी सेल्स एरिया को छह विकेट से दी शिकस्त

# मुरादाबाद एलपीजी ने किया इंडियन ऑयल क्रिकेट कप पर कब्जा

**संवाददाता, मसवासी**

**अमृत विचार :** शिकारपुर स्थित विकास भारती स्कूल के मैदान में इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की तरफ से इंडियन ऑयल क्रिकेट कप का आयोजन हुआ। इसमें रामपुर एलपीजी सेल्स एरिया और मुरादाबाद एलपीजी सेल्स एरिया की टीम के बीच सद्भावना मैच खेला गया। मुरादाबाद एलपीजी सेल्स एरिया की टीम ने रामपुर एलपीजी सेल्स एरिया को छह विकेट से हराकर इंडियन ऑयल क्रिकेट कप पर कब्जा कर लिया।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा वितरकों में सद्भावना बढ़ाने के लिए समय-समय पर विभिन्न आयोजन किए जाते हैं। रविवार को ग्राम



विजेता टीम को ट्रॉफी देते स्कूल के प्रबंधक संसार सिंह। ● अमृत विचार

शिकारपुर स्थित विकास भारती स्कूल के मैदान पर आयोजित क्रिकेट मैच में एसडीएम स्वार अवनीश कुमार, पूर्व मंत्री राजेश कुमार, स्कूल के चेयरमैन चौधरी संसार सिंह, गौरव शर्मा प्रवक्ता उत्तराखंड ने टॉस कराकर मैच शुरू कराया।

रामपुर एलपीजी सेल्स एरिया की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विकल्प गुप्ता के आकर्षक 52 रन और अर्सलान के 43 रन

**▸▸ आईओसीएल मुरादाबाद इलेवन और आईओसीएल रामपुर इलेवन के बीच खेला गया सद्भावना मैच**

**▸▸ इंडियन ऑयल क्रिकेट कप में हुआ टीमों के बीच मुकाबला**

की मदद से 131 रन का स्कोर खड़ा कर दिया।

मुरादाबाद एलपीजी सेल्स एरिया की टीम के बल्लेबाज विकास की अर्धशतक बल्लेबाजी की मदद से 6 विकेट से मैच जीत कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। विजेताओं को विकास खत्री तथा फील्ड ऑफिसर जिवतेश सिंह, परविंदर सिंह यादव द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान प्रवीन गुप्ता, दाऊद अली, हिमांशु जैन, शरद मोहन गुप्ता, फुजैल, नईम अहमद, वसीम अहमद आदि मौजूद रहे।

### सांसद घनश्याम सिंह से मिले शाहबाद के भाजपाई

**शाहबाद, अमृत विचार :** सांसद घनश्याम सिंह लोधी को दोबारा लोकसभा रामपुर से भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ता खुश हैं। रविवार को शाहबाद के भाजपा नेताओं ने सांसद से उनके आवास पर मुलाकात की।

उन्हें दोबारा प्रत्याशी बनाए जाने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। इससे पहले उन्होंने मिष्ठान का वितरण कर खुशी जाहिर की। कहा कि घनश्याम सिंह लोधी का कार्यकाल लोकप्रिय रहा है। वह हमेशा कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चले। उन्होंने अभूतपूर्व विकास काम कराए। इस मौके पर पूर्व ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह, एमएलसी के प्रतिनिधि महेश कुमार गुप्ता, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रामसेवक शर्मा, अभिषेक सिंह आदि रहे।

# तरक्की के लिए बच्चों को शिक्षित करें

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार :** तुरैहा मछुआ समाज सम्भल के जिलाध्यक्ष इन्द्रपाल सिंह तुरैहा ने कहा कि हमारे समाज में पिछड़ेपन व बेरोजगारी का प्रमुख कारण केवल समाज के बच्चों का अशिक्षित होना है। इसके कारण समाज को किसी भी क्षेत्र में न सफलता मिल पा रही और कोई अधिकार भी नहीं मिल रहा है।

सराय गेट स्थित बाबा तुरैहा रामस्वरूप की समाधि पर रविवार को तुरैहा मछुआ समाज की बैठक हुई। सम्भल के जिलाध्यक्ष इन्द्रपाल सिंह तुरैहा ने कहा कि जब तक समाज के प्रत्येक परिवार का एक-एक बच्चा शिक्षा के महत्व को नहीं समझेगा, तब तक समाज का शोषण होता रहेगा। कहा कि समाज का हर बच्चा उच्च शिक्षा प्राप्त करे। चाहे इसके लिए कितना भी श्रम करना पड़े। जिलाध्यक्ष कमल तुरैहा ने कहा कि अब तुरैहा समाज को संगठित होकर


समाधि पर हुई बैठक के बाद मौजूद लोग। ● अमृत विचार

आगे बढ़ना होगा। इससे राजनीति के साथ सामाजिक कार्यों में भी समाज का प्रतिनिधित्व होता रहे। कहा कि अगामी लोकसभा चुनाव में समाज के अधिक से अधिक लोग व पार्टी कार्यकर्ताओं को टिकट मिलना चाहिए। वर्तमान समय में सबसे पिछड़ा समाज हमारा ही है। तुरैहा मछुआ समाज के सामाजिक कार्य के लिए तुरैहा युवा कल्याण समिति बनाने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया।

जिलामंत्री राम सिंह तुरैहा ने कहा कि निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाते हुए कर्मठ व युवा वर्ग को प्रतिनिधित्व दिया जाएगा। बैठक में मिलक तहसील के सिलईबड़ा गांव में दलित छात्र सोमेश को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया। इस दौरान कामरेड मेवीराम तुरैहा, डॉ. रमेश चन्द्र, डॉ. कृपाल सिंह तुरैहा, राम सिंह तुरैहा, ऋषिपाल, चन्द्रपाल सिंह, विनोद कुमार, जबर सिंह, श्याम लाल तुरैहा, बाल किशन, भुवनेश चन्द्र, राधेश्याम, मदन मोहन तुरैहा आदि उपस्थित रहे। संचालन राम सिंह ने किया।

एक नजर

## 45 ग्राम पंचायतों में बनेंगे जनसेवा केंद्र के लिए भवन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** छोटे पंचायत भवन वाली ग्राम पंचायतों में अतिरिक्त भवन बनाने के लिए विभाग की ओर से प्रस्ताव भेजा गया था। जिसमें तीन ग्राम पंचायतों को पांच लाख की धनराशि आवंटित की गई है। जिले की 45 ग्राम पंचायत में अतिरिक्त भवन बनाए जाएंगे। राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत जिले में ग्राम पंचायतों में बने छोटे पंचायत भवन वाली ग्राम पंचायतों को निदेशालय से जनसेवा केंद्र (सीएससी) के रूप में अतिरिक्त भवन बनाने के लिए प्रस्ताव मांगा गया था। जिसमें सितंबर में 45 ग्राम पंचायतों के नाम भेजे गए थे। जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि निदेशालय ने शुक्रवार को मूंढापांडे ब्लॉक की दो ग्राम पंचायतों दुपेड़ा और गोवर्धनपुर और ठाकुरद्वारा ब्लॉक की गांव असलेमपुर के लिए पांच-पांच लाख की धनराशि जारी करते हुए जनसेवा केंद्र के भवन निर्माण का कार्य गुणवत्तापूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। मार्च में जनसेवा केंद्र का भवन बनवाकर पंचायती राज विभाग को निदेशालय को रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए गए हैं।


पाठ्य सामग्री के साथ प्राथमिक विद्यालय कुंदनपुर के बच्चे, साथ में क्लब के पदाधिकारी।

## बच्चों को सहायक पाठ्य सामग्री बांटी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रोटरी क्लब मुरादाबाद के सदस्यों ने अंतराष्ट्रीय शिक्षा मिशन के अंतर्गत रविवार को कुंदनपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों में अल्पहार व उनकी शिक्षा में मदद के लिए पाठ्य सामग्री का वितरण कर सेवा कार्य किया।

विद्यालय के बच्चों ने अपने द्वारा बनाए हुए मॉडल का प्रदर्शन किया। जिससे उनके अंदर की कलात्मक अभिव्यक्ति व उनकी प्रतिभा का पता चलता है। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन शरमिताभ सिन्हा ने सभी बच्चों को भारत की संस्कृति का गौरव बढ़ाने के लिए उत्साहित किया। कहा कि संसाधनों की अधिकता न होते हुए भी ऐसे बच्चों का प्रदर्शन उत्कृष्ट है। शिक्षा को हथियार बना कर जीवन की हर लड़ाई मे जीत हासिल करें, यही हम सब का आशीर्वाद है। इस दौरान आकाश मिश्रा, आरएन कत्याल, कोषाध्यक्ष राजेश खन्ना, सचिव राजीव सक्सेना, जीत सिंह, सुधीर गुप्ता, अभिनव गुप्ता, अतुल माथुर, कपिल गुप्ता, अजय सक्सेना, आशुतोष, सुमन, आदेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया

**अमृत विचार, मुरादाबाद:** अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद और इंडिया हेल्थ लाइन महानगर की ओर से रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण व परामर्श शिविर का आयोजन हुआ। इसका आयोजन भोजपुर प्रखंड के अंतर्गत गांव खानपुर कस्बा स्थित प्राथमिक विद्यालय शिव मंदिर में हुआ।

इसमें डॉ. नितिन बत्रा फिजिशयन, डॉ. विनम्र गुप्ता हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ. अंकित अग्रवाल दंत रोग विशेषज्ञ ने बड़ी संख्या में मरीजों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में 98 निशुल्क ईसीजी, 123 निशुल्क शुगर टेस्ट और निशुल्क दवाइयां का वितरण भी किया गया। शिविर में राष्ट्रीय बजरंग दल मेरठ प्रांत अध्यक्ष रोहन सक्सेना, अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद महानगर महामंत्री अमित अग्रवाल, गौरव सैनी, अमन सैनी, सौरभ, संदीप, ऋतिक, रोहित, राहुल, सुनील, देवेश, विवेक, अर्जुन, ललित आदि मौजूद रहे।

### 19 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों का 1103.07 लाख रुपये से होगा कायाकल्प

# प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों की गुणवत्ता पर दें ध्यान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत माध्यमिक विद्यालयों में हो रहे कायाकल्प, राजकीय विद्यालयों, अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों का जीर्णोद्धार, पुर्ननिर्माण, मरम्मत, अवस्थापना, निर्माण कार्य का आरंभ गोरखपुर से बटन दबाकर किया गया। स्थानीय स्तर पर जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने इसका आरंभ किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद गोपाल अंजान और जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से बटन दबाकर निर्माण व मरम्मत कार्यों का आरंभ किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत जो भी निर्माण कार्य हों वह सही तरीके से होने चाहिए।

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। जिलाधिकारी व विधान परिषद सदस्य द्वारा जिले के 19 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कुल लागत रुपये 1103.07 (लाख में) और अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के 3 विद्यालयों में 83.4 लाख रुपये की लागत से निर्माण कार्यों की शुरुआत की गई। इस दौरान संयुक्त शिक्षा निदेशक द्वादश मंडल मुरादाबाद मनोज कुमार द्विवेदी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरुण कुमार दुबे के अलावा संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में प्रोजेक्ट अलंकार योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्यों की शुरुआत करते विधान परिषद सदस्य गोपाल अंजान व जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, साथ में अन्य। ● अमृत विचार

## किसानों को बताईं केंद्र सरकार की योजनाएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** ग्राम परिक्रमा यात्रा के अंतर्गत रविवार को काफियाबाद गांव में जाकर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा किसान मोर्चा प्रदीप सक्सेना ने किसानों से संवाद कर उनको केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।

ट्रैक्टर का पूजन कर किसानों से संवाद किया। उन्होंने किसान भाइयों को बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 6000 रुपये की सहायता प्रदान कर 11.27 करोड़ किसानों को सकारात्मक तौर पर प्रभावित कर उनकी आय का स्तर बढ़ाया गया है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 11 करोड़ 55 करोड़ से अधिक शौचालय का निर्माण करवाया। जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटाकर अभूतपूर्व विकास कराया। 4 करोड़ गरीब परिवारों को पक्के आवास दिए। अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण करा कर करोड़ों हिंदुओं की आस्था को मजबूती प्रदान की। उन्होंने किसानों से कहा कि मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर जाकर जन-जन तक पहुंचाएं। इस दौरान मनीष गुर्जर, सत्येंद्र सैनी, रवि सक्सेना, गोपाल सिंह, छज्जू सिंह, भरत सिंह, रमेश, नरोत्तम, राजवीर आदि उपस्थित रहे।

# कांठ रोड पर बोल बम के जयकारों की गूंज

### हरिद्वार को कांवड़ लेने जा रहे जत्थे, महाशिवरात्रि पर शिवालयों में करेंगे जलाभिषेक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सावन हो या महाशिवरात्रि का पर्व शिव भक्तों में अलग ही उत्साह रहता है। रविवार को भी ऐसा ही उत्साह कांठ रोड पर देखने को मिला। रविवार को बारिश के बीच कांठ रोड शिवभक्तों के हवाले रहा।

8 मार्च को महाशिवरात्रि का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। शिवरात्रि पर आस्था में डूबे शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ में पवित्र गंगा जल भर कर आते हैं और अपने आराध्य भोलेनाथ का जलाभिषेक करते हैं। रविवार तड़के से ही कांवड़ियों ने हरिद्वार जल लेने जाना शुरू कर दिया। वाहनों पर लगे डीजे पर बज रहे भजनों से सभी शिव की भक्ति में डूब गए। बेड़ों के सदस्य भी बाजार और भीड़ देखते ही बम बम भोले का जयघोष करते रहे।

महानगर से हरिद्वार की दूरी करीब 165 किमी है। यहां से सभी जत्थे हरिद्वार के लिए रवाना होते हैं। हरिद्वार से यह जत्थे कांवड़ लेकर पैदल आते हैं। इसमें करीब 3 से 4 दिन लग जाते हैं। मूंढापांडे, दलपतपुर, शाहबाद, टांडा आदि के जत्थे शनिवार से ही हरिद्वार के लिए रवाना होने शुरू हो गए थे। कुछ जत्थे सोमवार को, कुछ मंगलवार से कांवड़ के साथ हरिद्वार से अपनी मंजिल की ओर कूच करना शुरू कर देंगे।


महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक के लिए सजाया गया चौरासी घंटा मंदिर। ● अमृत विचार

### महानगर से भी धूमधाम से रवाना हुए जत्थे

महानगर से जाने वाले कांवड़ बेड़ों में सीतापुरी, दस सराय, कटघर, चौरासी घंटा, लाल बाग, बंगला गांव आदि क्षेत्रों के बेड़े हरिद्वार रवाना हुए। इनके वाहनों पर लगे बड़े-बड़े डीजे से बहते भक्ति संगीत ने कांठ रोड को शिवमय कर दिया। कांवड़ बेड़े के सदस्य जहां भी भीड़, बाजार अथवा जैसे ही वाहनों का थोड़ी देर के लिए भी ब्रेक लगता तो सदस्य बम-बम भोले का जयघोष करने लगते।

### पंचामृत से करें भोलेनाथ का अभिषेक : पं. मनोज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भोलेनाथ की कृपा पाने के लिए श्रद्धालु प्रातः स्नानादि करके मंदिर जाएं। दूध, दही, घी, शहद और शक्कर से अलग-अलग और सबको एक साथ मिलाकर पंचामृत से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करें। पंडित मनोज पाठक ने बताया कि पूजा में चन्दन, मोली, पान, सुपारी, अक्षत, पंचामृत, बेल पत्र, धतूरा, फल-फूल, नारियल, इत्यादि शिवजी को अर्पित करें। भगवान शिव को अत्यंत प्रिय बेल को धोकर चिकने भाग की ओर से चंदन लगाकर चढ़ाएं। हो सके तो रात्रि के चारों प्रहरों में भगवान शंकर की पूजा-अर्चना करनी चाहिए। अभिषेक के जल में पहले प्रहर में दूध, दूसरे में दही, तीसरे में घी और चौथे में शहद को शामिल करना चाहिए। दिन में केवल फलाहार करें, रात्रि में उपवास करें। हालांकि रोगी, अशक्त और वृद्धजन रात्रि में भी फलाहार कर सकते हैं। इस दिन शिव की पूजा करने से जीव को अभीष्ट फल की प्राप्ति अवश्य होती है। पूजा में शिव पंचाक्षर मंत्र यानी ऊं नमः शिवाय का जाप करें।

## टैबलेट के विरोध में आज ज्ञापन देंगे पदाधिकारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर बिना सिम कार्ड दिए टैबलेट के उपयोग के लिए विभाग के अधिकारियों द्वारा बनाए जा रहे दबाव और कार्रवाई की धमकी से शिक्षक नाराज हैं। इसको लेकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदेश के सभी ब्लॉक कार्यालयों, बीआरसी पर प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारियों के माध्यम से महानिदेशक को ज्ञापन भेजा जाएगा।

संघ के महानगर इकाई के अध्यक्ष राकेश कौशिक ने कहा कि शिक्षक साथियों से अपील है कि अपने मान- सम्मान की रक्षा और टैबलेट प्रणाली से मुक्ति के लिए अपनी एकजुटता का परिचय देने के लिए सोमवार को दोपहर 3 बजे नगर संसाधन केंद्र, गांधी पार्क पर ज्ञापन देने के कार्यक्रम में उपस्थित हों। उन्होंने बताया कि संघ की मांगों में विभाग द्वारा दिए गए टैबलेट को सक्रिय करने के लिए सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध कराया जाए। महानगर मंत्री उस्मान आरिफ से संबंधित पदाधिकारियों व शिक्षकों से इस समय उपस्थित होने का अनुरोध किया।

# डायरेक्ट टैक्स डिमांड को माफ कर सरकार ने निभाया वादा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

▸▸ अंतरिम बजट में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने की थी घोषणा

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार ने अंतरिम बजट में किया अपना वादा निभा दिया है। इससे करदाता को आसानी होगी। अंतरिम बजट में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की थी कि सरकार छोटे बकाया डायरेक्ट टैक्स डिमांड को माफ कर देगी। इसमें शर्त रखी गई थी कि वित्तीय वर्ष 2009-10 तक की अवधि के लिए 25,000 रुपये तक और वित्तीय वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक की अवधि के लिए 10,000 रुपये तक की बकाया प्रत्यक्ष कर मांगों को वापस ले लिया जाएगा। अब सरकार ने छोटे बकाया टैक्स डिमांड को माफ करने की योजना शुरू कर दी है। जिसमें हर करदाता को अधिकतम 1 लाख तक के टैक्स बकाए पर राहत दी जाएगी।

एडवोकेट जीएसटी एंड इनकम टैक्स गौरव गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने अपने आदेश में कहा है कि आयकर विभाग ऐसे पुराने पात्र टैक्स डिमांड को खत्म कर रहा है, जो 31 जनवरी, 2024 तक बकाया थे। यह आदेश हर तरह के बकाया आयकर, धनकर और गिफ्ट टैक्स पर लागू होगा। इसके तहत वित्त वर्ष 2009-10 तक के लिए 25,000 रुपये और वित्त वर्ष 2010-11 से 2014-15 तक 10,000 रुपये के बकाये पर छूट दी जाएगी। इसी लिमिट के तहत ही ब्याज, पेनाल्टी और सेस आदि भी शामिल किए जाएंगे। हालांकि, टीडीएस तथा टीसीएस के तहत टैक्स डिमांड पर ये छूट लागू नहीं होगी। टैक्स डिमांड पर यह छूट हर करदाता यानी एक पैन कार्ड पर 1 लाख रुपये तक की ही होगी। अगर किसी की कुल बकाया मांग की राशि 1 लाख रुपये से अधिक है तो यह 1 लाख या उससे कम पर ही लागू होगी, बाकी बकाया मांग उन्हें जमा करनी होगी। साथ ही जितने डिमांड पर छूट मिल रही है, उस पर रिफंड क्लेम नहीं किया जा सकता है। यह छूट लेने के लिए करदाता को कुछ नहीं करना है। आयकर विभाग यह बकाया मांग अपने आप खत्म कर देगा। सरकार के इस आदेश से मुरादाबाद के हजारों करदाताओं को फायदा होगा जिन्हें अब ऐसी प्रत्यक्ष कर की बकाया मांग को जमा नहीं करना होगा।

# संगठन की मजबूती को सौंपी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा मुरादाबाद मंडल का सम्मेलन रविवार को सम्राट अशोक नगर में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमर सिंह और संचालन मदन पाल व अरविंद पाल ने संयुक्त रूप से किया।

सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष विजयपाल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष हौसिला प्रसाद पाल, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अनिल पाल, सूरज पाल सिंह एवं टीपी पाल सिंह ने दी मां सरस्वती के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का आरंभ किया। संगठन की मजबूती को पदाधिकारियों को मनोनीत कर उन्हें जिम्मेदारी दी गई। इसमें सर्वसम्मति से दिनेश पाल को राष्ट्रीय सचिव, सतपाल सिंह चंदेल को युवा राष्ट्रीय सचिव, सूरजपाल को प्रदेश अध्यक्ष पश्चिम उप्र, तेजपाल सिंह को मंडल अध्यक्ष, मुंशी महावीर सिंह पाल को जिलाध्यक्ष संभल, गुलाब सिंह को युवा जिलाध्यक्ष संभल, हरीराज सिंह पाल को युवा जिलाध्यक्ष अमरोहा मनोनीत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वर्षों से पाल समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाज को आर्थिक, राजनीतिक व सामाजिक स्तर पर उठाने का एकमात्र उद्देश्य है। सूरजपाल सिंह द्वारा मंडल में समाज के शैक्षिक उत्थान पर जोर दिया।


पाल क्षत्रिय महासभा के कार्यक्रम में एकता का संदेश देते पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## पार्टियों को हराने का काम करेगा पाल समाज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अखिल भारतीय पाल महासभा की बैठक महानगर की एकता कालोनी में आयोजित की गई। बैठक में महासभा के पदाधिकारियों ने निर्णय लिया है कि पाल समाज चुनाव में अपने समाज से आजाद प्रत्याशी उतार कर सभी पार्टियों को हराने का काम करेगा।

बैठक में महासभा के महानगर अध्यक्ष प्रमोद पाल ने कहा कि देश में पाल समाज की संख्या 12 करोड़ और यूपी में दो करोड़ है। फिर भी राजनीतिक पार्टियां हमारे समाज को संख्या बल के आधार पर हक नहीं देती है। अगर हमारे प्रत्याशी जीतेंगे नहीं तो पार्टियों के प्रत्याशियों को हराने का काम करेंगे। बैठक में रामपाल, सतपाल, करन सिंह, मुंशीराम, हरीकांत पाल, रीता पाल, राजेश पाल, शेर सिंह पाल, कपिल पाल, घसीटा पाल, बनवारी पाल, कोमल आदि मौजूद रहे।

# भाजपा के चुनाव कार्यालय का हुआ उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी के मुरादाबाद लोकसभा के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन श्रीराम चौक कांशीराम नगर के पास एक कांप्लेक्स में किया गया। प्रदेश सरकार में राज्यमंत्री व मुरादाबाद क्लस्टर के प्रभारी जसवंत सिंह सैनी और भाजपा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया ने हवन में आहुति देकर व फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया।

राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी पूरी तरह तैयार है। 2014 की तरह इस बार भी मुरादाबाद मंडल की सभी लोकसभा सीटों पर कमल खिलेगा। लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतेगा। क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया ने कहा कि केंद्र व उत्तर प्रदेश सरकार के नेतृत्व में देश में व प्रदेश में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। इन्हीं कार्यों के बल पर भाजपा के प्रत्याशी विजय पताका फहराएंगे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता व पूर्व सांसद डॉ सैयद जफर इस्लाम ने कहा कि भाजपा का भारतीय प्रत्याशी कमल का फूल है। हम सभी को पूरी ईमानदारी, कर्मठता, मेहनत, लगन के साथ इस लोकसभा चुनाव में दिन-रात एक कर देना हैं और कमल को खिलाना हैं। क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि पार्टी के एक-एक पदाधिकारी व एक-एक कार्यकर्ता के सामने सिर्फ एक ही लक्ष्य हैं लोकसभा चुनाव में अपने-अपने बूथों पर कमल खिलाना। कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सत्यपाल सिंह सैनी, महानगर प्रभारी राजेश यादव, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त व गोपाल अंजान, नगर विधायक रितेश गुप्ता आदि ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष आकाश पाल व महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा ने किया। संचालन लोकसभा क्षेत्र के संयोजक डॉ. विशेष गुप्ता ने किया। इस दौरान क्षेत्रीय मंत्री आशीष वत्स, मुरादाबाद लोकसभा प्रभारी अशोक पाल, सह प्रभारी ओमवीर खड्गवंशी, सह संयोजक नरेंद्र आचार्य, महानगर प्रभारी राजेश यादव, बिजनौर के भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र बाबी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।


लोकसभा चुनाव कार्यालय के उद्घाटन पर पूजा करते जसवंत सैनी, सत्येंद्र सिसौदिया व अन्य।

लोस चुनाव

### आचार संहिता लागू होने से पहले कई पूर्ण कार्यों के लोकार्पण और शिलान्यास की हो रही तैयारी

# आचार संहिता की आहट में फाइलों को निपटाने में जुटे अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की तारीखें भले ही अभी घोषित नहीं हुई हैं, लेकिन चुनाव की तैयारियां तेजी पर हैं। आचार संहिता इसी महीने लगने के कयास हैं। जिसको देखते हुए विभागों में अधिकारी फाइलों को जल्दी निपटाने में जुटे हैं।

लोकसभा चुनाव की तारीख भले ही अभी घोषित नहीं हुई है। लेकिन, प्रशासनिक और राजनीतिक स्तर पर चल रही हैं। केंद्रीय निर्वाचन आयोग की टीम ने लखनऊ में बैठक कर तैयारियां परखी हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार को अपनी पहली सूची जारी कर प्रदेश की 51 सीटों सहित 195 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। मंडल की छह में चार सीटों पर भी प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। वहीं चुनाव की तैयारियों में प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी जुटे हैं। आचार संहिता लागू होने से पहले नई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया जा रहा है। मुरादाबाद हवाई अड्डे से विमान सेवा शुरु करने को किसी माननीय के कार्यक्रम का इंतजार किया जा रहा है। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने भी सभी विभागों के अधिकारियों को लंबित कार्यों को भी जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है।


पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को निर्देश देते एसएसपी हेमराज मीना। ● अमृत विचार

### चुनाव को लेकर पुलिस ने किया दंगा नियंत्रण का अभ्यास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिले की पुलिस ने अपनी तैयारी शुरू कर दी है। रविवार को पुलिस लाइन और कोतवाली नगर ग्राउंड में पुलिस ने दंगा नियंत्रण का अभ्यास किया। इस दौरान मॉक ड्रिल में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ ही अन्य पुलिस अधिकारी व थाना स्तर के पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने बताया कि दंगा नियंत्रण योजना (येलो स्कीम) के तहत पुलिस ने रिजर्व पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल रिहर्सल किया है। उन्होंने बताया कि आकस्मिक परिस्थिति व आगामी त्योहार व लोकसभा सामान्य निर्वाचन में सुरक्षा और शांति व्यवस्था के मद्देनजर दंगा नियंत्रण का अभ्यास कराया गया है। पुलिस लाइन में पुलिस बल, फायर सर्विस, यूपी डॉयल-112 के कर्मियों को दंगा नियंत्रण योजना के बारे में ब्रीफ किया गया। फिर अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों ने दंगा नियंत्रण का पूर्वाभ्यास किया। पुलिस अधीक्षक नगर अखिलेश भदौरिया ने बताया कि महानगर में तैयार की गई दंगा नियंत्रण योजना के संबंध में उसका भी रिहर्सल हुआ है। इसके लिए प्वाइंट भी बनाए गए थे, इन सभी प्वाइंट पर फोर्स भेजा गया था। किसी भी विपरीत समय में सभी को तैयार रहना सिखाया गया है। न्यूनतम समय में संबंधित स्थल पर पहुंचाना और वहां के लोगों को सुरक्षा दे सकें, उसी को लेकर पुलिस समय-समय पर तैयारी करती रहती है, मॉक ड्रिल उसी का भाग था। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण संदीप कुमार मीना, पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं सभी क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों ने पुलिस बल के साथ प्रतिभाग किया है।


खुशहालपुर रोड स्थित बैंक्वेट हॉल में मातृ शक्ति वंदन समारोह में सम्मानित महिलाएं, साथ में ट्रस्ट की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# समारोह में 51 महिलाओं का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सर्व प्रयास सीता रसोई ट्रस्ट की ओर से रविवार को खुशहालपुर रोड स्थित बैंक्वेट हाल में मातृ शक्ति वंदन समारोह का किया आयोजन किया। जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों से चयनित की गई महिलाओं को मुख्य अतिथि अल्पना गुप्ता ने सम्मानित किया।

रविवार को मातृ वंदन समारोह में महानगर के गायत्री डांस इंस्टीट्यूट की ओर से रंगारंग सांस्कृतिक सुप्रीत सिंह के निर्देशन में प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान कुल 51 महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था द्वारा किए जाने विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यों की संक्षिप्त आख्या पुनीत अग्रवाल ने दी। अतिथियों का स्वागत ट्रस्ट के अध्यक्ष उदयभान सिंह व धीरज गुप्ता ने किया। आभार अभिव्यक्ति सुधांशु कौशिक ने की । अध्यक्षता अनिता गुप्ता ने की। कार्यक्रम का कुशल संचालन सुधांशु कौशिक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जूही माथुर, छाया गुप्ता, जूही शर्मा, गीतांजलि दक्ष, अंजू पांडेय, गीता शर्मा, चांदनी छाबरा, अंजलि गौर, सुनीता चौधरी, शिखा शर्मा आदि का सहयोग रहा।

## एक नजर

### अफसर अली बने सोशल मीडिया चुनाव प्रभारी



**सैदनगली, अमृत विचार :** कांग्रेस ने सोशल मीडिया के जिला अध्यक्ष अफसर अली सैफी को लोकसभा चुनाव का सोशल मीडिया प्रभारी बनाया है। प्रदेश अध्यक्ष सोशल मीडिया पंखुड़ी पाठक की संस्तुति पर प्रदेश में 17 लोकसभा सीटों पर प्रभारी और सह प्रभारी नियुक्त किए गए है। जिसमें जनपद अमरोहा से सैदनगली निवासी अफसर अली सैफी जिला अध्यक्ष सोशल मीडिया को अमरोहा लोकसभा का प्रभारी तथा इन्तेजार मेहंदी नकवी को सह प्रभारी मनोनीत किया है। इससे अफसर अली सैफी के समर्थकों में खुशी की लहर है।

### पुलिस ने जुआ खेल रहे सात लोग पकड़े

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने शनिवार रात जुआ खेल रहे सात लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने जुआ के फड़ से ताश की गड्डी एवं 3790 रुपये बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम ने नगर के मोहल्ला काला शहीद स्थित नवाब के मकान के पीछे छापेमारी की थी। पुलिस टीम ने मौके से जुआरियों को गिरफ्तार किया। जुआ के फड़ से ताश के पत्तों सहित 3790 रुपये बरामद किए गए। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम कपिल, अमित, निक्की, शिवम, राजीव, राशिद, महिपाल निवासी कस्बा हसनपुर बताया। पुलिस ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ताश खेल रहे दो आरोपी गिरफ्तार, नकदी बरामद

**बुरावली, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह के निर्देशन में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को गश्त के दौरान फईम पुत्र बुद्धन खां निवासी और जागेश पुत्र प्रकाश बुरावली को 1150 रुपये व 52 पत्ते ताश सहित गिरफ्तार किया गया। रविवार को उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था को लेकर चेकिंग कर रहे थे। नखासा पशु बाजार ग्राउण्ड गांव बुरावली में आरोपियों को ताश खेलते गिरफ्तार कर लिया।

# सड़क हादसे में मासूम समेत दो की मौत तीन घायल, वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज

## ग्राम पिपलौती कलां के पास हुआ हादसा, गंभीर घायलों को किया रेफर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** बोलेरो एवं दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार मासूम सहित दो की मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बोलेरो को कब्जे में लिया। पीड़ित के भाई की तहरीर पर बोलेरो के चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

शनिवार रात थाना गजरौला के गांव ओसीता निवासी जीतू पुत्र चेतराम अपनी पत्नी सोनी एवं पुत्र राघव और प्रशांत के साथ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पथरा से शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से वापस लौट रहा था। उसके साथ ही दूसरी बाइक पर गांव निवासी चंद्रभान पुत्र जहांगीर भी था। दोनों बाइक से बांध मार्ग से गांव को जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइकें ग्राम पिपलौती कलां से कुछ आगे स्थित स्कूल के पास पहुंची तो सामने से आ रही बोलेरो ने दोनों बाइकों में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बोलेरो चालक गाड़ी छोड़कर मौके से फरार हो गया और ग्रामीण एकत्र हो गए। ग्रामीणों ने सड़क हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भिजवाया। हादसे में जीतू के चार वर्षीय पुत्र प्रशांत की मौके पर ही मौत हो गई तथा चंद्रभान की मेरठ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जीतू एवं उसकी पत्नी सोनी की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। जीतू के दूसरे पुत्र राघव की हालत सही बताई जा रही है। घायल के चचेरे भाई सुरेश की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने बोलेरो चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि बुलेरो की टक्कर में दो की मौत व तीन लोग घायल हुए हैं। घायल के भाई की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।



अस्पताल में भर्ती घायल का उपचार करते चिकित्सक। ● अमृत विचार



चंद्रभान।



प्रशांत।

### स्वयंसेवियों ने स्वच्छता का महत्व बताया

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** वाईएमएस कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम शाहबाजपुर में चल रहे विशेष शिविर के तीसरे दिन को श्रमदान दिवस के रूप में बनाया।

रविवार को स्वयंसेवियों ने गांव में घर-घर जाकर लोगों को श्रमदान के संबंध में बताते हुए गांव की नालियों की सफाई की और सड़कों पर मिट्टी भरकर रास्तों को दुरुस्त किया। साथ ही गांव वालों को समझाया कि गांव में जो गंदगी पनप रही है। वह हमें और हमारे गांव वालों को बीमार कर सकती है। कार्यक्रम अधिकारी सोहन सिंह ने बताया अगर सभी गांव के लोग मिलकर निस्वार्थ रोजाना एक घंटा लोगों के सहयोग के लिए श्रमदान करें तो इससे देश और दुनिया की तस्वीर बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम नैतिक जिम्मेदारियां एवं आपसी सौहार्द को बनाए रखने में बड़ी भूमिका तय करते हैं। इस अवसर पर प्रवक्ता भोला, नरगिस खातून, शिवानी रानी, नेहा रानी, अमरीन, इरम, सदफ नाज, सोबिया, सौम्या, दिव्या प्रताप सिंह, अभिषेक, अक्षित देओल आदि रहे।




शिविर में ग्रामीणों को जागरूक करते स्वयंसेवी। ● अमृत विचार

## ग्रामीणों को साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** झम्मनलाल पीजी कॉलेज हसनपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवियों का ग्राम रामपुर भूड़ में सात दिवसीय शिविर चल रहा है। रविवार को स्वयं सेवियों ने शिविर परिसर को साफ करने के बाद मां सरस्वती की मूर्ति के समक्ष कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीति शर्मा और प्रवक्ता राजेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित किया। शिविर में कार्यक्रम अधिकारी ने साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया।

उन्होंने कहा कि साइबर अपराध मोबाइल और कंप्यूटर के माध्यम से होता है। वर्तमान में ऑनलाइन ठगी बढ़ती जा रही है। सही वेबसाइट पर ही क्लिक करें और पासवर्ड ओटीपी नंबर किसी को न बताएं। मिशन शक्ति विषय पर राजेंद्र सिंह ने कहा कि अब महिला कमजोर नहीं है। वह हर क्षेत्र में आगे है। यदि आपके साथ कहीं कुछ अपराध हो रहा है तो उसकी जानकारी के लिए तुरंत 1090 या 112 पर कॉल करें। शिविर के दौरान स्वयं सेवियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम किए। जिसमें भाषण और कविताएं सुनाईं गईं।

## कंवर सिंह तंवर को भाजपा से टिकट मिलने पर बांटी मिठाई

संवाददाता, कैसरा

**अमृत विचारः** भाजपा से पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर को अमरोहा लोकसभा से प्रत्याशी घोषित होने के बाद उनके समर्थक व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई।

रविवार को ग्राम कैसरा में पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुर्जर के आवास पर टिकट घोषित होने पर मिठाई का वितरण किया। इस मौके पर धर्मवीर भाटी, हरपाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, नौ सिंह, मुन्ना खां, चन्द्रशेखर, देव गुर्जर आदि मौजूद रहे।



मिठाई का वितरण कर खुशी जताते लोग। ● अमृत विचार

▸▸ पूर्व सांसद को टिकट मिलने पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

### पूर्व सांसद का सोशल मीडिया पर विरोध

**हसनपुर, अमृत विचार :** भाजपा द्वारा अमरोहा लोकसभा सीट से घोषित किए प्रत्याशी पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर का सोशल मीडिया पर विरोध शुरू हो गया है। अमरोहा लोकसभा चुनाव में भाजपा द्वारा चौधरी कंवर सिंह तंवर पर विश्वास जताते हुए प्रत्याशी घोषित किया है। लेकिन घोषणा होते ही सोशल मीडिया पर संचालित खड़गवंशी समाज के व्हाट्सएप ग्रुपों पर समाज के लोगों द्वारा विरोध करना शुरू हो गया। जो सिलसिला शनिवार की देर रात शुरू हुआ तो रविवार दोपहर तक नहीं थमा।

### त्योहारों को लेकर अमन कमेटी की बैठक

**मंडी धनौरा, अमृत विचारः** थाने में महाशिवरात्रि, रमजान व होली मनाने को लेकर क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर व उप जिलाधिकारी चंद्रकांता ने संभ्रांत व्यक्तियों के साथ अमन कमेटी की बैठक की।

बैठक में क्षेत्राधिकारी व एसडीएम ने कहा कि त्योहारों के दिनों में कोई नई परंपरा नहीं शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि त्योहार प्रेम का प्रतीक होते हैं। कोई भी समस्या हो तो पुलिस को बताएं। पुलिस सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। पुलिस पूरी तरह से सतर्क है। लगातार क्षेत्र में निगाह रखी जा रही है। थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप ने कहा के शिवरात्रि के दिन क्षेत्र के शिव मंदिरों में पुलिस गशत करती रहेगी। बैठक में महंत बाबा दीनानाथ, तेजराम सैनी, अशोक सैनी, रविंद्र सैनी, ताराचंद सैनी, देशराज सिंह, नौशाद मंसूरी, विवेक, किशनलाल, जगत सिंह सैनी, नरेंद्र जाटव, गौरव धारीवाल रहे।

## मां के कदमों में होता है स्वर्ग : मौलाना

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार :** नगर के इमामबारगाह पीरजी सैय्यद मुस्तकीम अली में मरहूमा शकीला खातून के चेहल्लुम पर ईसाले सवाब के सिलसिले में मजलिस हुई।

इसका आगाज मर्सियाख्वानी से डॉ. लईक हैदर और हमनवा ने किया। मजलिस में जलालपुर से आए मौलाना मेंहदी हसन वाइज ने खिताब करते हुए कहा कि अल्लाह ने इंसान की पैदाइश का जरिया उसके मां-बाप को बनाया है। मां के कदमों में स्वर्ग है, जबकि पिता स्वर्ग की चाबी है। हर इंसान की जिम्मेदारी है कि वह अपने माता पिता की सेवा करे, उनकी हर तरह से खिदमत करे। जब मां-बाप बूढ़े हो जाएं तो उनके बिना कहे उनकी हर जरूरत को पूरा करे। इंसान पूरी जिंदगी में भी अपने मां-बाप का हक अदा नहीं कर सकता। मौलाना ने कर्बला वालों का भी जिक्र किया। इस अवसर पर वकार मेहदी बाकरी, मौलाना आसिफ, मौलाना कम्बर, मौलाना मीसम, कसीम हैदर, हसन मेंहदी, अम्मार हैदर, नबी हादी, शबीह हैदर, हाजी नसीरुल हसन, कम्बर रजा, डॉ. कैसर हुसैन, मुहम्मद हैदर, हसन रजा आदि मौजूद रहे।



मजलिस को खिताब करते मौलाना मेंहदी हसन वाइज। ● अमृत विचार

**मजलिस**

▸▸ मौलाना ने कर्बला वालों का भी जिक्र किया

▸▸ मजलिस का आगाज मर्सियाख्वानी से किया गया

### गाली देने से मना करने पर पीटा, धमकी दी

**हसनपुर, अमृत विचारः** शादी समारोह के दौरान गाली देने से मना करने पर युवक से मारपीट कर उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित कोतवाली पहुंचा और आरोपी के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव डगरपुरी निवासी कमल पुत्र नन्हे सिंह शनिवार रात नगर में शादी समारोह में गया था। वहीं गांव निवासी अरुण भी आया था। समारोह में अरुण ने कमल को गाली देनी शुरू कर दी। जिस पर कमल ने गाली न देने की बात कही तो अरुण ने मारपीट कर कमल को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया। पीड़ित कमल कोतवाली पहुंचा और आरोपी अरुण के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने पीड़ित से तहरीर लेकर आरोपी अरुण के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया मारपीट की तहरीर मिली है।



कोतवाली में परिजनों के साथ शिकायत करने पहुंचे पीड़ित। ● अमृत विचार

## बदमाशों ने नकदी और बाइक लूटी

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** बेटी की शादी के कार्ड बांटकर घर लौट रहे चाचा-भतीजे के साथ तमंचे के बल पर बदमाशों ने हजारों रुपये लूट लिए। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। तहरीर मिलते ही पुलिस जांच में जुटी है।

थाना बछरायूं के गांव रामपुरा खादर निवासी पप्पू पुत्र मूलचंद की बेटी की शादी नौ मार्च को है। वह रिश्तेदारी में शादी के कार्ड बांटने के लिए अपने चाचा कलुआ पुत्र गोविंद के साथ हसनपुर क्षेत्र में आया हुआ था। शनिवार रात को कार्ड बांटकर बाइक से घर को लौट रहे पप्पू और कलुआ जैसे ही दयावली एवं अलीपुर लिंक मार्ग पर पहुंचे तो नकाबपोश तीन बदमाशों ने उन्हें घेर लिया और तमंचे के बल पर दोनों के साथ मारपीट की। बदमाशों ने पप्पू से 2500 और कलुआ से 4800 व बाइक लूट ली और फरार हो गए। पीड़ित परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचा और अज्ञात के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी है, जल्द अनावरण होगा।

## दूसरे दिन भी बारिश से बढ़ गई ठंड

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रविवार को भी हुई बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। पूरा दिन बादल छाए रहे। बारिश से गेहूं, सरसों व आलू की फसल को भी नुकसान हुआ है। वहीं बर्फीली हवा ने ठंड बढ़ा दी है।

रविवार को हुई बारिश से ठंड बढ़ गई और लोगों ने गर्म कपड़े निकाल लिए। हालांकि दोपहर में कुछ देर के लिए धूप निकली, जिससे राहत मिली, लेकिन फिर शाम को हवा चलने से ठंडक और बढ़ गई। रविवार सुबह से ही बूंदाबांदी शुरू हो गई। इसके बाद ठंडी हवाओं ने लोगों को ठंड का एहसास कराया। बारिश और तेज हवा से सरसों व गेहूं की फसल में नुकसान है। क्योंकि कई जगह पर सरसों कटी हुई खेतों में पड़ी है। जिससे खेत में पानी भरने से कटी फसल में नुकसान की आशंका ज्यादा है। किसान दिनेश शर्मा, कावेंद्र सिंह ने बताया कि बारिश और तेज हवा चलने से गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान है। अब गेहूं भी तैयार है और हवा की वजह से कई जगह पर गेहूं की फसल गिर गई।



आसमान में छाए काले बादल। ● अमृत विचार

### तेज हवा के साथ छाए बादल

**गजरौला, अमृत विचार :** रविवार को दिनभर घने बादल छाने व तेज हवा से ठंड बढ़ गई। शनिवार सुबह बारिश हुई थी और रविवार सुबह भी बादल छाए रहे। किसानों ने बारिश से गेहूं व आलू की फसल को नुकसान बताया है। शनिवार सुबह एक बार फिर से बदले मौसम के मिजाज ने लोगों को ठंड का अहसास कराया। घने बादल आसमान में छाए रहे। रविवार की सुबह तेज हवा से लोगों को ठंड का अहसास हुआ। किसानों का कहना है कि इस समय की बारिश से उनकी गेहूं व आलू की फसल को भारी नुकसान होने की चिंता है।

## न्यायालय के आदेश पर सात लोगों पर रिपोर्ट

▸▸ जमीन का बैनामा कराने का है मामला

**हसनपुर, अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र के गांव में फर्जी तरीके से भूमि का बैनामा कराने के मामले में न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शाहपुर कलां निवासी मुनेश ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था कि उसका भाई कुंवर पाल आपराधिक छवि का व्यक्ति है, उसने गलत तरीके से उसके हिस्से की भूमि का बैनामा करा दिया। जब वह कोतवाली पहुंची तो कोतवाली पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने भूमि का अवैध तरीके से बैनामा कराने के मामले में कुंवरपाल, सोनू, रजनी, सतबीर, मुनिदेव निवासी शाहपुर कलां एवं मधुसुदन शर्मा, पूनम शर्मा निवासी हसनपुर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। प्रभारी निरीक्षक सनोज प्रताप सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर सात लोगों के खिलाफ अवैध रूप से भूमि का बैनामा कराने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।




**कार्यक्रम** रहरा बस स्टैंड चौराहे पर लगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा का उद्घाटन

# महाराणा प्रताप देशभक्ति, वचनबद्धता की मिसाल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचारः** रहरा बस स्टैंड चौराहे पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा का अनावरण विधायक व चेयरमैन ने किया। उन्होंने भाजपा शासन में क्षेत्र में हुए विकास कार्यों के बारे में भी बताया।

रविवार को नगर पालिका प्रशासन द्वारा विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी के प्रस्ताव पर लगभग 12 लाख रुपये से नगर के रहरा बस स्टैंड चौराहे पर महाराणा प्रताप चौक का निर्माण कराया है। यहां महाराणा प्रताप की प्रतिमा भी लगवाई गई है। रविवार को विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी सभासदों एवं भाजपा नेताओं के साथ महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचे और फीता काटकर प्रतिमा का अनावरण किया। विधायक ने कहा कि महाराणा प्रताप वीरता, देशभक्ति और वचनबद्धता की अद्भुत मिसाल हैं, युवाओं को उनके विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पालिका द्वारा नगर में और भी चौक बनवाए जा रहे हैं। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी प्रदीप नारायण दीक्षित, जेई संगीता कश्यप, जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, व्यापारी नेता अंकुर अग्रवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य देवेंद्र खड़गवंशी, सभासद शुभम अग्रवाल, मोहसिन खान, राहुल सैनी, नितिन सैनी, राजपाल सैनी, राजेश अग्रवाल, पुरुष अग्रवाल सहित लोग मौजूद रहे।



फीता काटकर उद्घाटन करते विधायक महेंद्र खड़गवंशी व अन्य। ● अमृत विचार

### आर्यों का धर्म वेदों को पढ़ना और पढ़ाना

**हसनपुर, अमृत विचारः** आर्य समाज हसनपुर द्वारा आयोजित साप्ताहिक यज्ञ और सत्संग हुआ। वैदिक प्रचारक वीर सिंह आर्य ने कहा कि आर्यों का परम धर्म वेदों को पढ़ना व पढ़ाना है। समाज के सरल, सुशील एवं सज्जन व्यक्तियों को संगठित रहकर एक मन-एक विचार के साथ, आर्य धर्म का प्रचार एवं प्रसार एवं सत्य को धारण करने तथा असत्य को छोड़ने के लिए सदैव उद्धत रहना चाहिए।

आर्य समाज हसनपुर द्वारा जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के पूर्व प्रधान डॉ. अशोक रूस्तगी की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। साप्ताहिक यज्ञ के मुख्य यजमान ब्रहमशिला एवं पुरोहित मिलन आर्य रहे। इस अवसर पर नन्हे सिंह आर्य, मंत्री सुरमित कुमार गुप्त, रोहतास सिंह आर्य, अमित शर्मा, अमित कुमार, सूर्यकांत, राजेंद्र सिंह, ज्ञानेंद्र रस्तोगी, डॉ. सत्य स्वरूप गुप्ता, प्रभात, इन्द्रा आर्या, सविता गुप्ता, सरोज रस्तोगी, ब्रह्मशिला आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### अंडरपास निर्माण को लेकर 41वें दिन भी धरने पर डटे किसान

**संभल अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 41वें दिन भी जारी रहा। रविवार को धरने पर किसानों ने गांव हिसामपुर और भटौला के बीच अंडरपास बनवाने की मांग उठाई। किसानों ने कहा कि सरकार और यूपीडा द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है। प्रशासन ने अंडरपास बनवाने की मांग पूरी नहीं कराई है। जिससे किसानों में रोष है। इस दौरान भाकियू असली जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह यादव, राहिद, मुकेश, अखिलेश, महेश, पातीराम, रामकिशन, जयपाल, गनपत, दोजी सिंह, अशोक कुमार, आदि रहे।

### 40 लीटर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव पोटा निवासी दानिश रविवार को गांव में स्थित काली मंदिर तिराहे के पास खड़ा होकर शराब बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और 40 लीटर शराब बरामद कर दानिश को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने दानिश का चालान कर दिया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार दंपती व बेटा घायल

**संभल, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में संभल मनोटा मार्ग पर गांव नगला फैक्ट्री के पास कार की टक्कर से बाइक सवार माता पिता व डेढ़ वर्षीय बेटा घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। मुरादाबाद जिले के गांव जैतिया फिरोजपुर निवासी राजेश रविवार की शाम पांच बजे असमोली थाना क्षेत्र के गांव रुस्तमपुर न्यावली गांव में स्थित ननिहाल से घर जा रहा था। बाइक पर राजेश की पत्नी मोनिका व डेढ़ वर्षीय बेटा शान भी था। थाना क्षेत्र में संभल–मनोटा मार्ग पर गांव नगला फैक्ट्री के पास कार ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में राजेश, मोनिका और शान घायल हो गए। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने राजेश, मोनिका व शान को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

## संभल के मजदूर की दिल्ली में करंट से मौत

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** दिल्ली के चांदनी चौक में रहकर मजदूरी पर टेंट लगाने का काम कर रहे संभल के मजदूर की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई।

कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव रझेडा सलेमपुर निवासी टिंकेश शर्मा 22 वर्ष दो माह से दिल्ली के चांदनी चौक में रहकर मजदूरी पर टेंट लगाने का काम कर रहा था। गुरुवार को टिंकेश शर्मा दिल्ली में टेंट लगाते समय कमरे के पास टीन शेड पर आ रहे करंट की चपेट में आकर गंभीर रुप से झुलस गया। साथी मजदूरों ने टिंकेश शर्मा को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया। शनिवार की देर शाम उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजन शव लेकर घर आ गए और अंतिम संस्कार कर दिया।

### संभल के कई क्षेत्रों में लगातार दूसरे दिन भी हुई बारिश, चली तेज हवा, गेहूं व सरसों की फसल बिछी, खेतों में पहुंचे किसान हुए चिंतित

# बेमौसम बरसात से गेहूं व सरसों की फसल को नुकसान, किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, संभल/जुनावई

**अमृत विचार :** बेमौसम बारिश से जहां सर्दी का अहसास बढ़ रहा है, वहीं फसलों को भी नुकसान पहुंच रहा है। बारिश के साथ चली तेज हवा से गेहूं और सरसों की फसल खेतों में बिछ गई तो किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें खिंचने लगी।

कुछ दिन पहले दिन में तेज धूप के कारण मौसम में गर्मी बढ़ रही थी लेकिन अचानक मौसम का मिजाज बदला। शनिवार के बाद रविवार को सुबह के वक्त भी बारिश हुई। इतना ही नहीं, तेज हवा भी चली। जिससे खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बिछ गई जिससे काफी नुकसान होना बताया जा रहा है। बिगड़े मौसम से सरसों की फसल को भी क्षति पहुंची। किसानों का कहना रहा कि अगर मौसम अनुकूल नहीं हुआ तो गेहूं और सरसों की फसल बर्बाद हो जाएगी। जिस उम्मीद में फसल लगाई है, वह पूरी नहीं होगी। संभल के अलावा सिरसी, हजरतनगर गढ़ी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, गुन्नौर, बबराला, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र के तमाम खेतों में गिरी गेहूं एवं सरसों की फसल के नुकसान के नजारे दिखाई दिए।



जुनावई के गांव में तेज हवा व बरसात से गिरी गेहूं की फसल। ● अमृत विचार

### बारिश से बढ़ी सर्दी, दिनभर छाए रहे काले बादल

**संभल अमृत विचार :** जनपद में रविवार को सुबह भी रिमझिम बारिश हुई। उस वक्त लोग जहां के तहां फंस गए क्योंकि लोग कामकाज वाले स्थानों का रुख कर रहे थे। बारिश रुकने पर लोग गंतव्य की तरफ बढ़े। हालांकि बारिश रुक गई लेकिन दिनभर आसमान में काले बादल छाये रहने के बीच ठंडी तेज हवा चलती रही। सूर्यदेव ने भी दर्शन दिए लेकिन खास राहत नहीं मिल पाई। शाम होने पर लोगों ने जल्द ही जरूरी काम निपटाकर घरों का रुख शुरू कर दिया।

### बिगड़े मौसम के कारण समय से पूर्व आलू की खोदाई कर रहे किसान

**संभल/सौंधन, अमृत विचार :** संभल जिले में दो दिन से हो रही बारिश के चलते जहां गेहूं और सरसों की फसल को नुकसान है, वहीं आलू की फसल पर भी संकट मंडरा गया है। इसलिए किसानों ने समय से पहले ही खेतों में आलू की खोदाई शुरू करा दी है। किसानों का कहना है कि अगर ज्यादा बारिश हुई तो पानी भर जाने पर फसल खराब हो जाएगी। इसी अंदेशे में आलू की खुदाई कराई जा रही है। आदमपुर मार्ग पर स्थित गांवों और दूसरे क्षेत्रों में तमाम किसानों ने आलू की पैदावार की है। शुक्रवार शाम से मौसम बिगड़ा। शनिवार के बाद रविवार को भी बारिश हुई। जिससे किसानों में चिंता है। ज्यादा बारिश होने पर खेतों में पानी भर गया तो आलू की फसल बर्बाद हो जाएगी। इसी कारण तमाम किसानों ने आलू फसल की खोदाई शुरू करा दी है। गांव सौंधन मोहम्मदपुर, सिहावली, गौंहत समेत कई गांवों में रविवार को किसान खेतों में आलू की फसल की खोदाई करते देखे गए। किसानों का कहना रहा कि पक्के के आलू की फसल लगाई थी लेकिन इस बार मौसम बिगड़ रहा है। इसलिए समय से पहले ही खेतों में आलू फसल की खुदाई करा रहे हैं। ऐसा करके आलू फसल को सुरक्षित किया जा सकेगा।



संभल में खेत में आलू की खोदाई करते किसान। ● अमृत विचार

# श्रद्धालुओं ने की 68 तीर्थ व 19 कूपों की परिक्रमा

### प्राचीन श्री वंशगोपाल तीर्थ पर फूलों और गुलाल की होली खेलकर जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, संभल

- जगह-जगह हुआ स्वागत, सुरक्षा के रहे इंतजाम

**अमृत विचार :** संभल में बारिश के बावजूद 24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह नजर आया। श्रद्धालुओं ने श्री कल्कि के जयकारे लगाते हुए 68 तीर्थ और 19 कूपों की परिक्रमा की। जगह-जगह स्वागत हुआ तो श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ता गया। परिक्रमा को लेकर सुरक्षा के इंतजाम रहे।

24 कोसीय तीर्थ परिक्रमा समिति की ओर से रविवार को संभल में परिक्रमा का आयोजन किया गया। आदमपुर मार्ग पर गांव बेनीपुर चक में स्थित प्राचीन श्री वंशगोपाल तीर्थ पर श्रद्धालु जुटे। बारिश के दौरान ही श्रद्धालुओं ने फूलों और गुलाल से होली खेलते हुए परिक्रमा की शुरूआत की। एक-दूसरे पर फूलों और गुलाल की बौछार हुए श्रद्धालु निकले। श्री कल्कि और श्रीकृष्ण के जयकारे लगाकर श्रद्धालु परिक्रमा मार्ग पर बढ़े तो भक्तिमय माहौल बन गया। डीजे पर गूंज रहे गीतों पर नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं ने श्री कल्कि का गुणगान किया। श्रद्धालु भक्ति में रमे नजर आए और प्राचीन श्री वंशगोपाल तीर्थ पर परिक्रमा पूर्ण की। इस बीच गांव खानपुर खुम्मार, क्षेमनाथ तीर्थ, भवानीपुर, चंद्रेश्वर महादेव मंदिर, आढ़ौल में श्रद्धालुओं का स्वागत हुआ। भंडारे में विभिन्न खाद्य पदार्थों का प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया। परिक्रमा के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा। इस दौरान महंत भगवत प्रिय महाराज, महंत मुरली सिंह, बालयोगी दीनानाथ, कुलदीप मिश्रा, मुकेश शर्मा, राजकुमार शर्मा, मुकेश गोयल, धर्मेंद्र ठाकुर, जसपाल सिंह, प्रभाकर शुक्ला, कैलाश गुप्ता, पुनीत, रामकिशन ठकराल, नवीन, नितिन, शोभित शास्त्री, राहुल शर्मा, गौरव शर्मा, ऋषभ ठाकुर, दीपक, जबर सिंह, पीयूष, किरण, सुमन, वैष्णवी, देवांश आदि रहे।



जयकारे लगाते हुए परिक्रमा मार्ग पर आगे बढ़ते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### किसानों को सता रही ओलावृष्टि की आशंका

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बेमौसम बिगड़े मौसम से जहां गेहूं की फसल पर संकट मंडराने से किसानों के चेहरे पर चिंता की लकीरें खिंच गई हैं। वहीं दूसरे दिन रविवार को भी बूंदाबांदी के साथ तेज हवा के चलने से मौसम में ठंडक और बढ़ गई। शुक्रवार की रात अचानक मौसम का मिजाज बदला और बूंदाबांदी के साथ शनिवार की सुबह से दोपहर तक बारिश हुई। तेज हवा चलने से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल बिछ गई। जिससे काफी नुकसान होने की आशंका है। वहीं दूसरे दिन रविवार को सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। तेज हवा भी चलती रही। जिससे मौसम में काफी ठंडक हो गई। लोग फिर से गरम कपड़े पहने नजर आए। बनियाठेर के गांव अकरौली के किसान मुन्ने खां ने बताया कि वह कई वर्षों से लगातार गेहूं की फसल बोता आ रहा है। इस बार गेहूं के पौधे में अभी दाना भी नहीं बना है। चमक, गरज और तेज हवा से अब गेहूं की फसल खराब हो गई है।



गेहूं की फसल गिरी देखकर सदमें में किसान।



जुनावई में बच्चों को सम्मानित करते अतिथि। ● अमृत विचार

### खेलकूद प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** विकास खंड जुनावई में राजकीय महाविद्यालय के मैदान में नेहरू युवा केंद्र द्वारा कराई गई दो दिवसीय ओपन खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। विभिन्न प्रतियोगिता में युवाओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। खेलकूद प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में जॉली ने भाला फेंक में प्रथम, कनिष्का ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। गोला फेंक में यशका ने प्रथम, हिना ने द्वितीय और सावित्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में सावित्री प्रथम, रितेश द्वितीय स्थान पर रहीं। लंबी कूद में कनिष्का ने प्रथम, कुसमा ने द्वितीय, ऊंची कूद में हिना ने प्रथम, रितेश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में 400 मीटर दौड़ में पवन ने प्रथम, जोगेंद्र ने द्वितीय, कबड्डी में जनता इंटर कॉलेज ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय ने द्वितीय, खो–खो में अजीजपुर ने प्रथम, जुनावई ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान युवक मंगल दल अध्यक्ष रंजीत कुमार गोस्वामी, पीटीआई मनवीर सिंह, पीटीआई देवकिशन यादव, राकेश प्रधान, वीर सिंह, अखिलेश यादव, राजकुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### रास्ते में खेल रहे बच्चे पर सांड ने किया हमला, घायल

**संभल/सिरसी, अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के फुलसिंघा गांव में घर के बाहर खेल रहे सात वर्षीय बच्चे पर सांड ने हमला कर दिया। ग्रामीणों ने किसी तरह सांड को भगाया लेकिन तब तक उसने बच्चे को बुरी तरह घायल कर दिया। गांव फुलसिंघा निवासी तालिब का सात वर्षीय बेटा फैसल रविवार की शाम चार बजे घर के बाहर रास्ते में खेल रहा था। अचानक से वहां आये सांड ने फैसल पर हमला कर दिया। सांड के हमला करते ही साथ में खेल रहे बच्चे डर के मारे शोर मचाते भागकर आसपास के घरों में छिप गए। बच्चों के शोर को सुनकर आसपास के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे और लाठी डंडों से डरा–धमकाकर सांड को भगाया। जब तक सांड को भगाया गया तब तक उसने बच्चे को बुरी तरह घायल कर दिया था। परिजन घायल फैसल को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### तेंदुए की निगरानी को वन विभाग ने लगाया कैमरा

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में तेंदुए की तलाश में वन विभाग की टीम ने जंगल से गुजर रही मध्य गंगा नहर से गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर तेंदुए को वीडियो में कैद करने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाया। साथ ही ग्रामीणों को सावधानी बरतते हुए शाम के बाद घरों में ही रहने की सलाह दी। थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा में रविवार की सुबह दस बजे वन विभाग में गुन्नौर रेंजर विशेष कुमार, वन रक्षक राजकुमार सैनी, वन दरोगा असमोली मोहित कुमार और चंदौसी वन दरोगा रजीउल अब्बास पहुंचे। गांव में पहुंचकर वन विभाग की टीम ने जंगल व मध्य गंगा नहर पर तेंदुआ और उसके पंजों के निशान तलाशे। साथ ही मध्य गंगा नहर से गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर सीसीटीवी कैमरा लगाया। जिससे रास्ते पर आने जाने पर तेंदुआ वीडियो में कैद हो सके। वन विभाग की टीम ने बताया कि ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को जंगल की ओर न जाने दें। ग्रामीण खेतों पर आठ से दस लोगों का समूह बनाकर, हाथों में लाठी डंडे लेकर जाएं।

### बाइक चारदीवारी से टकराई, ग्रामीण घायल

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र में बाइक सवार रास्ते के पास स्थित गैस एजेंसी की चारदीवारी से टकराकर गंभीर रुप से घायल हो गया। कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव सैंडा निवासी राजकुमार रविवार की सुबह साढ़े 11 बजे बाइक पर सवार होकर नखासा थाना क्षेत्र के गांव हिसामपुर जा रहा था। थाना क्षेत्र में सैंडा मार्ग पर गांव हिसामपुर के निकट गैस एजेंसी के पास पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित होकर चारदीवारी से टकरा गई और राजकुमार रास्ते पर गिरकर गंभीर घायल हो गया।

### प्लास्टिक का प्रयोग न करें, बाजार जाते समय थैला लेकर जाएं

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों का सात दिवसीय शिविर खुर्जा गेट स्थित सरोजनी नायडू कंपोजिट विद्यालय में लग रहा है। रविवार को शिविर में तीसरे दिन को पर्यावरण संरक्षण व प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान के तहत मनाया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल गहलोत व डॉ. प्रियंका ने सेविकाओं नाजमीन, मीनू, अनुष्का गोयल, इल्मा, संध्या, रुषदा, प्रियम, रुक्मिणी, रेनू के साथ घर–घर जाकर जागरूक किया। कहा कि हमें प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करना चाहिए और बाजार जाते समय घर से थैला साथ लेकर जाना चाहिए। दूसरे सत्र में मुख्य वक्ता डिस्ट्रिक काउंसलर बाल कल्याण समिति नीलम राय ने कहा कि रासेयो के माध्यम से समाज व समुदाय की सेवा करने का अच्छा अवसर मिलता है। इसके अलावा प्राकृतिक संसाधनों का किस तरह से उपयोग जाए के विषय में जानकारी दी।



कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री का संबोधन सुनते अधिकारी व जनप्रतिनिधि। ● अमृत विचार

# विद्यालयों में अलंकार योजना के कार्य शुरू

संवाददाता, बहजोई

- छह राजकीय विद्यालय व तीन अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में हो रहे कार्य
- जिलाधिकारी ने सभी निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्वक किए जाने के लिए निर्देश

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा प्रोजेक्ट अलंकार योजना माध्यमिक विद्यालयों में हो रहे कायाकल्प के तहत जनपद के 6 राजकीय व 3 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों के पुनर्निर्माण व अवस्थाना निर्माण कार्य का शुभारंभ मुख्यमंत्री ने वर्चुअली बटन दबाकर किया। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक कराए जाने के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के तहत गोरखपुर से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक कराए जाने के निर्देश दिए।

जनपद में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत जो भी निर्माण कार्य हो रहे हैं वह सही जगह पर हों और निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए। किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

इस दौरान सीडीओ भारत कुमार मिश्रा, एडीएम प्रदीप वर्मा, एसडीएम संभल विनय कुमार मिश्रा, डीआईओएस बेदराम, भुवनेश राघव, देवेंद्र यादव आदि जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

## नाली के विवाद में दो पक्षों में चले लाठी डंडे, चार लोग घायल

**संभल/रजपुरा, अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र में पिछले कई माह से चले आ रहे नाली के विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। झगड़े में एक पक्ष के चार लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाकर तहरीर दी।

गांव पवारी निवासी असलम व हासिम के बीच पिछले कई माह से नाली को लेकर विवाद चला आ रहा है। रविवार को भी नाली के विवाद को लेकर असलम व हासिम आमने सामने आ गए और गाली गलौज करने लगे। गाली गलौज होती देखकर असलम व हासिम के अन्य परिजन भी मौके पर आ गए। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों के लोगों ने एक दूसरे पर लाठी डंडों से हमला कर दिया और जमकर लाठी डंडे चले। जिसमें एक पक्ष से असलम, अफरोज, जैनब और सुराजन घायल हो गए। जिसके बाद दोनों पक्ष थाने पहुंचे और एक दूसरे पर आरोप लगाकर पुलिस को तहरीर दी। थाना प्रभारी जयपाल सिंह ने बताया कि घायलों का मेडिकल कराया गया है।

# दुल्हन की बिगड़ी तबीयत तो दूल्हा पक्ष का शादी से इनकार

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- स्वागत के बाद हो गई बरात की चढ़त, दावत के बाद हो रही थी जयमाला की रस्म
- शादी से इनकार पर हुआ हंगामा पुलिस पहुंची, हुई पंचायत, लेकिन नहीं निकला हल

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में बरात पहुंचने पर स्वागत हुआ। बरात चढ़त के बाद दावत हुई और फिर जयमाला का कार्यक्रम शुरू हो गया। इस बीच दुल्हन की तबीयत बिगड़ने की जानकारी मिलते ही दूल्हा पक्ष ने शादी से इनकार कर दिया। जिसे लेकर हंगामा हुआ तो पुलिस भी पहुंची। मामले को लेकर पंचायत चली लेकिन कोई हल नहीं निकल सका। यह मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा।

रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव देवरा भूरा में शनिवार को गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिरौरा काजी से बरात आई थी। बरात के स्वागत के बाद चढ़त हुई। चढ़त के बाद दावत और जयमाला का कार्यक्रम शुरू हो गया। इसी दौरान दुल्हन की अचानक तबीयत बिगड़ने लगी। जिसकी जानकारी होने पर दूल्हा पक्ष के लोगों ने शादी से इनकार कर दिया। यह सुनते ही दुल्हन पक्ष के लोग हैरान रह गए। दुल्हन पक्ष के लोग और ग्रामीण दूल्हा पक्ष के लोगों को मनाने में जुट गए। शादी के लिए नहीं मानने पर हंगामा भी हुआ और नौबत टकराव तक पहुंच गई।

इस बीच शादी से इनकार किए जाने की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और जानकारी की। बाद में दुल्हन और दूल्हा पक्ष के लोग थाने पहुंचे। पंचायत हुई लेकिन कोई हल नहीं निकला।

हालांकि दुल्हन पक्ष के लोगों का कहना रहा कि शादी की तैयारी, रस्मों और दावत में जो खर्च हुआ है, वह वापस कर दिया जाए लेकिन इस बात पर दूल्हा पक्ष के लोग सहमत नहीं हुए। बाद में गांव देवरा भूरा में ही पंचायत चली।



रबर बुलेट गन चलाता पुलिस कर्मी व निर्देश देते सीओ। ● अमृत विचार

## पुलिस ने किया दंगे से निपटने का अभ्यास

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव व त्योहारों से पहले शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस खुद को तैयार कर रही है। असमाजिक तत्वों व दंगे जैसे हालात से निपटने के लिए पुलिस कर्मियों को ड्रिल के माध्यम से अभ्यास कराया गया।

पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री श्रीश्चन्द के नेतृत्व में रविवार को नवीन पुलिस लाईन बहजोई में जनपद के थाना प्रभारियों व शाखाओं में तैनात अधिकारियों व पुलिस जवानों को आकस्मिक परिस्थिति से निपटने के लिए ड्रिल कराई गई। दंगाई भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठी चार्ज कैसे किया जाए और आंसू गैस व रब बुलेट कैसे चलाई जाए इसके बारे में बताकर अभ्यास कराया गया।

पुलिस की एक टीम को दंगाई बनाकर उनसे निपटने, दंगाईयों की गिरफ्तारी व घायलों को अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास किया गया। टियर स्मोक सेल व नेट आदि के प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में अवगत कराया गया।

**व्यवस्था** | महाशिवरात्रि के दिन एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान

# जलाभिषेक को लेकर प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ कीं

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि पर प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं के जलाभिषेक को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां प्रारंभ कर दी है। एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने मंदिर पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों का जायजा लिया। मंदिर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने के निर्देश दिए।

8 मार्च को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर गांव सादातबाड़ी स्थित प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं की भीड़ जलाभिषेक करने को उमड़ेगी। जिसको लेकर सभी तैयारियां को अमली जामा पहनाना जिला प्रशासन ने प्रारंभ कर दिया है।

मंदिर पहुंचने के रास्ते पर बैरिकेडिंग की जा रही है। महिला पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग से लाइन से मंदिर तक भेजा जाएगा।

ग्राम पंचायत ने जहां चारों ओर बैरिकेडिंग कर सभी व्यवस्थाओं को अमली जामा पहना दिया है। वहीं सुरक्षा व्यवस्था चाक प्रबंध करने को लेकर पुलिस ने भी कड़े इंतजाम कर लिए हैं।

वाहन पार्किंग मंदिर परिसर से एक किलोमीटर दूरी पर रखी गई है। जिससे की पैदल आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो।



मंदिर की व्यवस्थाओं का जायजा लेतीं एएसपी अनुकृति शर्मा। ● अमृत विचार

- सादातबाड़ी मंदिर पर रहेंगे कड़े सुरक्षा इंतजाम, एएसपी ने लिया जायजा

### मंदिर परिसर में अस्थाई पुलिस चौकी बनाएं

**बहजोई, अमृत विचार :** प्राचीन पातालेश्वर महादेव मंदिर पर सुरक्षा व्यवस्था को कड़े इंतजाम करने को लेकर एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा मंदिर परिसर पहुंचीं। जहां उन्होंने श्रद्धालुओं के आने वाले रास्तों का निरीक्षण किया। वहीं मंदिर परिसर में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोतवाल बहजोई सत्येंद्र पवार को निर्देश दिए। कहा मंदिर परिसर में अस्थाई पुलिस चौकी स्थापित की जाएगी। चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगा। एएसपी ने पूरे मंदिर परिसर को सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पार्किंग की व्यवस्था मंदिर से दूर की जाए। इस दौरान सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी व कोतवाल सत्येंद्र पवार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### त्योहारों के मद्देनजर जनपद में धारा 144 लागू

**बहजोई,अमृत विचार :** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने आगामी त्योहारों के मद्देनजर जनपद में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए 30 मार्च तक के लिए धारा 144 लागू की है। जिलाधिकारी ने बताया कि होली, गुड फ्राइडे, ईद उल फितर, डॉ. भीमराव अंबेडकर जन्म दिवस, रामनवमी, महावीर जयंती के त्योहार मनाए जाने हैं। इसको लेकर शांति व्यवस्था बनाए रखने,त्योहारों को सकुशल व शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने को लेकर जनपद में धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान धरना, प्रदर्शन, जुलूस या कोई भी नई परंपरा नहीं की जाएगी। यह व्यवस्था 30 मार्च तक लागू रहेगी।

### सगे भाइयों व महिला पर मारपीट का आरोप

**संभल/सरायतरीन, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा निवासी सतीश ने शनिवार को मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि 29 फरवरी की देर रात आठ बजे पत्नी खाना बना रही थी। आरोप है कि गांव के ही सगे भाई व एक महिला घर आकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर सगे भाइयों ने महिला के साथ मिलकर पत्नी के साथ मारपीट की। बचाने पहुंची बहन को भी मारा पीटा और धमकी देते हुए भाग गए।

### धूमधाम से निकाली जाएगी निषादराज की शोभायात्रा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महाराजा निषादराज महर्षि कश्यप तुरैहा समाज समिति की बैठक कैथल गेट पर हुई। प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि पांच अप्रैल को महाराजा निषादराज जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह 12वीं शोभायात्रा सामाजिक व धार्मिक होगी। श्रीराम व निषादराज की सच्ची मित्रता की मिसाल दी जाती है। इस अवसर पर राजकुमार ठाकरे, वीरेंद्र कुमार, रमेश चंद्र, मोहन लाल, हर प्रसाद, बाबूराम, हरीश कश्यप, संजीव कुमार, महीपाल, हरी शंकर, काली चरन, लल्लू, पप्पू, संजय, महेंद्र, नत्थू, श्याम सुंदर, रामेश्वर, प्रदीप, सोनू, सोहन, राजन, यशपाल आदि मौजूद रहे।

# बिना वैध लाइसेंस के आलू भंडारण करने पर कोल्ड स्टोरेज स्वामी पर हुई कार्रवाई

## जिला उद्यान अधिकारी ने दर्ज कराई रिपोर्ट, अन्य कोल्ड स्टोरेज स्वामियों में मचा हड़कंप

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** बिना वैध लाइसेंस के कोल्ड स्टोरेज में आलू भंडारण करने के आरोप में जिला उद्यान अधिकारी ने कोल्ड स्टोरेज स्वामी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसके बाद अन्य कोल्ड स्टोरेज स्वामियों में हड़कंप मचा हुआ है।

जिला उद्यान अधिकारी सुघर सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में कहा है कि बदायूं रोड स्थित गांव मई के समीप मैसर्स गायत्री कोल्ड स्टोरेज एंड आइस फैक्ट्री है। जिसमें मुरादाबाद आयुक्त के निर्देश हैं कि बिना वैध लाइसेंस के आलू भंडारण नहीं किया जाएगा। मगर उक्त कोल्ड स्टोरेज में बिना वैध लाइसेंस के आलू का भंडारण किया जा रहा है। जबकि यह नियम विरुद्ध है। तहरीर के आधार पर कोल्ड स्टोरेज स्वामी निशंक गुप्ता के विरुद्ध उत्तर प्रदेश शीतगृह विनियमन अधिनियम 1976 की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद अन्य कोल्ड स्टोरेज स्वामियों में हड़कंप है।

### कोल्ड स्टोरेज गिरने से हो चुकी है 11 लोगों की मौत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** 16 मार्च 2023 को इस्लामनगर मार्ग स्थित एआर कोल्ड स्टोरेज के नए भवन में बिना वैध लाइसेंस के आलू भंडारण का कार्य किया जा रहा था। आलू की क्षमता अधिक होने से कोल्ड स्टोरेज धराशाई हो गया था। जिसमें करीब 11 मजदूरों की दबने से मौत हो गई थी। तभी से प्रशासन कोल्ड स्टोरेज पर सख्ती कर रही है।

### बबराला की दिल्ली वाली बिल्डिंग जर्जर घोषित, नोटिस चस्पा

**बबराला, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के पास स्थित दिल्ली वाली बिल्डिंग की गिराऊ हालत के मद्देनजर नगर पंचायत ने एहतियातन कदम उठाए हैं। नगर पंचायत ने भवन को जर्जर और खतरनाक घोषित करते हुए नोटिस चस्पा किया है।कई दशक तक बुलंद रही दिल्ली वाली बिल्डिंग अब पुरानी और जर्जर हो चुकी है। लिहाजा इसकी जीर्ण शीर्ण हालत देखते हुए नगर पंचायत ने भवन को खतरनाक घोषित किया है। अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी ने बताया कि रेलवे स्टेशन के पास जर्जर भवन पर सूचना चस्पा करा दी है। नगर में पुराने जर्जर भवनों को चिन्हित कर लोगों को नोटिस जारी किए जाएंगे। बताते चलें कि नगर की पुरानी आबादी वाले इलाके में संकरी गलियों में तमाम मकान जर्जर स्थिति में हैं। अगर जर्जर मकान हादसे का सबब बनते हैं तो काफी हानि हो सकती है।


दिल्ली वाली बिल्डिंग पर चस्पा किया गया नोटिस।

### डा. बर्क को श्रद्धांजलि देने 6 को संभल आ सकते हैं अखिलेश

**संभल, अमृत विचार :** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के छह मार्च को सांसद डा. बर्क को श्रद्धांजलि देने के लिए संभल आने की संभावना जताई जा रही है।

सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी फिरोज खां ने बताया कि पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव का छह मार्च को संभल आगमन तय हो गया है। कार्यक्रम की जानकारी मिल गई है। फिरोज खां ने सांसद पौत्र एवं विधायक कुंदरकी जियाउर्रहमान बर्क के साथ हेलीपैड के लिए स्थान चिन्हित करने पर विचार विमर्श किया। रविवार को हरियाणा वक्फ बोर्ड के एडमिनिस्ट्रेटर चौधरी जाकिर हुसैन सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के निधन पर दुख प्रकट किया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहम्मद एबाद भी दीपा सराय में सांसद आवास पर दुख प्रकट करने के लिए पहुंचे।

# डीआईजी ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां बढ़ने लगी हैं। जहां एक ओर राजनीतिक दल अपने-अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर रहे हैं। वहीं पुलिस प्रशासन भी शांतिपूर्वक चुनाव कराने के लिए तैयारियां तेज कर दी हैं। रविवार को डीआईजी मुनिराज जी ने चन्दौसी पहुंच कर मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। साथ ही फोर्स के ठहरने की व्यस्थाएं देखीं।

पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद मुनिराज जी रविवार को पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत समेत भारी फोर्स के साथ चन्दौसी पहुंचे।

आगामी चुनाव को जनपद में शांतिपूर्ण व भयमुक्त वातावरण में कराये जाने के दृष्टिगत प्राथमिक विद्यालय मौलागढ़ द्वितीय, सिल्वर स्टोन सीनियर सेकेन्डरी स्कूल, एएम वर्ल्ड स्कूल, चन्दौसी पब्लिक स्कूल आदि मतदान स्थल पर बाहर से आने वाले केंद्रीय सुरक्षा बल और राजकीय पुलिस बल के ठहरने की व्यवस्था एवं क्रिटिकल बूथ आदि का निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह समेत अन्य थाना प्रभारी मौजूद रहे।


मौलागढ़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण करते डीआईजी मुनिराज जी। ● अमृत विचार

**चुनाव तैयारी**

**▸▸ डीआईजी मुनिराज जी ने एसपी के साथ निरीक्षण कर फोर्स के ठहरने, क्रिटिकल बूथों पर सुरक्षा आदि को लेकर दिशा निर्देश दिए**

# रैली निकालकर जल संरक्षण व पर्यावरण के प्रति किया जागरूक

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** एसएम कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना के ग्राम गुमथल में रासेयो शिविर के तीसरे दिन को पर्यावरण एवं जल संरक्षण के रूप में मनाया । जिसमें पहले सत्र में सेवकों ने जल संरक्षण व पर्यावरण को लेकर गांव में रैली निकाली। जिसमें हाथों में पोस्टर लेकर चल रहे सेवकों ने ग्रामीणों को जागरुक किया। कहा कि जल को संरक्षित करें व अपने आसपास के पर्यावरण को बचाए रखें।

स्वयंसेवकों ने रैली में देश बचाओ प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ जैसे नारे लगाकर पर्यावरण के प्रति जागरुक किया। दूसरे सत्र में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय ने कहा कि मनुष्य की इच्छाओं की पूर्ति पर्यावरण से होती है, लेकिन भौतिकवादी युग में व्यक्ति ने पर्यावरण को हर प्रकार से क्षति पहुंचाई है। यदि पर्यावरण संरक्षित रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर काफी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे।


गुमथल में रैली निकालते रासेयो के छात्र।

**▸▸ कहा ,जल संरक्षित करें और पर्यावरण को बचाए रखें**

## सार-संक्षेप



नरौली में मरीजों की आंखों की जांच करते नेत्र चिकित्सक। ● अमृत विचार

### 125 मरीजों की आंखों की जांच हुई, 40 को मोतियाबिंद

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर पंचायत नरौली के आरएस इंटरनेशनल जूनियर हाईस्कूल में रविवार को सुबह दस बजे रोटरी सुन्दरलाल नेत्र चिकित्सालय चन्दौसी द्वारा निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. वीरेश यादव ने मरीजों की आंखों का परीक्षण किया और दवाएं बांटी। शिविर में 125 मरीजों की ओपीडी रही। जिसमें 40 मरीजों की मोतियाबिंद की जांच की गई। संचालक नवीन जायसवाल ने बताया कि जिन मरीजों की आंखों में मोतियाबिंद है उनका ऑपरेशन डीबीसीएस योजना के अंतर्गत एसआईसीएस विधि द्वारा चिकित्सालय में निशुल्क किया जाएगा। शिविर में विद्यालय प्रबंधक राशिद हुसैन, दीपक यादव, शौर्य यादव, राहुल कुमार, आकाश, मुरली शर्मा, तूबा आदि का सहयोग रहा।

### आरोग्य मेले में 3216 रोगियों का नि:शुल्क उपचार

**संभल, अमृत विचार :** जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और 4 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले में 3216 रोगियों का नि :शुल्क उपचार हुआ। 154 लाभार्थियों के आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए गए। स्वास्थ्य केंद्रों पर लगे मेले में 38 डॉक्टरों और 110 पैरामेडिकल स्टाफ ने ड्यूटी की। 1247 पुरुषों, 1201 महिलाओं और 768 बच्चों का नि :शुल्क इलाज किया। 211 लोगों की एंटीजन किट से कोविड जांच की गई। जिसमें सभी नेगेटिव पाए गए। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 211 लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड बनाए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी) पर परिवार नियोजन संबंधी परामर्श और सामग्री के लिए अलग से काउंटर लगे। आयुष विभाग के डॉक्टरों ने सहयोग किया। मेले का सीएमओ डॉ.तरन्नुम रजा, एसीएमओ डॉ.पंकज कुमार विश्नोई, डॉ.कुलदीप कुमार आदिम, अपर शोध अधिकारी महेश गौतम, डीपीएम एनएचएम संजीव कुमार राठौर, डीसीपीएम अरबाब मेहंदी, नगरीय स्वास्थ्य समन्वयक मुकेश चंद्र शर्मा ने निरीक्षण कर निर्देश दिए।

### बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के प्रति किया जागरुक

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर के कस्बा नरौली स्थित कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का तृतीय दिवस बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ दिवस के रुप में मनाया गया। स्वयंसेवक–सेविकाओं ने रैली निकाल कर लोगों को बेटियों को शिक्षित बनाने पर जोर दिया। समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का आह्वान किया। शिविर के द्वितीय चरण में स्वयंसेवक–सेविकाओं ने जाहरवीर मंदिर परिसर में साफ–सफाई कर श्रमदान किया। तदोपरांत विचार गोष्ठी हुई। जिसमें प्राचार्य डॉ. रूपेश कुमार मिश्रा ने नारी शिक्षा पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योत्सना शर्मा, सहायक कार्यक्रम अधिकारी धन सिंह ने भी विचार व्यक्त किए। संचालन इश्त्याक अहमद ने किया। स्वयंसेवक मुशर्रफ अली ने व्यायाम व पीटी कराई। स्वयंसेविका आंचल, रीनू, सपना, सलौनी ने रंगोली बनाई। इस दौरान अमोल शर्मा, केपी सोमवंशी, खेमेंद्र राघव, दानिश फात्मा, आयुषी शर्मा, सतीश, पिंकू सैनी, राधे आदि थे।


कन्या की शादी के लिए सामान भेंट करतीं जीवन ज्योति की सदस्य।

### कन्या के विवाह को सामग्री दान की

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जीवन ज्योति ग्रुप ऑफ चन्दौसी की पदाधिकारी व सदस्यों ने रविवार को गरीब परिवार की कन्या के विवाह हेतु आवश्यक सामग्री दान की। जरुरत का सामान कपड़े, बर्तन, कंबल, बेडशीट, लेमन सेट, पुडिंग सैट, पंखा, कुकर आदि सामान दान किया। बेटी के सफल वैवाहिक जीवन की कामना की। इस अवसर पर स्मिता, कमलेश ठाकुर, कमलेश गुप्ता, डौली, निर्मल गुप्ता, मधु, रेनू, प्रिया, शीला, सुनीता, अंजना, भावना, डॉ. मधुपमा गुप्ता, सीमा वर्मा ने विचार व्यक्त किए।


कुढ़फतेहगढ़ के गांव नवादा में कुश्ती लड़ते पहलवान। ● अमृत विचार

### जल्लाद पहलवान ने सत्येंद्र को हराया

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार :** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव नवादा में आयोजित राष्ट्रीय एकता कुश्ती दंगल प्रतियोगिता के पांचवें व अंतिम दिन अंतर्राज्यीय पहलवानों ने रोमांचकारी दांव पेच दिखाये। इस दौरान कुश्ती देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। पांचवे दिन के दंगल का अतिथियों ने फीता काट कर आरंभ किया। दंगल में मोहम्मद जुबेर कैथल ने सीतापुर के साहिल पहलवान को पटखनी दे दी। इसी क्रम में गोरखपुर के मुन्ना पहलवान ने अयोध्या के रवि शंकर दास को, राजस्थान के जल्लाद पहलवान ने दिल्ली के सत्येंद्र को, कलियर के मोनीस फकीर पहलवान ने आगरा के काली घटा पहलवान को हराया। दंगल कमेटी की ओर से बाबू खां, हनीफ खां, इरशाद खां, बली मोहम्मद, गौरव रावत आदि उपस्थित रहे।

### बाइकों की टक्कर में दो पुलिस कर्मियों समेत तीन घायल

**संभल अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र में बाइकों की टक्कर में दो पुलिस कर्मियों समेत तीन लोग घायल हो गए। बाइक सवार युवक की हालत गंभीर बताई गई है। डायल 112 बाइक से पुलिस कर्मी राजकुमार और पंकज रविवार को रात करीब 8 बजे संभल से हयातनगर की ओर जा रहे थे। मुहल्ला लाडम सराय में पुलिस कर्मियों की बाइक की सामने से आए दूसरी बाइक सवार युवक से टक्कर हो गई। हादसे में दोनों पुलिस कर्मी और युवक घायल हो गया। पुलिस कर्मियों को डायल 112 पुलिस ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जबकि दूसरी बाइक पर सवार युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### शहीद स्मारक समिति के अनन्त अध्यक्ष , गगन महामंत्री

**संभल, अमृत विचार :** शहीद भगत सिंह स्मारक समिति की बैठक में समिति की नगर कार्यकारिणी का गठन करते हुए अनन्त अग्रवाल को अध्यक्ष जबकि गगन वार्ष्णेय को महामंत्री बनाया गया। संरक्षक डॉक्टर यूसी सक्सेना की अध्यक्षता में हुई बैठक में संयोजक अमर रस्तोगी ने बताया कि समिति के प्रयासों से संभल में शहीद भगत सिंह पार्क तथा शहीद भगत सिंह चौक पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित की जा सकी है। संभल नगर कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यकारिणी में अनन्त अग्रवाल अध्यक्ष, महामंत्री गगन वार्ष्णेय,उपाध्यक्ष डॉ. बीपी सिंह, कशिश कौशल, दिनेश कुमार डीके, प्रदीप गुप्ता , मंत्री मनी विरमानी,महेंद्र स्वामी ,सरदार नवजोत सिंह, कौशल पाथुरिया जबकि कानूनी सलाहकार कपिल वर्मा एडवोकेट ,राकेश रस्तोगी एडवोकेट चुने गये।भोले सिंह त्यागी,कमलकांत तिवारी को विशेष आमंत्रित सदस्य चुना गया। संरक्षक चौधरी महिपाल सिंह,विजय प्रकाश त्यागी,डॉक्टर यूसी सक्सेना,संयोजक अमर रस्तोगी जबकि सहसंयोजक सरदार कुलबीर सिंह चुने गये।

# बबराला से अलीगढ़ जाने के लिए रेल का किराया 35 और लौटने का महज 20 रुपये

**संवाददाता, बबराला**

**अमृत विचार :** बबराला से रेल यात्रा कर अलीगढ़ जाने पर 35 रुपये का टिकट है जबकि अलीगढ़ से बबराला लौटने का किराया 20 रुपये है। रेल किराये में विसंगति को लेकर रेल यात्रियों में रोष है।

कोरोना काल के दौरान रेल संचालन बंद हो गया था। बाद में कोरोना गाइड लाइन के तहत पैसेंजर ट्रेन को स्पेशल ट्रेन में तब्दील किया गया और यात्रियों के लिए शारीरिक दूरी सहित अन्य नियम लागू करने के साथ ही छोटी दूरी का किराया भी बढ़ा दिया गया था। तब बबराला से अलीगढ़ का किराया 15 रुपये से 35 रुपये किया गया।

रेलवे के नियम के अनुसार बबराला से चार किमी दूर राजघाट स्टेशन का किराया भी 35 रुपये रहा। कम दूरी के ट्रेन किराये में बढ़ोतरी को लेकर लोगों ने चिंता जताई तो रेलवे की ओर से कोरोना के दौरान गैर जरूरी यात्राओं में कमी लाने के मकसद से किराए में वृद्धि करने का तर्क दिया गया। हाल ही में रेलवे ने यात्रियों को राहत देते हुए टिकट का न्यूनतम मूल्य दस रुपये कर दिया। जबकि पहले न्यूनतम किराया तीस रुपये कर दिया गया था।

लोकसभा चुनाव से पहले रेल यात्रियों के लिए यह अच्छी खबर कही जा सकती है लेकिन बबराला रेलवे स्टेशन पर आज भी टिकट का न्यूनतम मूल्य 35 रुपये है। बबराला से अलीगढ़ जाने के लिए टिकट लेने पर 35 रुपये देने पड़ रहे हैं जबकि अलीगढ़ में रेलवे टिकट काउंटर पर बबराला का टिकट 20 रुपये में मिल रहा है। रेलवे के दोहरे रवैये से दैनिक रेल यात्रियों में रोष है।



बबराला रेलवे स्टेशन। ● अमृत विचार

**▸▸ रेलवे की विसंगति को लेकर दैनिक रेल यात्रियों में रोष**

**▸▸ रेलवे ने राहत देते हुए टिकट का न्यूनतम मूल्य दस रुपये कर दिया**


एबीसी मांटेसरी के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते बच्चे। ● अमृत विचार

# बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से मन मोहा

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**▸▸ धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव**

**अमृत विचार:** एबीसी किड्स मांटेसरी स्कूल का वार्षिकोत्सव क्षेत्रीय रेलवे प्रशिक्षण संस्थान के ऑडोटोरियम में धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर सभी का मनमोह लिया। कार्यक्रम का आरंभ का मुख्य अतिथि चरणदास भार्गव, पद्मा भार्गव, मधु मिश्रा, सुमन भार्गव ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्री नर्सरी के बच्चों ने नानी तेरी मोरनी तथा दिल है छोटा सा पर गीत प्रस्तुत किया। नर्सरी के के बच्चों ने माइकल जैक्सन, पंजाबी व गोविंदा डांस प्रस्तुत कर सभी को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। एलकेजी के बच्चों ने मां व जंगल थीम पर प्रस्तुति दी। यूकेजी के बच्चो ने डिस्को, लावणी व जोकल डांस प्रस्तुत किया। कक्षा एक व दो के बच्चों ने जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरुकता का संदेश दिया।

कक्षा तीन व चार के बच्चों ने चंद्रयान व सोल्जर के विषय में बताया। बच्चों ने सोशल मीडिया पर कार्यक्रम प्रस्तुत किया। अंत में विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव ने कहा कि हमारे विद्यालय को सफलता पूर्वक 14 वर्ष पूरे हो गए हैं।


21 कोसीय परिक्रमा यात्रा में जयकारे लगाते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

# श्री हरि बाबा लीला स्थली परिक्रमा के समापन पर हुआ संकीर्तन

**संवाददाता, गवां/बबराला**

**अमृत विचार :** श्री हरिबाबा लीला स्थली की 21 कोसीय परिक्रमा यात्रा की दूसरे दिन रविवार को रजपुरा से शुरूआत हुई। यात्रा आठ गांवों से होती हुई देर शाम बांध धाम पर समाप्त हुई। जगह-जगह स्वागत हुआ।

रविवार को गांव चंदूनगला के लिए परिक्रमा यात्रा शुरू हुई तो स्वागत हुआ। यात्रियों पर फूल बरसाने के साथ ही प्रसाद वितरित किया गया। परिक्रमा यात्रा में श्रद्धालु हरि बोल के जयघोष करते हुए चले। श्रद्धालु गांव तोमी, सुंदरपुर, चाऊपुर, डुप्टा कला, सिसौना डांडा, दीपपुर पहुंचे। दीपपुर में पूर्व प्रधान मुंशी सिंह व एसआई रामरतन की ओर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। जिसके बाद श्रद्धालु गांव मौलनपुर होते हुए देर शाम को श्री हरिबाबा बांध पहुंचे। संध्या आरती के बाद अखंड संकीर्तन हुआ।

**आस्था**

**गांव के टीलों की खुदाई में निकल चुकी है पांचवी सदी की मूर्तियां**

# पांचवी सदी का इतिहास समेटे है बेरनी का प्राचीन शिव मंदिर

**श्याम मिश्रा/जुगल किशोर शर्मा, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** थाना कुढ़फतेहगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बेरनी का प्राचीन शिव मंदिर वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। यहां हर वर्ष महाशिवरात्रि व सावन माह में हजारों श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। साथ मंदिर का प्राचीन एतिहासिक महत्व है। साथ ही मंदिर परिसर में पांच दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है।

सितंबर 2009 में गांव में टीले की खुदाई के समय भगवान विष्णु की खंडित चतुर्भुज प्रतिमा मिलने से बेरनी गांव चर्चा में आया। आज भी प्रतिमा मंदिर में रखी है और श्रद्धालुओं इसके दर्शन करते पहुंचते हैं। उस समय चन्दौसी निवासी व्यापारी राजीव वार्ष्णेय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से निरंतर पत्र व्यवहार किया। इसके बाद 2011 में एएसआई आगरा से सहायक पुरातत्वविद आरके सिंह चन्दौसी आए और बेरनी पहुंचे। वहां उन्होंने प्रतिमा मिलने वाले टीले व प्रतिमा का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि प्रतिमा 800 से 1000 वर्ष पुरानी है तथा भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से एक वामन अवतार के अलंकृत रूप में है। ऐसी प्रतिमाएं दक्षिण भारत में भी मिली है, फर्क सिर्फ बनाने में उपयोग किए गए पत्थर का है। मंदिर की पुरानी ईंटों को देखकर कहा कि बेरनी का इतिहास पांचवीं शताब्दी तक पुराना हो सकता है। व्यापारी राजीव वार्ष्णेय ने बताया कि गांव बेरनी पुरातत्व विभाग, जनप्रतिनिधियों व सरकार की ओर से पूर्णतया उपेक्षित है। यदि यहां के टीलों की पुरातत्व विभाग के विशेषज्ञों की उपस्थिति में खुदाई कराई जाए, तो अनेक महत्वपूर्ण वस्तुओं के मिलने की संभावना है।


गांव बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर।


गांव बेरनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में स्थापित शिवलिंग। ● अमृत विचार

### उपेक्षा का शिकार हो रहा बेरनी का मेला

**चन्दौसी, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर प्रतिवर्ष मंदिर परिसर में विशाल मेले का आयोजन किया जाता है। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। मंदिर में जलाभिषेक करने वाले कांवडिए व शिव भक्तों का सुबह से शाम तक तांता लगा रहता है। जिसमें श्रद्धालुओं को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। मगर उपेक्षा के चलते भीड़ को नियंत्रित करने के लिए उचित प्रबंध नहीं किए जाते हैं।

### मंदिर में स्थापित शिवलिंग की नहीं कोई थाह

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बेरनी शिव मंदिर के शिवलिंग की 150 फीट गहराई तक खुदाई होने के बाद भी अंतिम छोर नहीं मिला था। इसके बाद खुदाई का कार्य बंद कर दिया।

उद्यमेनैव हि सिध्यन्ति,कार्याणि न मनोरथै ।
न हि सुप्तस्य सिंहस्य,प्रविशन्ति मृगा : ॥

प्रयत्न करने से ही कार्य पूर्ण होते हैं,केवल इच्छा करने से नहीं, सोते हुए शेर के मुख में मृग स्वयं प्रवेश नहीं करते हैं।

## संपादकीय

# देश की मजबूती के लिए

राष्ट्र की मजबूती के लिए उसका रक्षा क्षेत्र में मजबूत होना बहुत जरूरी होता है। इस क्षेत्र में आत्मनिर्भरता उसे और मजबूत करती है। एक समय भारत रक्षा क्षेत्र की हर छोटी-बड़ी जरूरतों के लिए दूसरे देशों पर निर्भर था। इस मोर्चे पर भारत की स्थिति धीरे-धीरे बदल रही है। भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के सपने को लेकर आगे बढ़ रहा है। गौरतलब है कि जैसे-जैसे देश की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर मजबूत हो रही है,भारत रक्षा क्षेत्र के लिए जरूरी सामानों के आयात को कम कर रहा है और उसके लिए 'मेक इन इंडिया' अभियान के तहत घरेलू बुनियादी ढांचे के निर्माण पर जोर दे रहा है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लिए भारत सरकार ने कुछ वर्षों में कई नीतिगत पहल की हैं। इसके तहत रक्षा उपकरणों के स्वदेशी डिजाइन,विकास और निर्माण को प्रोत्साहित करने के लिए सुधार किए गए हैं। इससे देश में रक्षा विनिर्माण और प्रौद्योगिकी में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा मिला है। रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देकर केंद्र सरकार सेना को स्वदेशी हथियारों और उपकरणों से लैस करने के लिए अभियानरत है। स्वदेशी उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ रक्षा खरीद पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

इसी महत्वाकांक्षी पहल को आगे बढ़ाते हुए सोमवार को डिफकनेक्ट 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। डिफकनेक्ट 2.0 कार्यक्रम देश की सेना को मजबूत करेगा। देश के रक्षा नवाचार परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है,जो सशस्त्र बलों,रक्षा उद्योग के प्रमुख उद्यमियों,स्टार्ट-अप,शिक्षाविदों और नीति निर्माताओं सहित सभी महत्वपूर्ण हितधारकों को एक साथ लाता है। विशेषज्ञों के मुताबिक आयोजन का उद्देश्य सार्थक जुड़ाव को बढ़ावा देना, अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करना और रक्षा क्षेत्र में सहयोग, नवाचार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए एक परिवर्तनकारी मंच प्रदान करना है। पहल का उद्देश्य डिफेंस स्टार्टअप्स के साथ नियमित रूप से जुड़ने की रणनीति को जारी रखना है। यह अवसर स्टार्टअप्स के लिए निवेश प्राप्त करने और भविष्य के परिचालनों का नेतृत्व करने को लेकर लाभ उठाने के लिए है। दुनिया में बहुत सी चीजें भारत को प्रभावित कर रही हैं। भारत के पास इस विश्व व्यवस्था में बदलाव के बीच खुद को मजबूत करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। इसलिए सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए महत्वपूर्ण है कि हम अपनी रक्षा, शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए मजबूत बनें।

# विज्ञान लोकप्रियकरण के प्रति आमजन का दृष्टिकोण



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

विज्ञान लोकप्रियकरण का मामला यूनेस्को के एजेंडा पर हमेशा से ही मौजूद है। इस बाबत इसके एक दस्तावेज 'साइंस पॉपुलराइजेशन-इट्स हिस्ट्री, ट्रिम्फ्स एंड पिटफाल्स', इम्पैक्ट स्टडीज संख्या-144 से विश्वस्तरीय जानकारी मिलती है।

विज्ञान और टेक्नोलॉजी की जानकारी के तकनीकी पक्षों और वैज्ञानिक जानकारी को प्रयोगशालों और संस्थानों से बाहर निकालकर इसके लोकप्रिय संस्करण को देश के लोगों से इनकी ही भाषा में साझा करने की भी जरूरत होती है। ताकि समावेशी विकास में आमजन की भागीदारी बनी रहे। खेदजनक है कि विज्ञान और टेक्नोलॉजी के प्रति भारत के लोगों का दृष्टिकोण और पसंद क्या हैं,इस बारे में एक-दो बार के रैंडम सर्वेक्षणों के अलावा अखिल भारत स्तर का सर्वेक्षण नहीं हुआ है।

जापान ने अपने यहां किए गए एक सर्वेक्षण में पाया कि लोगों के मुताबिक उनका सर्वाधिक रुझान मेडिकल ट्रीटमेंट्स,फिर क्रम से टेक्नोलॉजिकल उपलब्धियों,बेसिक साइंसेज,मिलिट्री,इकोनॉमी, यूनिवर्सिटी एजुकेशन,प्राइमरी ऑफ सेकेंडरी एजुकेशन ऑफ सबसे कम पॉलिटिक्स में है। 87 प्रतिशत जापानी लोग चाहते हैं कि राष्ट्रीय सरकार ही साइंटिफिक रिसर्च में सर्वाधिक खर्चा करे। भारत में यह क्रम बदल सकता है। वाशिंगटन डीसी से ऑपरेट करने वाली स्वतंत्र संस्थी 'पेव रिसर्च सेंटर' के डेटा के अनुसार भारत में क्रम से यह पैटर्न कि हम लोग मिलिट्री, वैज्ञानिक उपलब्धियों, मेडिकल ट्रीटमेंट,यूनिवर्सिटी एजुकेशन, प्राइमरी और सेकेंडरी एजुकेशन, टेक्नोलॉजिकल अचीवमेंट्स, पॉलिटिकल अचीवमिनट्स के बाद इकोनॉमी को तरजीह देने वाले लोग हैं। पड़ोसी बांग्लादेश में विज्ञान और टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में लोकप्रियकरण कार्यक्रम अधिकांश तौर से भारतीय पैटर्न पर ही आधारित हैं। यहां सोसाइटी फॉर द पॉपुलराइजेशन ऑफ साइंस सन् 2001 में स्थापित किए जाने के बाद से अच्छा काम कर चुकी है।

विज्ञान लोकप्रियकरण का मामला यूनेस्को के एजेंडा पर हमेशा से ही मौजूद है। इस बाबत इसके एक दस्तावेज 'साइंस पॉपुलराइजेशन-इट्स हिस्ट्री, ट्रिम्फ्स एंड पिटफाल्स',इंपैक्ट स्टडीज संख्या-144 से विश्वस्तरीय जानकारी मिलती है। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के अलावा चीन और जापान में आमजन में वैज्ञानिक दृष्टिकोण पैदा करने के लिए जो तरीके उन्नीसवीं और बीसवीं सदी में अपनाए गए थे अब उनसे वे लोग बहुत आगे निकल चुके हैं। जबकि हमारे यहां आयोजित

विज्ञान के विषयों के प्रति रुचि तो हम पैदा कर सकते हैं,लेकिन बीज रूप में मौजूद उस प्राकृतिक रुझान का अंकुरण होने की अवस्थाएं पैदा नहीं कर सकते जिससे एक व्यक्ति खोजकार्य या अन्वेषण करने के लिए उद्धत हो पाए।

होने वाले विज्ञान लोकप्रियकरण के कार्यक्रमों में आमजन की भागीदारी अभी परोक्ष और दर्शक जैसी ही बनी हुई है। सक्रिय भागीदारी के लिए इनोवेशन दिखाई नहीं देती। विज्ञान लोकप्रियकरण के सभी उपायों के मद्देनजर भारत की स्थिति को हम जिस मानकीकृत,खास तरीके से जान सकते हैं वह है देश में उन संस्थानों और संगठनों की 'ट्रांसपेरेंट रेंकिंग' के बारे में जानना जिनकी गतिविधियों को आंकने का तरीका 'गूगल स्कॉलर साइटेशंस' अर्थात् ऐसे शोधपत्रों का उद्धरण दिए जाने की बारंबारता जिन्हें हमारे उन वैज्ञानिकों ने प्रकाशित किया है,जो टॉप 429 इंस्टिट्यूशंस में काम करते हैं। उनकी लोकेशंस विभिन्न बड़े शहरों में है।

तिरुवनंतपुरम (केरल) में एपीजे अब्दुल कलाम टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में कार्यरत इनफार्मेशन साइंटिस्ट गंगन प्रताप द्वारा सन् 2020 में प्रकाशित एक अध्ययन से मालूम हुआ है कि हमारे टॉप 439 संस्थानों के शोधकर्ताओं ने जो शोधपत्र लिखे उन्हें कुल मिलाकर एक करोड़ बाईस लाख 80 हज़ार और 756 की संख्या में उद्धृत किया गया था। ये संस्थान भारत में 188 शहरों में ही कंद्रित हैं जबकि 22 प्रांतों और 8 केंद्र शासित प्रदेशों में नगरों की कुल संख्या 4 हज़ार है। इससे यह प्रश्नमूलक संकेत मिलता है कि जिन नगरों में अधिक वैज्ञानिक संस्थान मौजूद हैं क्या वहां के लोगों में बाकी के नगरों में निवास करने वाली जनसंख्या के मुकाबले में वैज्ञानिक अभिरुचि का स्तर ऊंचा है, अर्थात यह मालूम करना है कि इन संस्थानों की गतिविधि का इनके परिसर के 50 किलोमीटर के व्यास में अर्थात 196 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में रहने वाले लोगों पर क्या असर हुआ है? इस बारे में निश्चित रूप से तो नहीं लेकिन अनुमान से कहा जा सकता है कि 'शायद' यह स्तर ऊंचा होता है। इस जाहिरा असमानता को दूर करके समानता के स्तर पर लाना असंभव है लेकिन कम जरूर किया जा सकता है। अपने तौर से सर्वे के जो प्रयास मैंने ऑनलाइन किए इन्हें चालीस साल के अपने अनुभव को मिलाकर देखता हूं कि नॉन-कमर्शियल पॉपुलर साइंस पब्लिकेशन्स और इनके वितरण के मामले में शासकीय वित्त पोषण से चलने वाली रूस (सोवियत काल) की 'मीर', 'रादुगा' और 'प्रोग्रेस' एजेंसीज़ के प्रकाशन दुनियाभर में सर्वश्रेष्ठ हैं। अमेरिका और पश्चिमी यूरोप के देशों के लोग एक नया कांसेप्ट 'सिटीजन्स साइंस' लेकर आए हैं इस बाबत करीब एक दशक से भी अधिक समय से काम कर रहे हैं। उनका ख्याल है कि इस कार्यक्रम में विज्ञान पढ़ने वाले युवजनों और स्थानीय आमजन को कुछ ट्रेनिंग देकर प्रकृति संरक्षण, यथा -बायोडाइवर्सिटी कंजर्वेशन, जैसे काम में पेशेवर वैज्ञानिकों के साथ काम करने हेतु लगाया जा सकता है। लेकिन इस बारे में उनके ही कुछ विद्वज्जनों का विचार है कि सिटीजन साइंटिस्ट्स द्वारा इकट्ठा किए जाने वाले डेटा की विश्वसनीयता, संचालित कार्यक्रमों में 'रिस्क' से उनका सामना होने के अलावा 'नैतिक मुद्दे' भी जुड़े हुए हो सकते हैं।

'एनवायरनमेंटल साइंस एंड पालिसी जर्नल' के दिसंबर 2015 के अंक में प्रकाशित एक समीक्षा पत्र में जो लिखा गया है उसका भाव यह कि 'आम लोगों और पेशेवर वैज्ञानिकों के बीच सहयोग-अनुसंधान एक महत्वपूर्ण नवोन्मेषी प्रवृत्ति है। नागरिकों ने पेशेवर वैज्ञानिकों को जानवरों और पौधों की आबादी, कैनाइन व्यवहार, आकाशीय वस्तुओं, पर्यावरण प्रदूषकों, मत्स्य पालन, व्हेल ध्वनियां, मौसम विज्ञान और आक्रामक प्रजातियों के बारे में जानकारी जुटाने के दौरान मदद की है।' आपत्तियों के बावजूद वैज्ञानिकों और आम लोगों के बीच होने वाले सहयोग, विज्ञान और समाज के लिए कई लाभ प्रदान करते हैं, लेकिन वे नैतिक प्रश्न और चिंताएं भी उठा सकते हैं। देखा जाय तो हमारे देश में विज्ञान लोकप्रियकरण आंदोलनों और अन्य अवसरों से पेशेवर वैज्ञानिकों के जुड़ने के दौरान अनेक युवजनों ने मौसम, फसलों, कीट-पतंगों, कृषि-सूचना प्रौद्योगिकी तंत्र की स्थापना जैसे कि 'किसान संचार', प्राकृतिक आपदा के समय सूचना तंत्र को कायम रखने के लिए 'हैम-रेडिओ', पुरातत्व और कला के वैज्ञानिक पक्षों की विवेचना और विमर्श, पर्यावरण और प्रकृति की जानकारी देने और संरक्षण कार्य में सक्रिय भागीदारी के लिए कई वर्ष पहले ही एनजीओ बनाने और यू-ट्यूब चैनल्स चालू करने जैसे काम शुरू कर लिए थे। विज्ञान के विषयों के प्रति रुचि तो हम पैदा कर सकते हैं, लेकिन बीज़ रूप में मौजूद उस प्राकृतिक रुझान का अंकुरण होने की अवस्थाएं पैदा नहीं कर सकते जिससे एक व्यक्ति खोजकार्य या अन्वेषण करने के लिए उद्धत हो पाए। यह गुण सहज होता है और स्वतःस्फूर्त भी। जिन बालकों और युवजनों में ऐसा स्फुरित हो जाए तो प्रारंभिक दौर में तो वे इसमें ही रुझान बनाए रखते हैं। अगर मैथड ऑफ़ साइंस बाद में नहीं अपनाया गया तो ये अन्वेषक नहीं बन पाते। बचपन के दिनों में कुछ बच्चे लचर, ढीले और मंद दिखाई दे सकते हैं, लेकिन बाद में कुछ ऐसा घटता है जिसके कारण या स्वतःस्फुरित आंतरिक परिवर्तन की वजह से इनमें अचानक से प्रतिभा का प्रस्फुटन होता है और टॉमस अल्वा एडिसन की तरह, आइन्स्टाइन की तरह वह निखरता है। श्रीनिवास रामानुजन की तरह वह जन्म से ही अगर एक किशोर वय का बालक प्रतिभावान है और गणित में गूढ़ ज्ञान के प्रतिपादन से एक अर्से से लंबित पड़ी जटिल समस्याओं को सुलझाता है, तो निश्चय ही वह रामानुजन की नस्ल का व्यक्ति है। एक राष्ट्र की उत्पादक क्षमता उस देश के लोगों की वैज्ञानिक नए ज्ञान के सृजन और पुराने को नए सिरे से व्याख्यायित करने के कौशल पर निर्भर करती है। मेरे ख्याल से हमारे प्रधानमंत्री ने कौशल विकास की जो बात बहुत पहले कही थी उसका आशय इसके अलावा और क्या हो सकता है? विज्ञान दिवस जैसे अवसरों पर अखिल भारत स्तर पर संस्थानों में अनेक तरीके से विविध कार्यक्रम किए जाते हैं जिनमें आत्मगौरव का भाव तो बहुत होता है,लेकिन पारंपरिक दिखावे की भी कमी नहीं होती।

## प्रसंगवश

# दूरसंचार का उत्थान-पतन

पिछले दिनों सरकारी फोन विभागीय कार्मिकों के साथ था। व्यथा-गाथा सुनी। मुझे अपनी तरुणावस्था का दौर याद आया। काला चोगा होता था। आठ इंच लंबा-चौड़ा यह भाष्य यंत्र जिस घर में रहता था उसकी प्रतिष्ठा मोहल्ले में ऊंची होती थी।

मेरे स्मृति पटल पर सनातन फोन रिसीवर (चोगा) उभर आता है। उसके साथ लगभग दो-तीन फीट का तार जुड़ा रहता था। चोगा उठाकर लोग बात करते थे। रिसीवर का एक हिस्सा कान में तथा दूसरा हिस्सा मुंह के पास रखा जाता था। टेलीफोन की घंटी जब पूरे घर में गूंजती थी तो खुशी की लहर दौड़ जाती थी। अगर दो-चार मेहमान बैठे हुए हैं और उनके सामने टेलीफोन की घंटी बज जाए तो इसका अर्थ बहुत शुभ सूचक माना जाता था। गर्व से गृह स्वामी की आंखें चौड़ी हो जाती थीं कि देखो हमारे घर टेलीफोन की घंटी बज रही है। फिर आया मोबाइल का दौर। बीएसएनएल और एमटीएमएल बुलंदी पर रहे। मगर गिरावट आ गई जब निजी व्यापारी भी प्रतिस्पर्धा में आ गए। नतीजन आज सरकारी मोबाइल साढ़े नौ करोड़ पर गिरे। निजी तो सवा सौ करोड़ छू रहीं हैं। निजी कंपनियां भी हैं। आज लैंडलाइन फोन के करीब सवा दो करोड़ ग्राहक हैं। निजी के तो कई गुना हैं। सरकारी कार्मिक लोग बेरोजगारी का सामना कर रहे हैं।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के नाम से जाना जाने वाली एक सार्वजनिक क्षेत्र की संचार कंपनी है। 31 मार्च 2008 को 24 प्रतिशत के बाजार पूंजी के साथ यह भारत की सबसे बड़ी,संचार कंपनी रही। भारत में सम्मानित सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में थी। मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनियों में सबसे पहली कंपनी रही जिसने इनकमिंग कॉल को पूर्णतया फ्री किया। दूरसंचार के क्षेत्र में भारत सरकार का लोगों में विश्वास बढ़ाया। सरकारी फोन कंपनी से कांग्रेस सरकार की प्रतिष्ठा बढ़ी थी। तब हिमाचल के पं. सुखराम शर्मा संचार मंत्री थे। भारत में पहली मोबाइल बात मंत्री जी ने पश्चिम बंगाल की माकपा मुख्यमंत्री ज्योति बसु से 3 जुलाई 1995 में (कलकत्ता से नई दिल्ली) की थी। करिश्मा लगता था। फिर आया दुर्भाग्य का दौर। इस सार्वजनिक उपक्रम का घाटा करोड़ नहीं,अरबों रुपयों में होने लगा। तब

टेलीकॉम सेक्टर मामलों के जानकार के मुताबिक स्थिति इतनी बिगड़ी कि बाजार में एक सोच ऐसी भी थी कि मंत्रालय में कुछ लोग कथित तौर पर चाहते थे कि बीएसएनएल का मार्केट शेयर गिरे ताकि निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचे।

संप्रग सरकार (मनमोहन सिंह) के मंत्री थे तमिलनाडु के द्रमुक के ए. राजा और मारन आदि। कुछ शीर्ष पत्रकारों ने भी बहती गंगा में हाथ धो लिया। लाइसेंस की लूट मची थी। नतीजन अब बीएसएनएल अपने पौने दो लाख कार्मिकों को वेतन नहीं दे पा रही है।

अचरज की बात है कि बीएसएनएल तो बंदी की कगार पर है,मगर जियो, एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया जैसी प्राइवेट कंपनियां मुनाफा कमा रही हैं। कभी सबसे प्रतिष्ठित टेलिकॉम कंपनी मानी जाने वाली बीएसएनल के आज देश में 11.5 करोड़ मोबाइल यूजर हैं। देश में उसका मार्केट शेयर केवल 9.7 फीसदी है। एक कार्मिक ने उसे दौर का किस्सा बताया। बीएसएनएल के एक अधिकारी गुजरात गए थे। तब शाम को उनकी तबीयत गड़बड़ाई तो उन्हें डॉक्टर के पास ले जाया गया। इस पर कर्मचारी यूनियन के महासचिव बताते हैं : "डॉक्टर ने मुझसे कहा आप पहले मेरी मदद करिए, तब मैं आपकी मदद करूंगा। मेरे पास बीएसएनएल का मोबाइल है। कॉल सुनने के लिए मुझे सड़क पर जाना पड़ता है। चिल्ला कर बात करनी पड़ती है। आप पहले मेरी समस्या का समाधान करिए।" एक्सपर्ट बताते हैं कि इस दौर में मंत्रालय से भी सहमति आने में भी वक्त लग रहा था। टेलीकॉम सेक्टर मामलों के जानकार के मुताबिक स्थिति इतनी बिगड़ी कि बाजार में एक सोच ऐसी भी थी कि मंत्रालय में कुछ लोग कथित तौर पर चाहते थे कि बीएसएनएल का मार्केट शेयर गिरे ताकि निजी ऑपरेटरों को फायदा पहुंचे। जब 2014 में लाल किले से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिक्र किया था कि बीएसएनएल ने "ऑपरेटिंग" मुनाफा कमाया है तो आशा बंधी थी। मगर अब मोदी की गारंटी की प्रतीक्षा है कार्मिकों को।

# विकास व समृद्धि के लिए अहम है महिलाओं का स्वास्थ्य

महिलाओं का स्वास्थ्य व पोषण समाज की समृद्धि और स्थिति के प्रति महत्वपूर्ण योगदान देता है,क्योंकि एक स्वस्थ महिला ही समाज की स्थिति को सुधार सकती है। इसका सीधा असर समाज के पोषण के प्रति होता है। इसलिए हमारे समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण की देखभाल बेहद महत्वपूर्ण है। किसी भी महिला को अपने दैनिक कार्य करने,बीमारियों की रोकथाम तथा सुरक्षित व स्वस्थ प्रसव के लिए अच्छे भोजन की आवश्यकता होती है,लेकिन फिर भी पुरे संसार में किसी अन्य स्वास्थ्य समस्या की तुलना में महिलाओं को कुपोषण का सबसे अधिक सामना करना पड़ता है। इसके वैसे तो बहुत कारण होते हैं,लेकिन मुख्यता थकावट, कमजोरी, अशक्तता और बुरा स्वास्थ्य हो सकता है।

प्रकृति में हर चीज का संतुलन है। इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है। कुछ किसान अन्न देने वाली फसलों की बजाय गन्ना व तंबाकू उगाते हैं,क्योंकि उनसे ज्यादा आमदनी होती है। गरीब लोग कर्जे लिए गए जमीन के छोटे से टुकड़े पर खेती करते हैं। जबकि उस जमीन के मालिक फसल का एक बड़ा भाग हड़प जाते हैं। गरीबी रेखा का सबसे ज्यादा कुप्रभाव महिलाओं पर पड़ता है। ऐसा इसलिए होता है,क्योंकि चाहे खाने के लिए कितना भी कम हो,महिलाओं को सबसे कम भोजन मिलता है,क्योंकि महिलाएं तभी भोजन करती हैं जब पुरुषों व बच्चों ने खा लिया हो अर्थात् वे सबसे अंत में खाती हैं। इसलिए भुखमरी तथा कुपोषण की समस्या का तब तक कोई समाधान नहीं निकल सकता है जब तक जमीन व अन्य संसाधनों का न्यायपूर्वक वितरण नहीं होता है और महिलाओं को पुरुषों के बराबरी



डॉ. अमित वर्मा
स्वतंत्र पत्रकार

प्रकृति में हर चीज का संतुलन है। इससे संसार के कुछ भागों में वहां की अधिकार धन-दौलत कुछ गिने-चुने लोगों के पास होती है।

का दर्जा नहीं मिलता है। इन सबके बावजूद, अनके ऐसी बातें हैं जिनका पालन करके लोग, कम पैसे में भी बेहतर भोजन प्राप्त कर सकते हैं। यथासंभव पौष्टिक भोजन खाकर वे अपनी सामर्थ्य में वृद्धि कर सकते हैं और जब लोगों का पेट भरा होगा तो वे अपने परिवार व समुदाय की आवश्यकताओं पर ध्यान लगा सकते हैं और उनमें परिवर्तन लाने के लिए कार्यरत हो सकते हैं। एक स्वस्थ महिला के लिए उसके शारीरिक स्वास्थ्य का संतुलित होना,मानसिक स्थिति का स्थिर होना और सामाजिक संबंधों में सकारात्मक भूमिका निभाना महत्वपूर्ण है।

महिलाओं का पोषण उनके स्वास्थ्य के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है,एक स्वस्थ पोषण महिलाओं को ऊर्जा प्रदान करता है,उन्हें रोगों से बचाता है और उनके शारीरिक और मानसिक विकास को समर्थ बनाता है। सही पोषण न केवल महिलाओं के व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बनाए रखता है,बल्कि उनकी प्रजनन क्षमता और समाज में भागीदारी में भी सुधार करता है। संतुलित आहार संतुलित आहार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्हें फल,सब्जियां, अनाज,प्रोटीन आदि को सही मात्रा में लेना चाहिए। नियमित व्यायाम उनके शारीरिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है और मानसिक स्थिति को सुधारता है। नियमित चेकअप और जांच कराना चाहिए ताकि किसी भी स्वास्थ्य समस्या का समय पर पता चल सके और उसका उपचार किया जा सके। शिक्षा और सहयोग समाज में महिलाओं को स्वास्थ्य व पोषण के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें उपयुक्त सहयोग प्रदान करना चाहिए। स्वास्थ्य और पोषण की सही देखभाल न केवल महिलाओं के लिए,बल्कि पूरे समाज के लिए अत्यंत आवश्यक है।

खासकर उन वर्षों में जब वे गर्भवती होती हैं और मां बनती हैं,उस समय सही पोषण और स्वास्थ्य व्यवस्था न केवल उनके लिए,बल्कि उनके गर्भ में पल रहे शिशु के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को लेकर अनेक समस्याएं हैं। गर्भावस्था में पोषण संबंधी जानकारी की कमी,अनाधिकृत आहार,उपयुक्त देखभाल की कमी,स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की कमी और महिलाओं के शिक्षा से जुड़ी समस्याएं इनमें से कुछ हैं। समाज को इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्हें सही जानकारी प्राप्त करने और सही आहार लेने का पूरा अधिकार होना चाहिए। साथ ही सरकार को भी समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण को बढ़ावा देने के लिए उचित योजनाएं और सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए। इस प्रकार महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण का पूरा ध्यान रखकर हम एक समृद्ध, स्वस्थ और समान मानव समाज की ओर प्रगति कर सकते हैं।

## सोशल फोरम

# पृथ्वी प्लेटफार्म

लोगों को इस प्लेटफार्म से जाते हुए देखते हैं। सोचते हैं कि अभी कौन-सा जाना है। अभी कहां? दुबारा जन्म होगा। ऊपर स्वर्ग-नरक होगा। कहानियां, धारणा, विचार। सब है। कुछ नहीं है। अमीरी-ग़रीबी, सुख-दुख, हर्ष-शोक, सफलता-असफलता कुछ नहीं। हम और आप बस यूं ही गुजर कर चले जाते हैं। संसार में वो पहला इंसान कौन होगा जिसने जमीन पर एक लकीर खींची होगी, कहा होगा ये टुकड़ा मेरा।

कैसे? कोई मालिक हो ही कैसे सकता है? किस पहले ने कहा होगा कि ये मेरा। दूसरे ने माना क्यों? 'मेरी' ही माया है। भ्रम। कौन है सदा के लिए? कितना छोटा है जीवन। दीदी एक कुत्ता पाले बैठी थी। दस-बारह साल वो दीदी के साथ रहा। मर गया तो दीदी रोने लगी। मैंने उसे समझाया था, कुत्ता इतने ही साल ही जीता है।

'दुख तो होगा न?' मैंने दीदी से कहा, "तुम खुश होने के लिए कुत्ता नहीं पालती हो। दुखी होने के लिए पालती हो। जीवन के बारह साल उसके साथ अच्छे गुजरे। इसका जश्न नहीं? जीवन यात्रा है। जश्नदार यात्रा। मिलने का जश्न मनाइए। बिछड़ने का गम नहीं। आदमी अकेला आता है, अकेला जाता है। वो अकेला ही है। यात्रा में मुसाफिर मिलते हैं। अपनी यात्रा सुखद बनाइए। खुश रहते हुए गुजर जाइए। बाबा लोग रोज सुबह-सुबह प्रवचन देते हैं। मुझसे तमाम परिजन प्रश्न पूछते हैं। ये समस्या है, क्या करें?



संजय सिन्हा
वरिष्ठ पत्रकार

मैं कहानियों से समस्या का हल बताता हूं। सोचता हूं कि संदेश कई लोगों तक पहुंच जाए। ये सच पहुंच जाए कि जीवन सच में कुछ नहीं। कुत्ता बारह-तेरह। आदमी सत्तर -पचहत्तर। कछुआ ढाई-तीन सौ साल। बहुत मत सोचिए। कुछ हासिल नहीं होगा। किसी को हासिल नहीं हुआ। न ज्ञानी को, न भक्त को। न तर्क से। न अंधविश्वास से। जितने दिन हैं लोगों के साथ रहिए। दीजिए। संग्रह में मत फंसिए। कोई टुकड़ा किसी का न हुआ है, न होगा। जीवन ही एक टुकड़ा है। बहुत बड़े किसी अज्ञात जीवन का। स्टेशन किसी का नहीं। ये सिर्फ एक प्लेटफार्म है। हम सब इंतज़ार कर रहे हैं अगली ट्रेन का। किसी यात्रा में कोई दुबारा कहां मिलता है? कोई नहीं मिलता। कभी नहीं मिलता।

**- फेसबुक वॉल से**

# लगातार कम होता आदमी बने रहने का सलीका और तमीज

कुमाऊं में एक जगह है जागेश्वर। अल्मोड़ा से कोई चालीस किलोमाटर दूर। इस जगह तक पहुंचने के लिए आपको आरतोला नाम की एक छोटी सी बसावट से मुख्य मार्ग छोड़कर एक छोटी सड़क पकड़नी होती है जिस में प्रवेश करते ही एक दुर्लभ घनी हरियाली आपको अपने आगोश में भर लेती है। दुर्लभ इसलिए कि यह हरियाली देवदार के सैकड़ों बरस पुराने पेड़ों से बनी है।

इन शानदार पेड़ों के बीच से गुजरती हुई पांच-सात किलोमीटर लंबी घुमावदार सड़क आपको अंदर तक हरा कर देती है। आदमी होने का जरा भी सलीका बचा होगा तो आप खुद उस हरे का हिस्सा बन जाएंगे। भीतर से केवल खूबसूरत भावनाएं उमड़ेंगी। आप हैरत,खुशी और शांति से भर जाएंगे। यकीन कीजिए यह रास्ता ऐसा ही है। इसीलिए मुझे इसका एक-एक मोड़ रटा हुआ है। बहुत सारे पेड़ों को पहचानता भी हूं। जागेश्वर पहुंचते ही पहला अहसास यह होता है कि ध्यान या योग करने के अलावा शिव जैसे बीहड़ देवता का मंदिर बनाने के लिए इससे बेहतर जगह ढूंढे से नहीं मिलेगी। पुराणों में इस जगह और इस इलाके के बारे में खूब विस्तार से लिखा गया है। मानसखंड के उनसठवें अध्याय की शुरुआत में ऋषि वेदव्यास इस जंगल के बारे में बताते हैं कि यहां आकर ही शिव ने अपने योगी रूप को प्राप्त किया। यह अद्वितीय जंगल सिद्ध पुरुषों,विद्वानों,ऋषियों और देवताओं को तो प्रिय था ही,ब्रह्मा-विष्णु-महेश की देवत्रयी ने उसे अपना घर भी बना रखा था। यही वजह रही होगी कि यहां उगने वाले शानदार वृक्षों को देवदारु



अशोक पांडे
हल्द्वानी

इन सब पेड़ों को काटे जाने की तैयारी है। सही खाद-पानी-सूरज मिले तो देवदार का एक पेड़ साल में आठ से दस इंच बढ़ पाता है। उसे सौ-पचास फीट का बनने में कितने साल लगते होंगे,आप हिसाब लगा लीजिए। वैसे पेड़ों का करना भी क्या है! किसी काम तो आते नहीं। हां,पहले के लोग उनकी लकड़ी पर खाना बनाते थे,उनकी छांह में यात्री आराम करते थे। अब तो गैस है। चलने को गाड़ी है। हर घर में एसी लगा है। दुनिया में डंका बज रहा है।

कहा गया। देवदारु यानी देवताओं का वृक्ष। देवदारु के इसी सघन प्रांतर के बीच अपना रास्ता बनाती जटागंगा नाम की एक छोटी सी धारा बहती है। योगीश्वर शिव की तपस्थली होने के कारण इसे जागेश्वर नाम मिला।

ऐसी दिव्य जगह पर हजार-पंद्रह सौ बरस पहले कोई सवा सौ मंदिरों को एक छोटे से परिसर में बनाया गया। प्रमाण हैं कि स्थानीय पत्थरों की मदद से इन मंदिरों को बनाने के लिए तत्कालीन राजाओं ने उड़ीसा और गुजरात के संगतराश बुलवाए थे। इस परिसर और इसके आसपास शिव के बहुत सारे अलग-अलग रूपों को समर्पित कई मंदिर हैं। किसी में शिव नृत्य कर रहे हैं,किसी में वीणा बजा रहे हैं। किसी में उनकी तरुण छवि की उपासना होती है किसी में वे वृद्ध रूप में विराजमान हैं। उनका एक मंदिर तो ऐसा भी है,जहां पूजा करने से किसी भी तरह के उधार से मुक्ति मिल जाती है। शुरुआती बचपन अल्मोड़ा में बीता। तभी से जागेश्वर जाता रहा हूं। मंदिर का शिल्प बहुत आकर्षित करता है। उसमें हर बार कुछ नया देखने को मिल जाता है, लेकिन वहां जाने का सबसे बड़ा आकर्षण अब भी देवदार के आलीशान पेड़ों से घिरी वही घुमावदार सड़क है। उस से गुजरने का कोई भी मौका मैं नहीं छोड़ता।

देवदार के इन पुरातन पेड़ों तले टहलता आदमी आज भी एक बेहद पवित्र,बेहद आदिम इमेज की तरह दिखाई देता है। कभी मुख्य जागेश्वर से डंडेश्वर की तरफ नदी-नदी चलते हुए आएं। इन ऊंचे पेड़ों के पास एक ऐसा चरित्र है,जो इंसान को उसकी क्षुद्रता और प्रकृति के वैराट्य का अहसास कराता है। ये पेड़ अपने आसपास की धरती को भी अपने जैसा उदात्त बनाते हैं। देवदार की सूखी भूरी सुइयों से ढकी उस जमीन पर पैर रखने जैसी मामूली क्रिया भी खुद को पहचानने की शुरुआत की सूरत ले सकती है। बशर्ते आपके पास आदमी बने रहने का सलीका बचा हो और तमीज भी। यह और बात कि ये दोनों चीजें हमारे आसपास लगातार कम और अर्थहीन होती जा रही हैं। हाल ही में हुए एक महापुरुष के जागेश्वर दौरे के बाद नीति-निर्माताओं के मन में आया है कि हजार बरसों से आदमी को जागेश्वर पहुंचा रहा वह रास्ता बहुत संकरा है। नए जमाने की तेज-रफ्तार गाड़ियां आगे-पीछे करने में दिक्कत होती है। समय भी बहुत लगता है। सड़क को चौड़ा करना होगा ताकि जो रास्ता पंद्रह मिनट लेता था अब दस मिनट में पार हो जाए। सारी दुनिया जागेश्वर पहुंच जाए। सबको मोक्ष मिले।

इक्कीसवीं सदी के भारत का सबसे बड़ा सपना यह है कि एक-एक सड़क को इतना चौड़ा बना दिया जाए कि उस पर टैंक चलाए जा सकें। सबको रफ्तार चाहिए। टाइम किसी के पास नहीं है। जागेश्वर वाली सड़क पर मौजूद देवदार के वे एक हजार से ज्यादा पेड़ क्या करें जिन पर चूने से निशान लगा दिए हैं ताकि जब आरियां चलाई जाएं तो उन्हें पहचानने में दिक्कत न हो। इन सबको काटे जाने की तैयारी है। सही खाद-पानी-सूरज मिले तो देवदार का एक पेड़ साल में आठ से दस इंच बढ़ पाता है। उसे सौ-पचास फीट का बनने में कितने साल लगते होंगे,आप हिसाब लगा लीजिए। वैसे पेड़ों का करना भी क्या है! किसी काम तो आते नहीं। हां,पहले के लोग उनकी लकड़ी पर खाना बनाते थे,उनकी छांह में यात्री आराम करते थे। अब तो गैस है। चलने को गाड़ी है। हर घर में एसी लगा है। दुनिया में डंका बज रहा है।

# राजमिस्त्री का शव गांव पहुंचा, कोहराम

## शामली में हुए हादसे में हुई थी मौत, शव सुपुर्दे खाक किया

संवाददाता, ठाकुरद्वारा


ठाकुरद्वारा-सूरजननगर मार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक व बस। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पानीपत से निजी वैन से घर लौट रहा राजमिस्त्री का परिवार हादसे का शिकार हो गया। इसमें राजमिस्त्री की मौत हो गई, जबकि पत्नी-सास और बच्चों समेत आठ लोग घायल हैं। राज मिस्त्री का शव गांव पहुंचने पर परिवार के सदस्यों ने रविवार को सुपुर्दे खाक कर दिया।

कोतवाली के ग्राम शरीफ नगर निवासी नासिर पुत्र यासीन पानीपत में राज मिस्त्री का कार्य करता था। वह परिवार के साथ पानीपत में ही रहता था। छुट्टी होने पर परिवार सहित घर आ जाता था। उसके भाई नईम ने बताया कि शनिवार को सुबह नासिर अपनी पत्नी रुखसाना, सास जैतून बेगम और बच्चों सलमान राहिल के साथ घर लौट रहा था। पानीपत से मुरादाबाद के लिए वैन में सवार हुआ। वैन महमूदपुर निवासी नवाब अली, उसकी पत्नी जैनब, बेटी अजरा, पानीपत निवासी नजमा पत्नी अब्दुल सत्तार आदि करीब दस से ज्यादा यात्री सवार थे। शामली में मेरठ-करनाल हाइवे पर हसनपुर मोड के निकट वैन हाईवे को पार कर रहे ट्रैक्टर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबदस्त थी कि ट्रैक्टर दो हिस्सों में बंट गया और वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और घायलों को वैन से बाहर निकाला। इस बीच पुलिस भी पहुंच गई और घायलों को पानीपत के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां पर चिकित्सकों ने नासिर को मृत घोषित कर दिया और बाकी लोगों को उपचार के लिए भर्ती कर लिया। इसमें वैन चालक विशाल और ट्रैक्टर चालक रविंद्र कुमार निवासी ग्राम बहावड़ी जनपद शामली भी गंभीर रूप से घायल हैं। रविवार को शव पोस्टमार्टम के बाद घर पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। परिवार के सदस्यों ने नासिर के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। उसकी पत्नी और सास की हालत गंभीर बनी है।

### एक नजर

#### शादी समारोह से युवती को अगवा करने का आरोप विरोध पर मारपीट की

**कुंदरकी, अमृत विचार :** रविवार को थाना कुंदरकी क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने गांव के ही कुछ लोगों पर शादी समारोह से उसकी बहन को अगवा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित के अनुसार रविवार को ग्राम डींगरपुर में अपने परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। बताया है कि गांव के दो व्यक्ति इस दौरान वहां बैंक्वेट हाल में मौजूद थे। जोकि उसकी बहन पर पहले से ही बुरी नीयत रखते थे। आरोपी उसकी बहन को वहां से जबरदस्ती खींच कर ले जाने लगे। जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उनको मारपीट कर घायल कर दिया। इसके बाद वहां पर हंगामा हो गया। पीड़ित ने थाना मैनाठेर पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मैनाठेर थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि घायल का मेडिकल परीक्षण कराकर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

#### बस और ट्रक में आमने सामने की टक्कर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** स्योहारा मार्ग पर निजी बस और ट्रक में आमने सामने की टक्कर हो गई। इस दौरान दोनों वाहनों के चालक-परिचालकों ने कूद कर अपनी जान बचाई। बस में सवार यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर वाहनों को कब्जे में लेकर घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। ठाकुरद्वारा-सुरजन नगर मार्ग पर शनिवार की देर रात पीपली अहीर की पुलिया पर सुरजन नगर की तरफ से आ रही बस को सामने से ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों वाहनों के चालक-परिचालक वाहन छोड़कर भाग गए। बस में करीब पंद्रह-बीस सवारियां थीं। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मचने लगी। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र पाल सिंह के अनुसार सूचना पर पुलिस ने पहुंच कर बस में सवार मामूली रूप से घायल यात्रियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भेज दिया। दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर चालकों की तलाश की जा रही है।

## बस और मैजिक में टक्कर, कई घायल

**कुंदरकी, अमृत विचार :** रविवार शाम को मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाईवे पर जीरो प्वाइंट के पास रोडवेज बस ने सवारी लेकर आ रहे टाटा मैजिक (छोटा हाथी) में टक्कर मार दी। जिससे मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहीं रोडवेज बस का चालक बस छोड़कर मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार मैजिक चालक बिलारी से सवारी लेकर मुरादाबाद की ओर जा रहा था। तभी कुंदरकी ज़ीरो प्वाइंट पर पहुंचने पर मुरादाबाद की ओर से आ रही रोडवेज बस ने मैजिक में टक्कर मार दी। जिसमें उसमें सवार कई लोग घायल हो गए। जिसमें आसमा पत्नी नजाकत हुसैन, निवासी काशीपुर, आसिफा पत्नी जीशान निवासी फतेहपुर बिश्नोई, हिना पत्नी जफर अली निवासी बिलारी, तुलसी पत्नी राजपाल निवासी डबल फाटक मुरादाबाद, तनु पुत्री रामगोपाल मुरादाबाद, नजमा पत्नी अनीश निवासी रामनगर, रेशमा पत्नी अनीश आदि घायल हुए हैं।

### सार संक्षेप



हरि मंगल महाविद्यालय में एनएसएस के छात्रों को जानकारी देते शिक्षक।

#### एनएसएस के स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के हरि मंगल महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवकों ने पौधरोपण किया। रविवार को महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति गुप्ता ने स्वयंसेवक को बताया कि हमें अपने आसपास की भूमि व धार्मिक स्थलों पर पौधे लगाना चाहिए। जोकि हमारे जीवन एवं जीव जंतुओं के लिए अति आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन शंकर सिंह ने किया। कार्यक्रम में राजवीर सिंह, निर्मला यादव, मनोज यादव, मोहित यादव आदि उपस्थित रहे। इस दौरान साकेत सक्सेना, अपूर्वा गुप्ता, नेहा रानी, वंशिका यादव, खुशबू, स्नेहा यादव, कुमकुम शर्मा, मनीष कश्यप, दीक्षा कुमारी, मधु कश्यप, निशा भारती, कुमकुम रानी, यासमीन, अंजलि आदि छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।


हरिद्वार के लिए रवाना होता त्रिशूलधारी कांवड़ बेड़ा। ● अमृत विचार

#### गंगाजल लाने के लिए कावंड़ियों के जत्थे रवाना

**कांठ, अमृत विचार :** कांवड़ लाने के लिए शिवभक्तों के जत्थे हरिद्वार आदि के लिए रवाना होने लगे हैं। 5 मार्च को सुबह श्रद्धालु अपनी कांवड़ों में पवित्र गंगाजल भरकर हरिद्वार से नगर के लिए प्रस्थान करेंगे। रविवार को सुबह से नगर के लगभग कई कांवड़ बेडे.अपने-अपने जत्थों के साथ हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लाने के लिए तैयारियों में जुटे रहे। दोपहर में अपने परिजनों से शुभ तिलक कर यात्रा सफल होने का आशीर्वाद लिया। नगर से प्रस्थान करते समय हर हर बम बम, जय भोले की और जयकारा वीर बजरंगी का जयकारा लगाते हुए पूरे नगर को कावंड़ियों ने गुंजायमान कर दिया। सभी ने मंदिरों में मत्था टेक कर हरिद्वार के लिए प्रस्थान किया। श्री तिलकधारी कांवड़ बेड़ा, शिव शक्ति कावंड़ बेड़ा, त्रिशूलधारी कांवड़ बेड़ा आदि हरिद्वार के लिए प्रस्थान कर गए। प्रस्थान करने वाले कांवड़ियों में विशाल विश्नोई, जीतू विश्नोई, रक्षित विश्नोई, अमित कौशिक, माधव माहेश्वरी, आकाश शर्मा, भावेश विश्नोई आदि शामिल रहे।

#### महादेव के जयघोष के साथ रवाना हुए कांवड़िए

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रविवार को तीसरे दिन भी हर-हर महादेव के जयघोष के साथ भारी संख्या में कांवड़ियों के जत्थे हरिद्वार के लिए वर्षा के दौरान रवाना हुए। हरिद्वार जाने से पूर्व शिवभक्तों ने मंदिरों में पहुंचकर पूजा अर्चना की। परिजनों ने तिलक कर फूल माला पहनाकर बड़ा बाजार स्थित ईश्वर मंदिर से शिव भक्तों को रवाना किया। शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लेकर 7 मार्च की देर रात्रि तक अपने-अपने गांव पहुंच कर 8 मार्च को महाशिवरात्रि के पर जलाभिषेक करेंगे।


पुरस्कार वितरित करते अतिथि व अन्य। ● अमृत विचार

#### क्विज कंपटीशन के विजेताओं को बांटे पुरस्कार

**कांठ, अमृत विचार :** नगर के स्टैंडर्ड कान्वेंट जूनियर हाई स्कूल के तत्वाधान में आयोजित क्विज कंपटीशन के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए गए। विद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहम्मद आसिम अंसारी एवं विशिष्ट अतिथि चौधरी कादर आफाक खान ने क्विज कंपटीशन के विजेताओं को पुरस्कार का वितरण किया। कॉलेज के प्रबंधक हाजी सईद अहमद ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों का मानसिक एवं भौतिक विकास करती हैं। इस मौके पर क्विज कंपटीशन की टॉपर कुमारी आराध्या को टैबलेट, द्वितीय स्थान पर रहे मौहम्मद बिलाल को स्मार्ट वॉच देकर सम्मानित किया गया। क्विज कंपीटीटर के रूप में मिर्षिका विश्नोई एवं कक्षा नर्सरी से कक्षा 8 तक के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। प्रबंधक हाजी सईद अहमद एवं प्रधानाचार्या मधुलिका विश्नोई ने आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में उप प्रबंधक समीर अहमद खां, देवांशु विश्नोई , कलीम अंसारी, लुनद अहमद अल्वी, रिजवान अल्वी आदि का योगदान रहा।

#### डिजिटलाइजेशन के विरोध में आज देंगे ज्ञापन

**छजलैट, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छजलैट की बैठक डॉ. कपिल सिरोही की अध्यक्षता में हुई। बैठक में डॉ. सिरोही ने बताया कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेश चन्द्र शर्मा के आह्वान पर सोमवार को प्रदेश के समस्त ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर संगठन द्वारा खंड शिक्षाधिकारियों के माध्यम से महानिदेशक स्कूल शिक्षा के नाम शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए ज्ञापन दिया जाएगा। जिसमें शिक्षकों को पंजिकाओं के डिजिटलाइजेशन करने, शिक्षकों कों राज्य कर्मचारियों की भांति एक कैलेंडर वर्ष में 31 दिन का उपार्जित अवकाश, प्रत्येक माह का द्वितीय शनिवार अवकाश व हाफ डे और आकस्मिक अवकाश प्रमुख मांगे हैं। कोषाध्यक्ष मौ. रिजवान ने कहा कि बिना सरकारी सिम दिए शिक्षकों पर पंजिकाओं के डिजिटलीकरण का दवाब बनाना उचित नहीं है। बैठक में दुष्यंत यादव, मेघराज सिंह, हेतराम सिंह, कृष्णगोपाल सिंह, सर्मेन्द्र सिंह, मो. रिजवान, दिनेश सैनी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

#### ग्राम गढ़ी में आयोजित हुआ नातिया मुशायरा

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम गढ़ी में नातिया मुशायरा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मोहम्मद साहब के जीवन पर रोशनी डाली गई। मुशायरा की सदारत हजरत यामीन ने की और सरपरस्ती कारी शमीम और निजामत हजरत दिलकश जलीस ने की। मुशायरे का आगाज़ मौलाना असद कासमी ने तिलावत ए कलाम पाक से किया। इस मुशायरा में मुफ्ती तारिक जमील, मुफ्ती फहीम लालपुरी, कारी नौशाद, याहया जलीस लखीमपुरी, कारी साकिब, कारी तहसीन अफजल, हमजा अयाज, कारी हैदर शोरा इकराम तशरीफ़ लाये। इस दौरान मौ. अरशद फुरकान खां एडवोकेट, मौलाना मुदस्सिर, मौलाना फुरकान, हाफिज महफूज़, शान अब्दुल बासित, डॉ. हुजैफा, चौधरी मुजीब राणा, कासिम खान, मुजम्मिल खान एडवोकेट, सलाहुद्दीन, मौलाना सिराज आदि उपस्थित रहे।

#### सड़क किनारे मिला युवक का शव, शिनाख्त नहीं

**भगतपुर, अमृत विचार :** भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव पदिया नंगला के समीप दलपतपुर-अलीगंज मार्ग पर युवक का शव सड़क किनारे खाई में पड़ा मिला। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। रविवार की सुबह 10 बजे पदिया नंगला गांव के ग्रामीणों ने एक युवक का शव सड़क किनारे खाई में पड़ा देखा। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिस पर भगतपुर थाना प्रभारी मोहित कुमार पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव की शिनाख्त के प्रयास किए। शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# आयुष्मान भव मेले में बांटीं किट

संवाददाता, कांठ


किट वितरित करते सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** सीएचसी कांठ में आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। जिसमें मरीजों को निशुल्क दवा का वितरण किया गया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में आयुष्मान भव मेले का आयोजन किया गया। मेले में नियमित टीकाकरण, आयुष्मान कार्ड, कुष्ठ कार्ड, जननी सुरक्षा योजना, राष्ट्रीय उन्मूलन कार्यक्रम, बाल विज्ञान परियोजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान सर्जन डॉ. तेजा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवम मदान, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. स्तुति सिंह, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. आशु चौधरी तथा डॉ. जुल्फिकार अहमद खान ने 202 मरीजों को देखकर निशुल्क दवा का वितरण किया।

पैरामेडिकल अनिल सैनी ने कुष्ठ रोग से बचाव और लक्षणों के बारे में जानकारी दी। बीपीएम चंद्रशेखर यादव ने अस्पताल से चल रहीं टीकाकरण आदि विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए कहा। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि सीएचसी में प्रसव कराने के लिए महिलाओं को लाए। यहां यहां जच्चाओं को 1400 रुपये दिए जाते हैं। प्रसव कुशल चिकित्सकों की देखरेख में कराया जाता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने सभी को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह, बीपीएम चंद्रशेखर यादव, उमेश कुमार, अनिल कुमार सैनी, यासिर अली, निहाल खान, मुकेश, कविता आदि स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

## रैली निकाल कर सफाई के प्रति जागरूक किया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** गांधी स्मारक डिग्री कॉलेज सुरजन नगर जयनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का आरंभ हुआ। रविवार को यूनिट प्रथम का शिविर जयनगर तथा यूनिट द्वितीय का शिविर ग्राम सुरजन नगर में लगाया गया।

कार्यक्रम में जयनगर तथा सुरजन नगर की मलिन बस्ती में एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा फाइलेरिया रोग के प्रति जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में स्वयंसेवकों ने लोगों को अपने घर के आसपास सफाई के प्रति जागरूक किया।

एनएसएस यूनिट द्वितीय के प्रभारी प्रभारी डॉ. देवेंद्र प्रकाश, यूनिट प्रथम के प्रभारी कुलदीप व्यास, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ. धनंजय सिंह, डॉ. अमर प्रताप कनौजिया, डॉ. संजय सिंह, राजीव चौधरी आदि ने भाग लिया।


ठाकुरद्वारा से हरिद्वार के लिए रवाना होते भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह व अन्य।

# देश की एकता के संकल्प के साथ कावंड़िए हरिद्वार रवाना

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** देश की एकता एवं अखंडता के संकल्प के साथ भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में शिवभक्त हरिद्वार से गंगाजल लेने के लिए रवाना हुए।

हरिद्वार रवाना होने से पूर्व सभी शिवभक्तों ने मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। बाद में परिजनों व ग्रामीणों ने तिलक लगाकर शिवभक्तों को हरिद्वार के लिए रवाना किया। इस दौरान ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने बताया कि वह हरिद्वार से गंगाजल लेकर शिवभक्तों के साथ पैदल चलकर 7 मार्च की शाम को ठाकुरद्वारा पहुंचेंगे। महाशिवरात्रि को प्राचीन शिव मड़ी मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक करेंगे।


रामूवाला गणेश में बैठक करते ग्रामीण।। ● अमृत विचार

# बैटरी चोरी मामले में पुलिस से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** ग्राम रामूवाला गणेश में ग्रामीणों ने चोर को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। आरोप है कि पुलिस ने पीड़ित से तहरीर बदलने की बात कही। इनकार करने पर पुलिस ने पीड़ित से अभद्रता की। ग्रामीणों ने बैठक कर पुलिस से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

रामूवाला गणेश में ग्रामीणों ने बैठक कर कहा कि शुक्रवार की रात को सचिन कुमार के वाहन से चोर ने बैटरा चोरी कर लिया। उसको ग्रामीणों ने दबोच लिया। बाद में ग्रामीणों ने 112 नंबर को कॉल कर बुलवाया। पुलिस आरोपी और सचिन को कोतवाली ले आई। आरोप है कि कोतवाली में आरोपी की पुलिस ने पिटाई की और पीड़ित से तहरीर बदलने की बात कही। वाहन स्वामी के इनकार करने पर पुलिस ने अभद्रता की। इस दौरान संतोष देवी, मुनेश देवी, कमलेश देवी, राजबाला, नरेश सिंह, बलवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में दो घायल

**छजलैट, अमृत विचार:** मुरादाबाद से आ रही गाड़ी और विपरीत दिशा से जा रही मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मुरादाबाद ले जाया गया।

स्योहारा निवासी जमशेद रविवार की सुबह परिवार के साथ मुरादाबाद से गाड़ी द्वारा वापस जा रहे थे। वहीं छजलैट निवासी दो मोटरसाइकिल सवार युवक मुरादाबाद जा रहे थे। ग्राम कुचावली के पास गाड़ी और बाइक में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे व्यक्तियों ने घायलों को एंबुलेंस द्वारा चिकित्सा के लिए मुरादाबाद भेज दिया गया। इस बीच पुलिस को इसकी सूचना दी गई। मोटरसाइकिल पर सवार घायल एक युवक ने अपना नाम जमशेद निवासी स्योहारा बताया।

# जनता से किए वादे पूरे किए जाएंगे

संवाददाता, कुंदरकी


संभल लोकसभा सीट से भाजपा के प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी का स्वागत करते कार्यकर्ता।

**अमृत विचार :** रविवार को नगर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष नसीम खान के आवास पर संभल लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी का जोरदार स्वागत किया गया।

इस अवसर पर परमेश्वर लाल सैनी ने बताया कि संगठन ने मुझ पर विश्वास कर संभल लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया है। मैं उस पर खरा उतरते हुए जनता से किए गए वादों को पूरा करुंगा। साथ ही विकास कार्यों को अधिक तेजी प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि सांसद बनने के बाद सर्वप्रथम कुंदरकी डींगरपुर मार्ग पर सड़क निर्माण का कार्य कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने मुस्लिम समाज को वोट के लिए प्रयोग किया, लेकिन भाजपा सरकार अल्पसंख्यक समाज के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। कार्यक्रम में बहजोई चेयरमैन राजेश शंकर राजू, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लवली यादव, नक्शे अली, ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर, हाजी मजलूम पाशा, डॉ. मुकीम पाशा, वाजिद पाशा, यासीन खान, यामीन खान, वसीम खान, कमरे आलम, दीपक जैन, मेहंदी हसन, पीयूष गौतम, योगेंद्र एडवोकेट, तंजीम खान, पप्पू राजपूत, रफादुद्दीन खान, मोहम्मद रफी, तबस्सुम खान, शाहनवाज आदि उपस्थित रहे।

**आयोजन**

- भाजपा के संभल लोकसभा प्रत्याशी का स्वागत किया
- कुंदरकी-डींगरपुर मार्ग का निर्माण कराया जाएगा

**मजबूरी** सड़कों पर कूड़ा बीनने को मजबूर बच्चे, माता-पिता के लिए शिक्षा से अधिक पेट भरना जरूरी

# कूड़े के ढेर में रोजी-रोटी के लिए भविष्य तलाशता बचपन

अनिल शर्मा, ठाकुरद्वारा


ठाकुरद्वारा की सड़कों पर पढ़ने-लिखने की उम्र में कूड़ा बीनता बच्चा।

**अमृत विचार :** इन दिनों स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं चल रहीं है। कुछ दिनों बाद परिणाम भी आने शुरू हो जायेंगे। जिसके बाद स्कूलों में नए प्रवेश शुरू कर दिए जाएंगे।

कोई बच्चा इंजीनियर तो कोई डॉक्टर बनने का सपना देखता है। माता-पिता भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए प्रयासरत रहते हैं। उधर कुछ बच्चे ऐसे भी हैं जो रोज सुबह घर से थैला लेकर स्कूल नहीं, बल्कि सीधे कूड़े के ढेर पर पहुंचते हैं और भविष्य की तलाश करते हैं। इन बच्चों का यही सपना रहता है कि अधिक कूड़ा मिल जाए और किसी तरह रोटी का जुगाड़ हो जाए। इनके माता-पिता की भी मजबूरी है कि वह भी इन्हें स्कूल भेजने की बजाय रोटी की तलाश में कूड़ा बीनने भेज देते हैं।

गरीब बच्चों को पढ़ाने के लिए सरकार विभिन्न योजनाए चला रही है। इसमें सरकार ने निशुल्क पढ़ाई से लेकर किताबों और ड्रेस तक निशुल्क उपलब्ध करा रही है। वही दोपहर का भोजन भी निशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही शासनादेश के तहत जिलाधिकारी ने भी कूड़ा बीनने वाले बच्चों को स्कूल भिजवाने की मुहिम छेड़ रखी है। इसके बावजूद आज भी बच्चे दो वक्त की रोटी के जुगाड़ में लगे हैं। रविवार को नगर में एसडीएम कोर्ट रोड पर रेहड़ा लेकर कूड़ा बीनते एक बच्चा दिखाई दिया।

कूड़ा बीन रहे बच्चे से पढ़ाई के बारे में पूछा तो उसका कहना था कि वह पढ़ना तो चाहता है, लेकिन अपने भरण-पोषण की गारंटी भी चाहते हैं। उसने बताया कि कूड़ा बीन कर एक बच्चा रोज दो 100 से 300 रुपये तक कमा लेता है। वहीं इनके माता-पिता के लिए भी शिक्षा से अधिक भरण पोषण जरूरी है। वहीं इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी वेगीस सिंह ने बताया कि लगातार रैलियां निकालकर स्कूल चलो अभियान के साथ जनसंपर्क भी किया जाता है। इसके बावजूद भी कुछ परिवारों के माता-पिता अपने स्वार्थ की खातिर बच्चों को स्कूल न भेजकर कूड़ा बीनने के लिए भेज देते हैं। ऐसा करके वह स्वयं अपने बच्चों के भविष्य को अंधकार में डाल रहे हैं। ऐसी परिवारों से कई बार संपर्क किया गया। दो-चार दिन बच्चों को स्कूल भेजने के बाद फिर रोक लेते हैं। बाद में वह मिलने से भी इनकार कर देते हैं। इसके बावजूद भी लगातार प्रयास किए जा रहे हैं कि माता-पिता ऐसे बच्चों को स्कूल में पढ़ने के लिए भेजें।

**सवाल**

- पढ़ने-लिखने के बजाय कूड़ा बीनते हैं बच्चे
- शिक्षकों के संपर्क करने के बाद भी बच्चों को नहीं भेजते स्कूल

## बारिश ने खोली सफाई की पोल, सड़कों पर गंदगी

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रविवार को सवेरे हुई बारिश से नगर पालिका के साफ-सफाई के दावों पोल खुल गई। नगर में नाले व नालियों चोक होने से गंदा भरा पानी सड़कों पर बहने लगा। जिससे पैदल आने जाने वाले राहगीरों को दिक्कत का सामना करना पड़ा।

रविवार को मात्र आधा घंटा पड़ी बारिश ने नगर पालिका के दावों की सारी हकीकत खोल दी। नाली व नाले चोक होने से गंदगी सड़कों पर आ गई। जबकि एक सप्ताह पूर्व हुई बोर्ड की बैठक में सभासदों ने भी सफाई का मुद्दा उठाया था। एसडीएम कोर्ट रोड पर नाले के ऊपर बनी पुलिया के पानी की निकासी का उचित प्रबंध न होने से कचरा पुलिया के ऊपर आ गया। इस दौरान स्थिति यह बनी कि राजस्व विभाग, एसडीएम कोर्ट और सीओ ऑफिस के सामने रास्ते में पानी भर गया। जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## एक नजर

### ट्रेन में महिला का पर्स चोरी, तहरीर दी

**बरेली, अमृत विचार :** ट्रेन में एक महिला का पर्स चोरी हो गया। महिला ने जीआरपी बरेली जंक्शन थाना को तहरीर दी है। जीआरपी रिपोर्ट दर्ज कर चोरों की तलाश कर रही है। राजस्थान की रहने वाली सुशीला देवी सिंघानिया साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस से लखनऊ से बीकानेर जा रही थीं। उनकी आंख मुरादाबाद स्टेशन पर खुली तो उन्होंने देखा कि सीट से उनका पर्स गायब है। पर्स में चांदी के पांच सिक्के और कुछ नकदी समेत मोबाइल फोन था।

### 13 घंटे 19 मिनट का होगा पहला रोजा

**बरेली, अमृत विचार :** पवित्र माह रमजान की शुरुआत 12 या 13 मार्च से होगी। मस्जिदों में रमजान को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। मस्जिदों में साफ-सफाई का काम तेजी से चल रहा है। दरगाह आला हजरत प्रमुख मौलाना सुब्हानी मियां और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने सहरी और इफ्तार की समय सारिणी (जंत्री) के साथ कैलेंडर जारी कर दिया है, जिसमें पहले रोजे से आखिरी रोजे तक सहरी और इफ्तार का समय बताया गया है।

# जिसे गुलदार के उठा ले जाने की आशंका पर जंगल में तलाशा, वह युवक संग मिली

## संदिग्ध हालात में गायब हुई युवती ने मुस्लिम युवक पर लगाया अपहरण का आरोप

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** शुक्रवार देर शाम संदिग्ध हालात में लापता हुई पंगोट क्षेत्र निवासी 22 वर्षीया युवती ने अब साथ मिले नैनीताल निवासी युवक असीम जलाल पर उसके अपहरण का आरोप लगाया है। इसके बाद पुलिस ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे जेल भेज दिया गया।

ज्ञात रहे कि उक्त युवती शुक्रवार सायं अचानक अपने घर से गायब हो गई थी। युवती को गुलदार के उठा ले जाने की आशंका पर वन कर्मी और ग्रामीण रातभर आसपास के जंगलों में उसकी तलाश करते रहे लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। इधर शनिवार शाम पुलिस ने जब उसका फोन सर्विलांस पर लगाया

**दोषी कौन**

▸▸ पुलिस युवक -युवती को कोतवाली ले आई, युवक को भेजा जेल

तो उसकी लोकेशन नैनीताल में मिली। बाद में पुलिस को गायब युवती नैनीताल के होटल में एक मुस्लिम युवक के साथ मिल गई। इसके बाद युवक व युवती को कोतवाली लाया गया। जहां युवती की काउंसलिंग की गई। रविवार को जब लड़की के बयान दर्ज किए गए तो लड़की ने नैनीताल निवासी असीम जलाल पर अपहरण का आरोप लगाया। इसके बाद युवक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया। बता दें कि युवक शारीरिक रूप से विकलांग है।

### आरोपी युवक बोला, युवती ने ही फोन कर घर बुलाया

गायब युवती सीसीटीवी फुटेज में शुक्रवार रात आराम से होटल में टहलती नजर आ रही है। लेकिन अब उसका कहना है कि युवक उसे बहला-फुसलाकर ले गया था। इधर आरोपी युवक के अनुसार युवती ने ही शुक्रवार को उसे फोन कर अपने घर बुलाया था और कहा था कि अगर तुझे मुझसे शादी करनी है तो आज ही आना होगा। तभी मैं उसको लेने उसके घर गया था। युवक का कहना है कि गुलदार वाली कहानी भी युवती ने ही रची थी। युवती ने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व डीएसबी से एमए करते समय सोशल मीडिया के जरिये उसकी पहचान आरोपी असीम जलाल से हुई थी। तब उसने उसकी एक मदद की थी और हमने एक दूसरे के साथ अपने फोन नंबर भी साझा कर लिए थे। युवती के अनुसार घटना वाले दिन भी परिवार को नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर युवक ने उसे अगवा किया था। सवाल यहां यह है कि सच कौन बोल रहा और आखिर दोषी कौन है।

### दुकानदार ने नाबालिग से किया दुष्कर्म का प्रयास

**बनबसा, अमृत विचार :** दुकानदार ने नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को सौंप दी है। क्षेत्र निवासी एक महिला ने थाने में तहरीर देकर कहा है कि उसकी 13 वर्षीय बेटी बीती 23 फरवरी को हीरा चंद की दुकान में सामान लेने गई थी। आरोप है कि दुकानदार उसकी बेटी को दूसरे कमरे में ले गया और नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। डर से नाबालिग के चिल्लाने पर दुकानदार ने उसे छोड़ दिया और किसी से कुछ कहने पर जान से मारने की धमकी दी।

## दबंगों ने दी धमकी, पुलिस की मौजूदगी में हुई शादी

**बदायूं, अमृत विचार :** सहसवान क्षेत्र के गांव निवासी वाल्मीकि परिवार की दो बेटियों की शादी तय हुई थी। एक की शादी तीन और दूसरी की शादी छह मार्च को निर्धारित है। गांव के दबंगों गांव में दूल्हे के बुग्गी पर बैठकर आने और बैंडबाजा बजने का विरोध किया और धमकाया। बेटियों के परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने समझौता कराया। पुलिस की मौजूदगी में पहली शादी हुई।

गांव चंदेसी निवासी अनुसूचित जाति के रमेश और वीरेश ने लगभग एक सप्ताह पहले एसडीएम को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें उन्होंने बताया कि उनके परिवार में दो बेटियों की तीन और छह मार्च को शादी होनी है। बरात बग्गी से चढ़ेगी। कहा कि गांव के कुछ दबंग गांव से बरात चढ़ाने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। कह रहे हैं कि वह गांव में बैंडबाजा नहीं बजने देंगे। न ही दूल्हा बुग्गी पर आएगा। उन्होंने एसडीएम से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने और बरात चढ़ने के दौरान सुरक्षा देने की मांग की।

# मंदिर में माना पत्नी संबंध बनाकर छोड़ा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

▸▸ कोतवाली बिसौली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की तहरीर पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** युवक ने एक युवती को प्रेम जाल में फंसाया। मंदिर में हाथ जोड़कर युवती को पत्नी माना। चार साल तक युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाता रहा। एक दिन परिजनों के उसकी बिरादरी की युवती से शादी तय करने की बात कहकर युवती को छोड़कर चला गया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिसौली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि लगभग चार साल पहले उसकी मुलाकात गांव निजामुद्दीनपुर शाह निवासी प्रेमपाल मौर्य पुत्र रामरक्षपाल मौर्य से हुई थी। उसने युवती को प्रेम जाल में फंसा लिया। प्रेमपाल ने शादी का झांसा देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने का प्रयास किया। युवती ने कहा कि बिना शादी के वह संबंध नहीं बनाएगी। आरोप है कि युवक उसे मंदिर में ले गया, जहां भगवान की मूर्ति के सामने हाथ जोड़कर बोला कि वह युवती को अपनी पत्नी मानता है। कहा कि कुछ दिनों के बाद वह शादी कर लेंगे। जिसके बाद युवती को उस पर विश्वास हो गया। जिसके बाद चार साल तक कई बार युवक ने युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाए। 20 फरवरी को दोपहर डेढ़ बजे प्रेमपाल युवती के घर आया। उस दौरान युवती घर पर अकेली थी। उसने युवती के साथ फिर से शारीरिक संबंध बनाए। युवती से बोला कि उसके परिजनों ने उसकी बिरादरी की किसी युवती से शादी तय कर दी है। वह दूसरी बिरादरी की है इसलिए उसके साथ शादी नहीं कर सकता। युवती की तहरीर पर आरोपी प्रेमपाल के खिलाफ घर में जबरन घुसने, महिला को विश्वास में लेकर संबंध बनाने, एससीएसटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की है।

# समलैंगिक विवाह कर थाने पहुंचीं युवतियां, बोलीं- साथ रहेंगे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

▸▸ पुलिस ने कोर्ट में किया पेश, कोर्ट ने दी स्वेच्छा से रहने की स्वीकृति

**अमृत विचार :** सुनगढ़ी क्षेत्र से समलैंगिक विवाह से जुड़ा एक मामला सामने आया है। घर से लापता हुईं दो युवतियां रविवार को सुनगढ़ी थाने पहुंची और एक-दूसरे से शादी करने व साथ रहने बात कही। पुलिस ने दोनों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उन्हें स्वेच्छा से रहने की स्वीकृति दी।

सुनगढ़ी क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली दो युवतियां तीन फरवरी को लापता हो गई थीं। इनमें एक 22 और दूसरी 19 साल की है। 22 वर्षीय युवती के भाई ने चार फरवरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं दूसरी युवती के परिजनों ने तहरीर नहीं दी थी। शुक्रवार को दोनों युवतियां थाना सुनगढ़ी पहुंचीं। इनमें 22 वर्षीय युवती दूल्हा के रूप में थी। उसने बाल कटवाकर लड़कों जैसा रूप धारण किया था। 19 वर्षीय युवती को अपनी पत्नी बनाने की बात कही। दोनों ने खुद को बालिग बताया और मर्जी से घर से जाने की बात कही। बोलीं कि शहर में एक मंदिर में शादी भी कर ली है। वे पति-पत्नी के रूप में रहना चाहती हैं। उनकी बातें सुनने के बाद पुलिस दंग रह गई। पुलिस ने युवतियों का मेडिकल परीक्षण कराना चाहा, लेकिन उन्होंने इंकार कर दिया। इसके बाद शनिवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया गया जहां उनके बयान दर्ज किए गए। कोर्ट ने दोनों को उनकी मर्जी से रहने की स्वीकृति दी।

इंस्पेक्टर संजीव शुक्ला ने बताया कि दोनों के कोर्ट में बयान कराए गए थे जहां दोनों ने एक-दूसरे के साथ रहने की बात कही।

## डाटा अपलोड नहीं करने पर प्रवेश पर लगेगी रोक

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण (एआईएसएचई) के पोर्टल पर शिक्षकों का डाटा अपलोड न करने वाले कॉलेजों में प्रवेश के साथ परीक्षा पर भी रोक लगाई जा सकती है। लापरवाही बरतने पर शासन की सख्ती के बाद रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने संबद्ध महाविद्यालयों को दो दिन में डाटा अपलोड करने के सख्त निर्देश दिए हैं।

कुलसचिव ने महाविद्यालयों के प्राचार्य और प्रबंधकों को निर्देश दिए हैं कि अखिल भारतीय उच्चतर शिक्षा सर्वेक्षण ने 6 फरवरी को आदेश दिया था कि पोर्टल पर 15 फरवरी तक डीसीएफ (डाटा कैप्चर फार्मेट) और टीआईएफ (टीचर इन्फॉरमेशन फार्म) डाटा अपलोड कर दिया जाए। इसके अलावा विश्वविद्यालय की ओर से भी 18 और 31 जनवरी को पत्र भेजकर डाटा अपलोड करने के निर्देश दिए थे।



मंदिर में सुंदरकांड पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# सीएचसी में हुआ सुंदर कांड का पाठ

संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद ट्रस्ट की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित महामृत्युंजय मंदिर में संगीत मय सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम पंडित वाईपी जोशी ने सभी देवी-देवताओं का पूजन कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, राजेश शंखधार, योगेंद्र कुमार शर्मा, ब्रजनंदन शर्मा, संजीव शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, आलोक दत्त दुबे, कैलाश वार्ष्णेय ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। इस दौरान केजी शर्मा ने नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल का घराना हो और चरण हो राघव के जहां मेरा ठिकाना हो। गुलशन अरोरा ने हे दुख भंजन मारुति नंदन, सुन लो मेरी पुकार आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में आरती के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर मीनाक्षी पांडे, राकेश चौबे,आदि रहे।

# जिला कार्यालय पर परमेश्वर लाल सैनी का स्वागत

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भाजपा जिला कार्यालय पर रविवार को संभल लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी का भव्य स्वागत कर उन्हें शानदार जीत दिलाने का संकल्प लिया गया।

भाजपा जिला प्रभारी हेमंत राजपूत ने बताया कि 15 मार्च तक देश के प्रमुख स्थानों में विशेष कोहोर्ट (जत्था )मिलन, संवाद के कार्यक्रमों में विभिन्न संस्थाओं के ज्ञापन एवं सुझाव, जनसंपर्क गतिविधि, 500 लोकसभा क्षेत्र में एलईडी प्रचार वाहन से छोटी सभा आयोजित कर सुझाव जुटाए जाएंगे। कार्यकर्ताओं के जरिये बूथ स्तर तक जनसंपर्क कर सुझाव लिए जाएंगे। प्रकोष्ठों द्वारा जिला स्तरीय गोष्ठी एवं विधानसभा स्तरीय छोटी बैठकों के संबंधित कोहार्ट से भी सुझाव एकत्र होंगे। प्रदेश के प्रमुख समुदाय के प्रभावशाली व्यक्तियों से संकल्प पत्र हेतु नमो एप, सुझाव पेटी एवं मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 के माध्यम से सुझाव लिए जाएंगे। इस दौरान जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू, प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी,राजेश शंकर राजू आदि रहे।




परमेश्वर लाल सैनी को मिठाई खिलाते जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष व अन्य।

### शानदार जीत दिलाने का संकल्प

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के एकता विहार कॉलोनी में स्थित जिला कार्यालय पर लोकसभा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान पदाधिकारियों ने उन्हें शानदार जीत दिलाने का संकल्प लिया। इस मौके पर ओमप्रकाश गोला, सुभाष भटनागर, पंकज गुप्ता, सोनू चाहल, प्रभात शर्मा, हरिओम शर्मा, तेजपाल सेनी, अर्जुन वाल्मीकि, योगेंद्र त्यागी, सौरभ गुप्ता, शोभित गुप्ता, गगन वार्ष्णेय आदि रहे।

# रामपुर के बेकरी मालिक को फंसाने वाली किशोरी पकड़ी गई, चौकी इंचार्ज फरार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** बेकरी कारोबारी को होटल में बुलाकर दुष्कर्म के झूठे मुकदमे में फंसाकर सात लाख रुपये मांगने के मामले में पुलिस ने किशोरी को किला पुलिस ने पकड़ लिया है। वहीं गिरोह में शामिल किला चौकी इंचार्ज रहे सौरभ कुमार, सिपाही कोलेंद्र, फर्जी पत्रकार नावेद, चांद अलवी और आजाद अभी फरार हैं। पुलिसकर्मियों के अलावा अन्य आरोपियों को पकड़ना पुलिस के लिए इतना आसान नहीं होगा, क्योंकि पुलिस की हर एक चाल को सभी बखूबी जानते हैं। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें लगाई गई हैं।

किशोरी को किला पुलिस ने बारादरी क्षेत्र के उसके घर से उसे पकड़ा है। किशोरी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह सभी आरोपियों से लगातार संपर्क में थी। आरोपी उसे अपनी जरूरत के अनुसार रुपये देकर बुलाते थे। इसके बाद वह लोगों आरोप लगाकर पहले से साठगांठ कर थानों में तहरीर दिलाते थे। उसके बाद वसूली करते थे। परसाखेड़ा में बेकरी मालिक मुस्तकीम निवासी शाहबाद, रामपुर से भी वसूली मामले में उसे होटल में भेजा गया था। वह होटल के कमरे में कुछ देर तक रही और फिर बाहर चली गई।

### आरोपी किशोरी को भेजा गाजियाबाद

किशोरी को किला पुलिस ने बॉल संप्रेक्षण गृह महिला गाजियाबाद भेजा है। बरेली में व्यवस्था न होने के कारण उसे वहां भेजा गया है। किशोरी गाजियाबाद जाते समय पुलिस कर्मियों के सामने रोते हुए बार-बार कह रही थी कि वह गलत लोगों के चक्कर में फंस गई।

### पॉक्सो की धमकी देने के लिए किशोरी को रखा था गिरोह में

गिरोह में शामिल सभी आरोपी बेहद शातिर हैं। गिरोह में कई महिलाएं और किशोरी भी शामिल हैं। गिरोह में किशोरी को इसलिए शामिल किया गया था, ताकि पॉक्सो एक्ट में फंसाकर मोटी रकम वसूली जा सके।

> फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर सात लाख रुपये की मांग करने वाली किशोरी को पकड़ा गया है, जिसे गाजियाबाद के बॉल संप्रेक्षण गृह महिला में भेजा गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की दो टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।
>
> -हरेन्द्र सिंह, थाना प्रभारी, किला

# शिक्षकों की बायोमेट्रिक उपस्थिति पर सख्ती

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों की रियल टाइम बायोमीट्रिक उपस्थिति को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग सख्त हो गया है। शासन व निदेशालय की ओर से इसे लेकर बीएसए को सख्त निर्देश मिले हैं। जिसके बाद बीएसए ने जिले के 32 सौ शिक्षकों के वेतन पर अग्रिम आदेशों पर रोक लगा दी है। चेतावनी दी कि जब तक उनके द्वारा एक दर्जन रजिस्टर डिजिटल नहीं कर दिए जाते तब वेतन नहीं निकाला जाएगा। इस कार्रवाई को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ ने विरोध शुरू कर दिया है। सोमवार को शिक्षक धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपेंगे।

शासन की ओर से फेस रिकग्निशन आधारित बायोमीट्रिक उपस्थिति समेत एक दर्जन रजिस्टर डिजिटल करने के निर्देश दिए गए हैं। यह कार्य 15 फरवरी से शुरू हो गया है। परंतु शिक्षक इसका विरोध कर रहे हैं। उनके द्वारा रजिस्टरों को डिजिटल नहीं किया जा रहा है। शिक्षक सरकारी सिम और डाटा की धनराशि बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए उनके द्वारा कई बार बीएसए के माध्यम से महानिदेशक शिक्षा के नाम ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है। अब शासन ने इस पर सख्ती शुरू कर दी है।

शासन ने बीएसए को शत-प्रतिशत रियल टाइम उपस्थिति का काम शुरू कराने के आदेश दिया है। वहीं रियल टाइम उपस्थित शुरू न होने की वजह से जिले की रैंकिंग प्रभावित हो रही है। जिला 75वें स्थान पर है। शासन के आदेश पर बीएसए ने कार्रवाई करते हुए जिले के 32 सौ से अधिक शिक्षकों का वेतन अग्रिम आदेशों पर रोक दिया है। चेतावनी दी है कि जब तक रियल टाइम उपस्थिति शिक्षकों द्वारा शुरू नहीं कर दी जाती तब तक वेतन पर रोक रहेगी।

### जिले में संचालित हैं 2155 परिषदीय स्कूल

जिले में 2155 परिषदीय स्कूल संचालित हैं। इनमें नौ हजार से अधिक शिक्षक कार्यरत हैं। जिला समन्वयक पीसी श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में 3371 टेबलेट आए थे। इनमें से 1502 प्राथमिक और 297 संविलियन स्कूलों में टेबलेट का वितरण किया गया है। उच्च प्राथमिक स्कूलों में टेबलेट अभी नहीं दिए गए हैं। शासन से प्राप्त होने के बाद इन स्कूलों में टेबलेट का वितरण किया जाएगा।

> बीएसए द्वारा शिक्षकों का वेतन नियम विरुद्ध रोका गया है। प्रमुख सचिव का आदेश है कि बायोमीट्रिक उपस्थिति न होने पर बीएसए किसी भी शिक्षक का वेतन नहीं रोक सकते। अगर किसी अपरिहार्य कारण से वेतन रोकना पड़ जाए तो डायरेक्टर या जिलाधिकारी से अनुमोदन के बाद ही रोका जा सकता है। इस संबंध में जिलाधिकारी को पत्र दिया गया था। सोमवार को सभी विकास क्षेत्रों में शिक्षक-शिक्षिकाएं धरना-प्रदर्शन करेंगे। महानिदेशक को संबोधित ज्ञापन खंड शिक्षा अधिकारियों को दिया जाएगा।
>
> - संजीव शर्मा, जिलाध्यक्ष, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ

> शासन के निर्देश पर 12 रजिस्टर के रियल टाइम प्रयोग के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए यू-ट्यूब के माध्यम से शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया गया है। इसके बाद भी यहां डिजिटल पंजिकाओं, विशेषकर उपस्थिति पंजिका के प्रयोग की स्थिति काफी खराब मिली है। इसी के तहत शिक्षकों का वेतन रोका गया है। 12 रजिस्टरों का डिजिटली प्रयोग शुरू होने के बाद वेतन निकाल दिया जाएगा।
>
> -स्वाती भारती, बीएसए

### फैक्ट्री कर्मचारी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**काशीपुर, अमृत विचार :** फैक्ट्री में कार्यरत एक कर्मचारी की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सहसपुरी थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी 33 वर्षीय जितेंद्र कुमार पाल पुत्र हरिद्वारी सिंह कुछ समय से यहां महुआखेड़ा गंज स्थित कल्पतरु ऑटो पार्ट्स नामक फैक्ट्री में ऑपरेटर के पद नाइट ड्यूटी करता था। उसने यहीं औद्योगिक आस्थान महुआखेड़ा गंज में किराए का कमरा ले रखा था। हफ्ते में एक दिन वह पैतृक गांव चला जाता था। शुक्रवार को ड्यूटी से छूटने के बाद वह गांव सहसपुरी चला गया। शनिवार को अपराह्न वह गांव से महुआखेड़ा गंज काशीपुर के लिए निकला।

**खोया-पाया**

मेरी हाईस्कूल रोल नं. 0715300, इण्टरमीडिएट रोल नं. 0579196, B.Sc. रोल नं. 200077300005 की मार्कशीट्स एक फाइल में रखीं थी जो वास्तव में कहीं गिर गई है।

-अंशु रानी पुत्री कलवा सिंह निवासी मुन्नी देवी कॉलोनी, अल्हैपुर, थाना धामपुर, तह.- धामपुर, जिला- बिजनौर मो.-9927524503

**खोया-पाया**

प्राप्त सूचना अनुसार मूल विक्रय पत्र दिनांक 30.10.2009 जिल्द नं. 3469 क्रम सं. 9690 गाटा नं. 1026 एवं मूल विक्रय पत्र दिनांक 26.11.2011 जिल्द नं. 4440 क्रम नं. 14458 गाटा नं. 1026 एवं मूल विक्रय पत्र जिल्द नं. 4440 क्रम नं. 14456 दिनांक 26.11.2011 गाटा नं. 1026 एवं मूज विक्रय पत्र दिनांक 26.11.2011 जिल्द नं. 4440 क्रम सं. 14454 गाटा नं. 1026 बहजोई बाहर चुंगी तहसील चन्दौसी सम्भल कहीं खो गये हैं, जिसे मिले 15 दिन में सूचित करें। अन्यथा यह माना जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति व उपरोक्त मूल दस्तावेज पूरी तरह पाक साफ भारमुक्त हैं। कोई क्लेम स्वीकार नहीं होगा। उपरोक्त मूल दस्तावेजों में अंकित सम्पत्ति HDFC BANK में बंधक की जा रही है।

नितेश अग्रवाल (एडवोकेट)
चै नं.- 153, कचहरी मुरादाबाद
मो. नं. 9897208955

**NAME CORRECTION**

I Sadaf Aamir D/o Mohd Aamir R/o 132 Noor Mahal Avas Vikas Rampur-244901 Uttar Pradesh declare that name of my mother has been wrongly written as SHAGUFTA AAMIR in my 10th and 12th educational documents. The actual name of my mother is SHAGUFTA MAHJABEEN which may be amended accordingly. it is certified that I have complied with other legal requirement in this connection.

## लेखपाल से अभद्रता, दो भाइयों पर रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं, अमृत विचार :** बिसौली के गांव सीकरी क्षेत्र में तैनात हल्का लेखपाल रामौतार सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 29 फरवरी को बिसौली एसडीएम ने गजराज सिंह के ईंट भट्ठे का निरीक्षण किया था। उन्होंने नक्शा देखा तो पास का चकरोड बंद मिला। जिस पर कब्जा किया हुआ था।

एसडीएम ने हल्का लेखपाल से नाराजगी व्यक्त की। एसडीएम के निर्देश पर वह चकरोड पर पहुंचे। कब्जा हटाने की तैयारी कर रहे थे। उन्होंने चकरोड पर कब्जा करने वालों को पहले से खुद ही कब्जा हटाने को बोला लेकिन गांव श्यामपुर निवासी सरनाम व उसका भाई रोहिताश पुत्र धनपाल उनसे से बहस करने लगे। उच्चाधिकारियों को गाली दी। सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। थाना फैजगंज बेहटा पुलिस ने हल्का लेखपाल की तहरीर पर आरोपी दोनों भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। दोनों की तलाश की जा रही है।

**उपचार** आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने तैयार किया संयुक्त टीका

# भेड़ बकरी में चेचक की रोकथाम एक टीके से

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ 65 लाख के लाइसेंस शुल्क के साथ हैदराबाद की कंपनी को किया हस्तांतरित

**अमृत विचार :** भेड़-बकरी में होने वाली पीपीआर और चेचक बीमारी की रोकथाम के लिए अब दो नहीं एक ही टीके का इस्तेमाल किया जाएगा। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के वैज्ञानिकों ने संयुक्त टीका विकसित किया है। इस टीके को वर्ष 2023 में तैयार किया गया था। इस टीके को हैदराबाद की हेस्टर बायोसाइसेंस कंपनी को हस्तांतरित किया गया है।

वैज्ञानिकों के अनुसार पेस्टे-डेस-पेटिट्स रूमिनेंट्स (पीपीआर) और गोटपॉक्स (बकरी चेचक) अत्याधिक संक्रामक रोग हैं, जो मुख्य रूप से बकरियों और भेड़ों को प्रभावित करते हैं, इस बीमारी के संक्रमण से मृत्यु दर अधिक होती है। इन रोगों की रोकथाम के लिए टीकाकरण ही एक मात्र उपाय है। आईवीआरआई के वैज्ञानिकों ने पहले इन दोनों बीमारियों के लिए दो टीके विकसित किए थे। अब दोनों बीमारी के लिए संयुक्त वैक्सीन में स्वदेशी पीपीआर और जीटीपीवी स्ट्रेनो का उपयोग किया गया है। जिससे दोनों रोगों के विरुद्ध पशुओं को प्रतिरक्षा मिलेगी।

संस्थान के निदेशक डा त्रिवेणी दत्त ने कि दोनों बीमारियों के लिए संयुक्त वैक्सीन संस्थान के वैज्ञानिकों के लिए बड़ी उपलब्धि है। अब हेस्टर कंपनी आवश्यक नियमों की स्वीकृतियों के बाद इस टीके का उत्पादन शुरू करेगी, जो पशुपालकों को जल्द उपलब्ध होगी। डॉ अनुज चौहान ने बताया की पीपीआर-गोटपॉक्स संयुक्त वैक्सीन को 65 लाख रुपये लाइसेंस शुल्क और पांच प्रतिशत रॉयल्टी की लाइसेंस शर्तों के साथ 10 साल की अवधि के लिए हेस्टर बायोसाइसेंस कंपनी को हस्तांतरित किया गया है।

पीपीआर व बकरी चेचक का प्रकोप भारत के अलावा उत्तरी और मध्य अफ्रीका, दक्षिण-पश्चिम, मध्य पूर्व और मध्य एशिया के देशों में काफी रहता है। इस संयुक्त वैक्सीन के विकसित होने से आईवीआरआई के टीके विदेशों में भी बिक्री होने की संभावना है। इस टीके को विकसित करने वाली टीम में वैज्ञानिक डॉ मुथु चेलवन, डॉ. ज्ञान वेल, डॉ. रामाकृष्णा, डॉ. अमित कुमार, डॉ. चंद्रशेखर का योगदान रहा।

## लौट कर नहीं आए हिंसा के दिन से फरार लोग

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मलिक का बगीचा और बनभूलपुरा में अभी ऐसे तमाम घर हैं, जिन पर ताला लटका है। इसमें तमाम मकान मालिक और कई किराएदार हैं, जो हिंसा के दिन से फरार है। ऐसे दर्जनों लोग पुलिस की रडार पर हैं। माना जा रहा है कि ये लोग उत्तर प्रदेश और दिल्ली में दुबके बैठे हैं। वहीं बताया जा रहा है कि हिंसा के मामले में पुलिस अभी कुछ और पत्थरबाज महिलाओं की गिरफ्तारी कर सकती है।

बता दें कि बीती 8 फरवरी को हुई हिंसा में महिलाओं ने भी पुलिस, प्रशासन और नगर निगम की टीम पर जमकर पत्थर बरसाए थे। ऐसी 5 पत्थरबाज महिलाएं सलाखों के पीछे पहुंच चुकी हैं। इस मामले में आरोपियों की शिनाख्त अभी भी जारी है। बताया जा रहा है कि पुलिस इस मामले में अभी और कई पत्थरबाज महिलाओं को गिरफ्तार कर सकती है।

## सार संक्षेप

### एएसपी ने किया शिव मंदिर का भ्रमण

**हापुड़, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि के त्योहार एवं जनपद में कानून व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक राजकुमार अग्रवाल ने रविवार को थाना सिम्भावली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम दतियाना के शिव मंदिर का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और अधीनस्तों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा किसी भी शिव भक्त को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर परेशानी नहीं होनी चाहिए। कानून व्यवस्था को बनाने के लिए क्षेत्र में पैदल गश्त करें।

### लोकसभा चुनाव को लेकर जनचौपाल

**हापुड़, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव एवं जनपद में कानून व शांति व्यवस्था के बनाए रखने के लिए क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों ने अपने थाना क्षेत्र में जनचौपाल आयोजित कर आमजन को कानून व सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा दिलाया तथा सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक पोस्ट व टिप्पणी न करने एवं आपसी भाईचारे से रहने की अपील की।

### कैंटर पलटने से वाहन चालक व परिचालक घायल

**हापुड़, अमृत विचार :** थाना हापुड़ देहात के ततारपुर गोल चक्कर के पास रविवार को कैंटर पलट जाने से वाहन चालक व परिचालक घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। गोल चक्कर के पास ततारपुर गेट के पास रविवार की तड़के एक कैंटर के पलट जाने से आगरा के विजय कुमार व कंडक्टर विनोद बंगाली हरियाणा से अगरबत्ती पाउडर के बैग लेकर झांसी जा रहे थे कि ततारपुर गोल चक्कर के पास कैंटर का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गया। स्थानीय लोगों ने बताया गया कि यहां आये दिन वाहन पलटते रहते हैं क्योंकि रोड के पास बने नाले पटे हुए नहीं है और खुले नाले वाहन मोड़ते समय दिखाई नहीं देते हैं।

## किसानों को दुगुना मुआवजा दे डबल इंजन सरकार: अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने किसानों की आय तो दुगुनी नहीं की पर लागत की बढ़ोत्तरी और ओलावृष्टि की डबल मार झेल रहे किसानों को डबल इंजन वाली भाजपा सरकार को दुगुना मुआवजा तो देना ही चाहिए। किसानों की मुआवजे की डबल मांग पूरी तरह जायज है। सपा प्रमुख ने रविवार को जारी एक बयान में कहा, बरसात से और कहीं-कहीं ओलावृष्टि से गेहूं, चना, सरसों की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। टमाटर, आलू, शिमला मिर्च, बींस, गोभी, बैगन की फसल भी प्रभावित हुई है। आम में बौर आने शुरू हो गए थे बारिश में ये न केवल गिर गए हैं अपितु उसमें खर्रा रोग और भुनगे भी लगने लगे हैं। आम बागान के किसान तबाही के कगार पर पहुंच गए हैं।



# बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करेगा डेयरी सेक्टर

## डेयरी क्षेत्र में 9 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश उतरेगा धरातल पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में डेयरी सेक्टर बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित करेगा। डेयरी सेक्टर में 9 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश धरातल पर उतरेगा। इससे लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि दुग्ध उत्पादन के मामले में प्रदेश देश में नंबर वन है। इस सेक्टर ने न सिर्फ 9000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश आकर्षित किया है, बल्कि इसके माध्यम से प्रदेश भर के युवाओं को व्यापक पैमाने पर रोजगार भी मिलने जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में वाराणसी में बनास काशी डेयरी संकुल की शुरुआत हुई है। इससे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से पूर्वांचल के लाखों लोगों के लिए रोजगार सृजित होने की संभावना है, वहीं ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी 4.0) के माध्यम से प्रदेश में कई बड़ी डेयरी कंपनियों ने भी अपने निवेश को धरातल पर उतारने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। डेयरी कंपनियों की स्थापना के साथ ही प्रदेश डेयरी सेक्टर में और अधिक मजबूत होगा, बल्कि यह लोगों को रोजगार का सशक्त माध्यम भी बनेगा।

दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि वाराणसी के बाद बनासकांठा डीसीएमपीयू लिमिटेड अब पहले चरण में प्रति दिन 10 लाख लीटर दूध की हैंडलिंग क्षमता के साथ एक डेयरी इकाई स्थापित करने की योजना बना रहा है, जिसे दूसरे चरण में प्रति दिन 15 लाख लीटर तक बढ़ाया जा सकता है। कंपनी ने बागपत में 800 करोड़ रुपए का निवेश किया है जिससे 4000 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। इसी तरह, सीपी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड अभी प्रदेश में तीन मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के जरिये अपनी सुविधाएं उपलब्ध कर रहा है। इससे प्रदेश में हजारों लोगों को प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हो रहा है।

प्रदेश में अपनी यूनिट्स को विस्तार देने के क्रम में कंपनी ने अब बाराबंकी में 300 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे 90 रोजगार के अवसर पैदा होंगे। सीपी मिल्क 1.65 लाख से अधिक डेयरी किसानों से सीधे खरीदे गए ताजे दूध से निर्मित 17 उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों की खुदरा बिक्री करती है।

### बरेली, शाहजहांपुर व गोंडा में आएगी नौकरियों की बहार



अधिकारियों ने बताया कि स्मार्ट ग्रिड प्राइवेट लिमिटेड गोंडा में 1100 करोड़ रुपए की लागत से अपनी यूनिट स्थापित करने जा रहा है। इसके जरिए तीन हजार से अधिक लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। वहीं, रिंकू डेयरी प्रोप बरेली में 490 करोड़ रुपए से व शाहजहांपुर में 300 करोड़ से उद्यम स्थापित कर रहा है जो एक हजार 300 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराएगा। बरेली डेयरीज लिमिटेड बरेली में 300 करोड़, मित्र सेवा इंश्योरेंस एंड फिनटेक प्राइवेट लिमिटेड 300 करोड़ रुपए, गोपाल जी डेयरी हापुड़ में 252 करोड़ रुपए, क्रीमी फूड्स बुलंदशहर में 250 करोड़ रुपए, प्रधान मिल्क चिलिंग प्लांट मेरठ में 250 करोड़ रुपए और डेयरी क्राफ्ट बरेली में 212 करोड़ रुपए के निवेश के जरिए हजारों लोगों के रोजगार का प्रबंध करने जा रहा है।

### ये बड़े प्रोजेक्ट्स भी देंगे रोजगार

- इंडिया डेयरी मेरठ 200 करोड़
- गोपाल जी डेयरी बुलंदशहर, 172 करोड़
- आनंदा डेयरी हापुड़, 150 करोड़
- आरएम डेयरी अलीगढ़, 150 करोड़
- मुरलीधर दुग्ध ग्राम उद्योग संस्थान प्रयागराज, 150 करोड़
- माया मिल्क फूड इटावा, 150 करोड़
- टेस्टी डेयरी कानपुर देहात, 110 करोड़

## एसटीएफ ने घुमन्तु गैंग के सरगना को किया गिरफ्तार

**लखनऊ, अमृत विचार :** एसटीएफएफ ने लूट, हत्या, डकैती, बलात्कार जैसे कई संगीन अपराधों में वांछित घुमन्तु गैंग के सरगना केदार को प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ बरेली, एटा, कासगंज और शाहजहांपुर के 13 मामले दर्ज हैं। अपराधियों की धर-पकड़ में जुटी एसटीएफ टीम को मुखबिर की सूचना पर यह कामयाबी मिली है। उसने पूछताछ में बताया कि वह अपने परिवार व साथियों के साथ अलग-अलग जनपदों में स्टेशनो के किनारे अथवा सुनसान स्थानों पर डेरा लगाकर रहता रहा है। उन क्षेत्रों में लूट, डकैती, चोरी आदि की वारदातों को अंजाम देता रहा है। उसके परिवार की महिलाएं और बच्चे खिलौने, चाइनीज पम्प, चाइनीज टार्च आदि घरेलू सामान लेकर नगर, कस्बा, गॉव आदि स्थानों पर इन सामानों को बेचने के बहाने घरों की रैकी करते थे। इसके बाद परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर रैकी किए हुए घरों मे डकैती की वारदात को अंजाम देते थे है। घटना बाद वह लोग दूसरी स्थान पर चले जाते है।

## सार-संक्षेप

### स्थानांतरणों को लेकर आरटीआई में पीएसी मुख्यालय ने दी गलत जानकारी

**लखनऊ, अमृत विचार :** पीएसी मुख्यालय द्वारा स्थानांतरणों को लेकर आरटीआई में गलत जानकारी दिए जाने का मामला सामने आया है। पूर्व में हुए तबादला आदेश की समीक्षा में इस बात की पुष्टि हुई है। दरअसल, दिसंबर 2022 में पदोन्नति जनपदीय सशस्त्र पुलिस मुख्य आरक्षी से उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस को पीएसी में स्थानांतरित किया गया था। इसको लेकर उनमें नाराजगी थी। उनका कहना था कि इसके पहले कभी ऐसा तबादला नहीं किया गया। इसी मसले को लेकर पुलिसकर्मियों के वकील रामकरन (सुल्तानपुर) की ओर से सूचना का अधिकार के तहत सूचना मांगी गई थी। इस बाबत अपर पुलिस अधीक्षक पीएसी मुख्यालय कपिल देव सिंह द्वारा 12 जनवरी 2024 को दी गई सूचना में बताया गया कि कोराना महामारी की विषम परिस्थितियों के कारण चयन वर्ष 2020-2021 और जनवरी 2022 में जिले के उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पद पर प्रोन्नत कर्मियों के पीएसी में स्थानान्तरित नहीं किया गया। अब विभाग की ओर से जारी तबादला आदेश पर नजर डालें तो यह सूचना गलत साबित होती है। 17 अक्टूबर 2020 को जारी आदेश के तहत पीएसी से जनपदीय सशस्त्र पुलिस में 21 कर्मियों जोन और कमिशनरेट में भेजा गया। वहीं 15 जुलाई को 2021 को 24 का तबादला किया गया।

### सूखे से निपटने के लिए विशेषज्ञ आज करेंगे मंथन

**लखनऊ, अमृत विचार :** प्रदेश में सूखे की निगरानी, आपदाओं से निपटने और इससे होने वाली जनहानि व धनहानि को कम करने के लिए विशेषज्ञ मंथन करेंगे। इसके लिए 4 मार्च को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में टेक्नोलॉजी फॉर ड्रॉट पर राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। शासन के अधिकारियों ने बताया कि राहत विभाग की ओर से आईआईटी कानुपर के सहयोग से यह आयोजन किया जा रहा है। इससे प्रमुख स्टेकहोल्डर्स के रूप में प्रदेश व देश के प्रमुख तकनीकी संस्थान, शोध संस्थान, तकनीकी विश्विविद्यालय के साथ-साथ संबंधित विभागों के विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे।

### अतीक के दोनों बेटों से जेल में होगी पूछताछ

**संवाददाता, प्रयागराज, अमृत विचार :** प्रदेश के बहुचर्चित उमेश पाल हत्याकांड में पुलिस अब माफिया अतीक अहमद के बेटे उमर और अली का बयान दर्ज करने की तैयारी में है। अतीक का बड़ा बेटा उमर लखनऊ की जेल में बंद है, जबकि छोटा बेटा अली नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। उमेश पाल हत्याकांड में अली और उमर पहले ही आरोपी बनाये गये थे। पुलिस उमर और अली के खिलाफ दाखिल चार्जशीट से उनका बयान लेगी। साक्ष्य जुटाने के बाद पुलिस ने दोनों के खिलाफ वारंट भी तामील कराया है। इसके अलावा अतीक के दोनों छोटे बेटे अहजम और अबान् की निभाने भी जांच के घेरे में है। जिसकी जांच की जा रही है। फिल्हाल अहजम तो बालिग हो चुका है, लेकिन अबान अभी नाबालिग है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से दोनों बाल संप्रेषण गृह में रखे गये थे। बाद में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बाल कल्याण समिति ने दोनों को घर भेज दिया था।

### भाजपा हर बूथ पर 370 मत बढ़ाकर साधेगी मिशन 370

**लखनऊ, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में देशभर की 370 सीट जीतने का लक्ष्य लेकर भाजपा ने हर बूथ पर करीब 370 मत बढ़ाने की रणनीति तैयार की है। लोकसभा चुनाव के लिए इसी महीने तारीखों की घोषणा संभव है। ऐसे में भाजपा अब पूरी सक्रियता के साथ हर बूथ पर वोट प्रतिशत बढ़ाने की जुगत में है। इस कवायद के तहत भाजपा उप्र. के करीब एक लाख 60 हजार से अधिक मतदान केन्द्रों पर भी अपनी बढ़त बनाने की पहल करेगी। उप्र. में एक बूथ पर औसतन 950 मतदाता पंजीकृत हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के अनुसार उप्र में 2024 के लोकसभा चुनाव में 15 करोड़ 29 लाख लोग मतदान के पात्र हैं। भाजपा के चुनावी रणनीतिकारों का मानना है कि अगर औसतन हर बूथ पर 370 मत हासिल करने का लक्ष्य पूरा हो जाए तो करीब छह करोड़ अधिक मतदाता भाजपा के पक्ष में मतदान कर सकते हैं।

# डीजे में उतरा करंट, दो सगे भाइयों समेत तीन की मौत

संवाददाता, प्रयागराज/कौशांबी

- भरवारी में बिजली कर्मियों के लापरवाही आई सामने

**अमृत विचार :** क्षेत्र के कोखराज थाना अंतर्गत उसरे गांव में शनिवार की रात बड़ी घटना हो गई। गांव पहुंची बारात के साथ चल रही डीजे हाई टेंशन तार की चपेट में आ गई। जिससे मौके पर ही दो सगे भाइयों समेत तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घटना में तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। इस बड़ी घटना से बारात में हड़कंप मच गया। बारात में चारों तरफ चीख पुकार मच गई।

घटना के बाद तत्काल लोगों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। झुलसे लोगो को इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। सूचना पुलिस को मिली तो मौके पर पहुंचे पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मृतकों के परिजनों को खबर दे दी। उधर लड़की पक्ष और वर पक्ष को घटना की जानकारी मिलने के बाद कोहराम मच गया। कौशांबी थाना क्षेत्र के दुल्हनियापुर गांव के रहने वाले पिंटू की शादी कोखराज थाना क्षेत्र के उसरे गांव की रहने वाली अमृता प्रजापति से तय हुई थी। शनिवार को डीजे बैंड के साथ बारात घर से निकली और समय के अनुसार बारात उसरे गांव पहुंच गई। कुछ देर के बाद बारातियों को जलपान कराया गया। जिसके बाद बारात आगे बढ़ी। लोग डीजे पर नाचते गाते हुए दुल्हन के घर की तरफ बढ़ रहे थे, तभी बारिश आंधी के साथ बरसात शुरु हो गई। तेज हवा से टूटकर तार नीचे झूलने लगा। उस दौरान सभी नाचने मे मशगूल थे। डीजे डीजे में हाई टेंशन तार छू गया और डीजे में करंट उतरने आया। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक हादसे में सगे भाई राजेश, रवि पुत्र राम भवन और डीजे पर सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसे में तीन अन्य बराती भी गंभीर रूप से झुलस गए। हादसा होने के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई।

## बाराबंकी के सिटी लॉ कॉलेज के खिलाफ जांच शुरू

**अयोध्या, अमृत विचार :** बाराबंकी का सिटी लॉ कॉलेज में सामूहिक नकल का वीडियो वायरल होने और अब तक 124 नकलची पकड़े जाने के बाद दो सदस्यीय जांच समिति ने कॉलेज के विरुद्ध जांच शुरू कर दी है। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध की 27 फरवरी से एलएलबी त्रिवर्षीय एवं पंच वर्षीय विषम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू हुईं हैं। इसमें बाराबंकी के सिटी लॉ कॉलेज में रोज नकलची पकड़े जा रहे हैं। अवध विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने सामूहिक नकल के मामले में दो सदस्यीय जांच समिति गठित की थी। जिसमें विधि संकाय के प्रो.ए के राय और पर्यावरण विज्ञान के प्रो. सिद्धार्थ शुक्ला को नामित किया था। कुलपति ने संबधित कॉलेज में निगरानी के लिए दो पर्यवेक्षक भी तैनात कर कॉलेज के विरुद्ध जांच शुरू करा दी है। गोपनीय ढंग से चल रही जांच की रिपोर्ट कुलपति को सौंपी जाएगी।

# फसल बीमा सहारा, 6 हजार से ज्यादा दावे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में प्रधानमंत्री फसल बीमा के तहत छह हजार से ज्यादा किसानों ने फसल बर्बाद होने पर व्यक्तिगत दावा किया है। इसे कृषि निदेशालय ने गंभीरता से लेकर सभी जिला कृषि अधिकारी और फसल बीमा कंपनियों को सर्वे के निर्देश दिए हैं और 10 दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी है।

शनिवार और रविवार को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुए किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का सहारा है। योजना के तहत फसलों का बीमा कराए छह हजार से अधिक किसानों ने टोलफ्री नंबर पर कॉल कर व्यक्तिगत दावा यानी फसल नुकसान की रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें रविवार को जिलों से एक हजार से अधिक व्यक्तिगत दावे किए गए। दो दिन में इतनी अधिक संख्या में दर्ज रिपोर्ट को देखते हुए जिलों पर बारिश और ओलावृष्टि से इंकार नहीं कर सकते हैं। हालांकि कृषि विभाग ने किसानों के व्यक्तिगत दावों को गंभीरता से लेकर जिलों पर कृषि अधिकारी और फसल बीमा कंपनी को सर्वे कर नुकसान का आकलन करने के निर्देश दिए हैं। 10 दिन में रिपोर्ट मांगी है। जो निदेशालय से शासन जाएगी। इसी आधार पर कंपनी किसानों को क्षतिपूर्ति देंगी। वहीं, जो फसलें बीमित नहीं हैं उन्हें राहत आयुक्त की तरफ से 33 प्रतिशत से अधिक नुकसान होने पर सहायता मिलेगी। बीमित फसलों का यहां करें दावा- टोलफ्री नंबर- 14447, 1800-8896-868।

इस संबंध में उप निदेशक, फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय उमा शंकर सिंह ने कहा कि बीमित फसलों के नुकसान के आधार पर कंपनी क्षतिपूर्ति देगी। बीमा कंपनी और जिला कृषि अधिकारियों से सर्वे कर रिपोर्ट मांगी है। जिन फसलों का बीमा है किसान नुकसान की स्थिति में 72 घंटे के अंदर टोलफ्री नंबर पर शिकायत जरूर दर्ज कराएं।

### नुकसान पर 100 प्रतिशत तक मिलेगी क्षतिपूर्ति

जिन किसानों ने रबी फसलों का बीमा कराया है वह देर न कर टोलफ्री नंबर पर 72 घंटे के अंदर कॉल कर व्यक्तिगत दावा करें। इस आधार पर कंपनी सर्वे करेगी। व्यक्तिगत दावा पर 100 प्रतिशत तक क्षतिपूर्ति मिलती है। यानी जितन नुकसान होगा उतना एक माह के अंदर क्लेम मिलेगा। 72 घंटे के बाद दावे मान्य नहीं होंगे न ही कंपनी की जवाबदेही रहेगी। दूसरी प्रक्रिया यह है कि फसल कटाई के दौरान उपज का आकलन कर क्षतिपूर्ति तय की जाएगी। इसमें कम लाभ के साथ ज्यादातर किसान छूट जाते हैं।

## वर्ग पहेली-361

**बाएं से दाएं**

1. 1. समय की लघुतम इकाई, दम 2. एक क्षण (चौबीस सेकंड का समय) 3. चार कर्ष की एक प्राचीन तौल।
2. घास-पात से निर्मित कुटी, पर्णकुटी, झोपड़ी।
4. 1. जवान स्त्री 2. हल्दी 3. सोनजुही 4. प्रियंगुलता।
5. 1. अपनी इंद्रियों को वश में रखने वाला, संयमी 2. वश में किया हुआ, अधीन।
7. 1. आंच, ताप 2. पीड़ा, दुख, क्लेश।
8. दहकने की क्रिया या भाव, दहक, धधक, लपट।
9. 1. दरज़ा 2. पद का क्रम।

**ऊपर से नीचे**

1. वह मतवाद जो पशु को देवी या देवता मानने में विश्वास रखता है।
2. जल्दबाज़ी, हड़बड़ी।
3. 1. संसार, जगत, दुनिया, विश्व 2. चैतन्य सृष्टि, संसृति 3. दुनिया के लोग 4. पानी भरने का लंबा पात्र।, जाग्रत।
6. 1. कपटी, दुष्ट 2. जालसाज, बईमान।
7. 1. जो लकड़ी की तरह सूखकर ऐंठ गया हो 2. सूखा, शुष्क।



### वर्ग पहेली - 360 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 का | म | का | 2 जी | | 3 ठ |
| ज | | | 4 व | सी | म |
| | 5 गा | 6 ट | र | | की |
| | | 7 म | सा | नी | |
| 8 चुं | 9 ब | की | य | | 10 सं |
| | ढ़ | | न | | घा |
| 11 वि | त | त | | 12 सृ | त |

# कांग्रेस को मिल सकती हैं तीन और सीटें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की ओर से लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जारी होने के बाद टिकट को लेकर अन्य दलों में भी राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस बीच, कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत सपा से तीन और सीटें पाने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस को ये सीटें मिलने की संभावना जताई जा रही है।

गठबंधन में कांग्रेस को 17 सीटें मिली हैं, जबकि सपा के खाते में 63 सीटें मिलीं, जिसमें एक सीट आजाद समाज पार्टी के प्रमुख चन्द्रशेखर आजाद को दी गई है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस प्रदेश की तीन और सीटें श्रावस्ती, भदोही और मुरादाबाद सीट की मांग कर रही है। पार्टी श्रावस्ती से पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद व मुरादाबाद से पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी को चुनाव मैदान में उतारना चाह रही है, जबकि भदोही सीट से राजेश मिश्रा को लड़ाने की चर्चा है। गठबंधन के लिए बनी कांग्रेस की समन्वय समिति इस पर सपा से वार्ता कर रही है। कांग्रेस को ये तीनों सीटें मिलने की संभावना है।

- श्रावस्ती, भदोही और मुरादाबाद सीट पर कांग्रेस बना रही दबाव

**रायबरेली व अमेठी से गांधी परिवार के लड़ने की संभावना :** अमेठी व रायबरेली सीट पर गांधी परिवार के लोगों को ही चुनाव लड़ाने की संभावना है। अमेठी से राहुल गांधी व रायबरेली से प्रियंका गांधी वाड्रा को टिकट दिये जाने की चर्चा है, जबकि वाराणसी से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के चुनाव मैदान में उतरने की संभावना जताई जा रही है।

### इन नेताओं को मिल सकता है टिकट

कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि अमरोहा से पार्टी दानिश अली पर दांव लगा सकती है। बसपा से निलंबन के बाद दानिश की कांग्रेस से नजदीकी बढ़ी है, जबकि सहारनपुर से इमरान मसूद को टिकट दिया जा सकता है। इसी तरह, झांसी से चन्द्रभूषण सिंह या प्रदीप आदित्य, देवरिया अखिलेश प्रताप सिंह, बाराबंकी से पीएल पुनिया, कानपुर से आलोक मिश्रा व अजय कपूर का नाम चर्चा में है। महाराजगंज से राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत, गोरखपुर की बांसगांव सीट से कमल किशोर कमांडो, गाजियाबाद से डॉली शर्मा के नामों पर चर्चा चल रही है।

# भाजपा सांसद का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

- निजी सचिव की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** बाराबंकी से भाजपा सांसद उपेंद्र सिंह रावत का आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसके बाद सांसद की तरफ से कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। यह वीडियो उस वक्त वायरल हुआ है जब रावत को भाजपा ने बाराबंकी लोकसभा क्षेत्र से दोबारा अपना उम्मीदवार घोषित किया है। सांसद रावत इस वायरल वीडियो को विरोधियों की साज़िश करार दे रहे हैं।

वीडियो वायरल होने के बाद सांसद के निजी सचिव दिनेश चंद्र रावत की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली है। तीन मिनट से लेकर पांच मिनट तक के कई वीडियो वायरल हुए हैं जिसमें एक व्यक्ति एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहा है। इस वीडियो में दिख रहे व्यक्ति को उपेन्द्र सिंह रावत के रूप में प्रचारित किया गया है। सांसद के निजी सचिव दिनेश रावत ने तहरीर में कहा गया है कि सांसद का एडिटेड वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर उन्हें बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। सांसद रावत ने बताया कि मेरे टिकट मिलने से पहले कोई वीडियो सामने नहीं आया था, लेकिन टिकट मिलते ही मेरे खिलाफ मेरे विरोधियों ने ऐसी हरकत की है। उन्होंने दावा किया कि यह वीडियो पूरी तरह से संपादित है और इसलिए पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई है, जल्द ही आरोपी सामने होंगे।

## सुडोकू-78

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 9 | | 1 | | 2 |
| | | 5 | | | | | 7 | |
| 8 | | | | 1 | | 4 | | |
| 6 | | | 4 | 2 | | | 5 | |
| 9 | | 2 | | | | 6 | | 3 |
| | 4 | | | 5 | 6 | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | 9 |
| | 6 | | | | | 8 | | |
| 2 | | 4 | | 6 | | 5 | | |

### सुडोकू - 77 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 5 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 5 | 1 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 3 | 2 | 5 | 7 | 1 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 7 | 5 | 1 |
| 1 | 7 | 9 | 4 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 1 | 7 | 8 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 |
| 4 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 5 | 8 | 7 |
| 2 | 8 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 मार्च, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 08.49 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-ज्येष्ठा 16.21 तक तत्पश्चात मूल।

**मेष** – आज अति उत्साह पर नियंत्रण रखें। दांपत्य संबंधों में गलतफहमी न होने दें। बिजली के उपकरणों को सावधानी से रखें। कानूनी मामलों में आपको सावधानी रखनी चाहिए। अत्यधिक क्रोध आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।

**वृष** – आज जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव बढ़ेगा। विवादित मामले सुलझा सकते हैं। रुके हुए कार्यों में गति आएगी। शरीर में आलस्य न रखें। परिवार के मामलों में परेशानी खड़ी हो सकती है। दिनचर्या अच्छी रखने का प्रयास करें।

**मिथुन** – आज किसी विशिष्ट व्यक्ति से संपर्क बढ़ेगा। विरोधी सक्रिय हो सकते हैं। पुराने रोगों के दोबारा उभरने की आशंका है। भाई-बहनों से आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए। ऑफिस में आपको नई जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी।

**कर्क** – आज प्रेम रिश्ते में तनाव हो सकता है। छात्रों को कम मेहनत करने से भी सफलता मिलेगी। धर्म-कर्म में आस्था बढ़ेगी। घर में अतिथियों का आगमन हो सकता है। संतान के व्यवहार से मन असंतुष्ट रहेगा। दोस्तों की तरफ से पूरा सहयोग नहीं मिलेगा।

**सिंह** – आज अपने स्वभाव में अहंकार न आने दें। दिनचर्या से थोड़ा फुर्सत लें और खुद को समय दें। जल्दबाजी में महत्वपूर्ण निर्णय न लें। परिस्थितियां आपके विरुद्ध हो सकती हैं। कुछ लोगों के साथ आपका मनमुटाव हो सकता है।

**कन्या** – आज शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। आपके ऊपर अतिरिक्त जिम्मेदारियां आ सकती हैं। आपका समय अच्छा बीतेगा। परिवार की जिम्मेदारियां बखूबी निभाएंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो सफलता मिलेगी। बेरोजगारी दूर होने के योग बन रहे हैं।

**तुला** – आज कानूनी दांव-पेंच में उलझ सकते हैं। कड़वे वचन बोलने से बचें। दूसरों से ज्यादा अपेक्षा न करें। शरीर में थकावट रहेगी। आंखों में जलन की शिकायत हो सकती है। पड़ोसियों के साथ झड़प हो सकती है। आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं रहेगी।

**वृश्चिक** – आज घर का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे। आपका दिन काफी अच्छी तरह बीतेगा। समस्त कार्यों में सफलता मिलेगी। भूमि-संपत्ति के कार्यों में लाभ मिलेगा।

**धनु** – आज दूसरों के बहकावे में आकर कोई कार्य न करें। लेन-देन करते समय पेपरवर्क में सावधानी रखें। स्वास्थ्य खराब हो सकता है। लोग आपकी अवज्ञा कर सकते हैं। समय अनावश्यक कार्यों में बर्बाद हो सकता है।

**मकर** – आज भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रभावी योजना बना सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रेम बढ़ेगा। घर में मेहमान आ सकते हैं। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। दोस्तों के साथ मौज-मस्ती में दिन बीतेगा।

**कुंभ** – आज पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आध्यात्मिक विषयों के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। तकनीक संबंधी प्रोजेक्ट्स को लेकर नई रणनीति बना सकते हैं। सरकारी कार्यों में रुकावट आ सकती है। कई दिनों से चली आ रही समस्या का समाधान मिलेगा।

**मीन** – आज लोग आपकी बातों का गलत अर्थ न निकालें इसका ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। जॉब बदलने का विचार बनेगा। रचनात्मक कार्यों के लिए समय उत्तम नहीं है। लोग आपकी भावनाओं का ज्यादा सम्मान नहीं करेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
आखरी गुलाम – सुबह : 09.44
अलीबाबा मरजीना – रात : 07.11

**StarGold SELECT**
चरित्रहीन – सुबह : 11.00
द गाजी अटैक – रात : 09.00

**SONY PIX**
जुमांजी – सुबह : 09.46
घोस्टबस्टर्स – रात : 08.50

**ZEE CINEMA**
कॉर्पोरेट – सुबह : 10.30
मौसम – रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
जानी दुश्मन – सुबह : 10.58
एसीपी शिवा – रात : 07.57

### आज की सुपरहिट फिल्म




स्टार गोल्ड सेलेक्ट पर रात-09.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक लड़के की बाइक से स्कूटी वाली लड़की की टक्कर हो गई।
भीड़ ने लड़के को खूब मारा और बुरी तरह पीटा, फिर लड़की और उसकी स्कूटी को उठाया।
एक आदमी लड़की से- आपको लगी तो नहीं?
लड़की - नहीं, ये तो मेरा रोज का काम है, स्कूटी सीख रही हूं न।

लड़की-क्या करते हो?
लड़का-नारी सम्मान सेवा पर काम करता हूं।
लड़की-सोशल वर्कर हो?
लड़का-नहीं, फेसबुक पर लड़कियों की फोटो लाइक करता हूं।




महात्मा गांधी की पोशाक पहने एक व्यक्ति रविवार को कोलकाता में भाजपा कार्यालय के बाहर सिख समुदाय के धरना-प्रदर्शन के दौरान हिस्सा लेता हुआ। विरोध-प्रदर्शन के दौरान क्षेत्रीय लोगों ने उस व्यक्ति की प्रशंसा की। ● एजेंसी

## कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश अभिजीत मंगलवार को देंगे इस्तीफा

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को इस्तीफा दे देंगे। राज्य में शिक्षा संबंधी विभिन्न मुद्दों पर न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय के फैसलों ने राजनीतिक बहस छेड़ दी। न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि क्या उनका राजनीति में प्रवेश करने का इरादा है। उन्होंने कहा कि वह अपना इस्तीफा सौंपने के बाद मीडिया के सभी सवालों के जवाब देंगे। उन्होंने रविवार को यहां अपने आवास के बाहर संवाददाताओं से कहा कि मैं मंगलवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से इस्तीफा दे दूंगा। न्यायमूर्ति अभिजीत गंगोपाध्याय ने कहा कि वह मंगलवार को सुबह में भारत की राष्ट्रपति को अपना इस्तीफा सौंप देंगे।

# मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार: शाह

नई दिल्ली, एजेंसी

● गृह मंत्री बोले-नरेंद्र मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम मिल रहे



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि मादक पदार्थों को लेकर नरेंद्र मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं, जिसके कारण गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह भी कहा कि मादक पदार्थ मुक्त भारत आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकारों और एजेंसियों के बीच समन्वय और सहयोग के माध्यम से देश भर में मादक द्रव्य रोधी मजबूत तंत्र बनाया गया है। उन्होंने हैशटैग 'ड्रग्स फ्री भारत' के साथ लिखा कि इस रणनीति के परिणामस्वरूप मादक पदार्थों की जब्ती और दर्ज किए गए मामलों की संख्या में वृद्धि हुई है। गृह मंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ मोदी सरकार की ठोस कार्रवाई के प्रभावी परिणाम सामने आए हैं। उन्होंने कहा-इसके चलते गिरफ्तारियों और जब्ती की मात्रा में भारी वृद्धि हुई है।

शाह ने कहा कि देश मादक पदार्थ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा-हमारा देश प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में मादक पदार्थों का पता लगाने, संबंधित नेटवर्क को नष्ट करने और नशे की लत के शिकार लोगों का पुनर्वास दिया जा रहा है।

### नरेंद्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटी: राहुल



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि सरकार भारतीय रेलवे के लिए नीतियां केवल अमीरों को ध्यान में रखकर बना रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास धोखे की गारंटी है। राहुल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा-हवाई चप्पल पहनने वालों को हवाई जहाज से यात्रा के सपने दिखाकर प्रधानमंत्री उन्हें गरीबों की सवारी रेलवे से भी दूर कर रहे हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा-किराए में प्रति वर्ष 10 प्रतिशत बढ़ोतरी, मांग के अनुसार घटता-बढ़ता किराया, बढ़ते रद्दीकरण शुल्क और महंगे प्लेटफॉर्म टिकट के जरिए लूट की जा रही है। लोगों को 'एलीट ट्रेन' की तस्वीर दिखाकर लुभाया जा रहा है जिस पर गरीब पैर भी नहीं रख सकते।

### एक नजर

#### मणिपुर हिंसा: सीबीआई ने 7 लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने मणिपुर जातीय हिंसा के दौरान बिष्णुपुर पुलिस शस्त्रागार से हथियार और गोला-बारूद की लूट के मामले में 7 आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने हाल में असम के गुवाहाटी में कामरूप (मेट्रोपोलिटन) में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत के समक्ष अपना आरोप पत्र दाखिल किया। लैशराम प्रेम सिंह, खुमुकचम धीरेन, मोइरंगथेम आनंद सिंह, अथोकपम काजीत, लौकराकपम माइकल मंगांगचा, कोंथौजम रोमोजीत मेइती और कीशम जॉनसन उर्फ जॉनसन आरोप पत्र में नामजद आरोपी हैं।

#### वाहन में आग लगने से युवक जिंदा जला

**जयपुर।** जयपुर के विद्याधर नगर थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात सामुदायिक केन्द्र में खड़े एक पुराने वाहन में आग लगने से एक युवक की जिंदा जलने से मौत हो गई। पुलिस उपनिरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि मृतक की पहचान गफ्फार (20) के रूप में की गई है। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जांच की जा रही है।

## दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर ट्रक से टकराई कार, तीन व्यक्तियों की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्व दिल्ली में बदरपुर फ्लाईओवर पर एक कार के ट्रक से टकराने पर तीन व्यक्तियों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने रविवार को दी। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना शनिवार देर रात हुई जब ओखला के संजय कॉलोनी के रहने वाले सात व्यक्ति हरियाणा के फरीदाबाद में एक शादी समारोह से कार में सवार होकर लौट रहे थे। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया कि बदरपुर पुलिस थाने के अधिकारियों को देर रात 12.48 बजे होंडा शोरूम के पास बदरपुर फ्लाईओवर पर एक दुर्घटना के बारे में पीसीआर कॉल मिली थी।

## मामले को एनआईए को सौंपने पर करेंगे विचार : सिद्धारमैया

चिकमगलुरु (कर्नाटक), एजेंसी

**कर्नाटक के कैफे में हुए विस्फोट का मामला**

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को कहा कि सरकार जरूरत पड़ने पर रामेश्वरम कैफे विस्फोट मामले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंपने पर विचार कर सकती है। ब्रूकफील्ड इलाके में एक मार्च को एक लोकप्रिय रेस्तरां में हुए विस्फोट के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय अपराध शाखा (सीसीबी) इस मामले में जांच कर रही है। विस्फोट में 10 लोग घायल हुए हैं।

घटना की एनआईए से जांच कराने की भाजपा की मांग पर सिद्धारमैया ने कहा-हम विचार करेंगे। अभी तो जांच शुरू हुई है। अभी तक किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। अगर जरूरत पड़ी तो हम (एनआईए जांच के लिए) विचार करेंगे। भाजपा के इस आरोप पर कि 'ब्रांड बेंगलुरु' की जगह शहर अब 'बम बेंगलुरु' हो गया है, तो इस पर सिद्धारमैया ने कहा-जब भाजपा के कार्यकाल में चार बम धमाके हुए थे तो इसे क्या कहा जाए?

## सदमे के चलते आत्महत्या से उकसावे का मामला नहीं बनता

मुंबई, एजेंसी

● प्रेम संबंध के मामले में अदालत ने की टिप्पणी



मुंबई की एक अदालत ने अपने पूर्व पुरुष मित्र को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप से एक महिला को बरी करते हुए कहा है कि प्रेम संबंध टूटने के बाद मानसिक सदमे के चलते की जाने वाली खुदकुशी की स्थिति में उकसावे का मामला नहीं बनता।

अदालत ने कहा कि अपनी इच्छा और पसंद के अनुसार साथी बदलना ''नैतिक रूप से'' गलत है, लेकिन रिश्ते में अस्वीकृति का सामना करने वाले व्यक्ति के लिए दंडात्मक कानून के तहत कोई उपाय नहीं है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एन पी मेहता ने 29 फरवरी को ये टिप्पणियां कीं और मनीषा चुडासमा तथा उसके मंगेतर राजेश पंवार को बरी कर दिया। उन दोनों पर नितिन केनी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप था। केनी अपने घर में 15 जनवरी 2016 को फंदे से लटके मिले थे। उन्हें एक अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। न्यायाधीश ने कहा, ''नैतिक रूप से...प्रेमी/प्रेमिका बदलना गलत है, लेकिन अगर कोई दंडात्मक कानून के प्रावधानों पर गौर करता है, तो उस पीड़ित के पास कोई उपाय नहीं है, जिसके/जिसकी साथी ने अपनी पसंद से दूसरे व्यक्ति के साथ प्रेम संबंध कायम कर लिया हो।'' उन्होंने अपने आदेश में कहा कि भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 306 के अनुसार, आरोपी की ओर से आत्महत्या के लिए मजबूर करने संबंधी कोई उकसावा होना चाहिए।

अदालत ने कहा-कोई यदि किसी से प्यार करता है और उसका/उसकी साथी बेवजह रिश्ता तोड़ दे, तो वह भावनात्मक रूप से टूट जाता है। यदि कोई प्रेम संबंध टूटता है और मानसिक सदमे के कारण उनमें से एक साथी आत्महत्या कर लेता है, तो उसका मामला भादंसं की धारा 306 के साथ पढ़ी जाने वाली धारा 107 के तहत नहीं बनेगा।'' अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि चुडासमा और पंवार ने पीड़ित को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया था जिससे वह आत्महत्या के लिए मजबूर हुए।

# विकसित भारत के लिए दृष्टि पत्र पर हुआ मंथन

नई दिल्ली, एजेंसी

● प्रधानमंत्री मोदी ने की मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता

● सूत्रों ने बताया-100 दिवसीय एजेंडे पर हुई चर्चा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें ''विकसित भारत : 2047'' के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्षों के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर मंथन किया गया। सरकार के सूत्रों ने बताया कि बैठक में, मई में नई सरकार के गठन के बाद तुरंत उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100 दिवसीय एजेंडे के शीघ्र क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए 'रोडमैप' दो साल से अधिक की गहन तैयारी का परिणाम है।

सूत्रों ने कहा कि इसमें सभी मंत्रालयों और राज्य सरकारों, शिक्षाविदों, उद्योग संगठनों, नागरिक समाज संस्थाओं, वैज्ञानिक संगठनों के साथ व्यापक परामर्श तथा युवाओं के सुझावों को समाहित करते हुए ''सरकार का समग्र'' दृष्टिकोण शामिल है। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा-विभिन्न स्तरों पर 2,700 से अधिक बैठकें, कार्यशालाएं और सेमिनार आयोजित किए गए। 20 लाख से अधिक युवाओं से सुझाव प्राप्त हुए। सूत्रों ने कहा कि ''विकसित भारत'' के लिए रोडमैप में स्पष्ट रूप से व्यक्त की गई राष्ट्रीय दृष्टि, आकांक्षाएं, लक्ष्य और कार्यों के साथ एक व्यापक खाका है। उन्होंने कहा कि इसके लक्ष्यों में आर्थिक विकास, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी), जीवन को आसान बनाना, व्यापार करने में आसानी, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण जैसे क्षेत्र शामिल हैं। बैठक में कई मंत्रालयों ने अपने विचार व्यक्त किए।

### प्रधानमंत्री अगले 10 दिनों में 12 राज्यों का करेंगे दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा से पहले अगले 10 दिनों में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 29 कार्यक्रमों में भाग लेंगे। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, जम्मू-कश्मीर, असम, अरुणाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और दिल्ली का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सोमवार को तेलंगाना के आदिलाबाद में कई विकास परियोजनाओं का अनावरण करेंगे और बाद में तमिलनाडु के कलपक्कम में भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) का दौरा करेंगे। अधिकारियों ने कहा कि वह आदिलाबाद के साथ-साथ चेन्नई में भी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोदी पांच मार्च को तेलंगाना के संगारेड्डी में कई परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद वह ओडिशा में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। अधिकारियों के मुताबिक, मोदी पश्चिम बंगाल रवाना होने से पहले ओडिशा में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

## पूर्व सांसद आनंद मोहन से संबंधित याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय गोपालगंज जिले के तत्कालीन जिलाधिकारी जी. कृष्णैया की 1994 में हुई हत्या के मामले में लोकसभा के पूर्व सदस्य आनंद मोहन को दी गई सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई करने वाला है।

आनंद मोहन, कृष्णैया की हत्या के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे थे। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ दिवंगत अधिकारी की पत्नी उमा कृष्णैया की याचिका पर सुनवाई करेगी। आनंद मोहन के 14 साल से अधिक समय तक जेल में रहने के बाद, उन्हें पिछले साल अप्रैल में बिहार के सहरसा जेल से रिहा किया गया था।

## कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### जीएसटी प्रवर्तन प्रमुखों का सम्मेलन आज

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सोमवार को सभी राज्य और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के प्रवर्तक प्रमुखों के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। इस सम्मेलन में कर चोरी रोकने के उपायों पर चर्चा होगी। सम्मेलन में जीएसटी अपवंचना रोकने, मौजूदा चुनौतियों की समीक्षा और केंद्रीय और राज्य कर प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा अपनाए गए सफल तरीकों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में जाली इन्वॉयस, बेहतर व्यवहार को साझा करने, तालमेल को बढ़ावा देने और प्रौद्योगिकी और आंकड़ों का लाभ उठाने के प्रभावी तरीकों पर भी रणनीति बनाई जाएगी।

#### एक दशक में नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा

**नई दिल्ली।** पिछले 10 साल में पान, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों पर खर्च बढ़ा है और लोग अपनी आय का बड़ा हिस्सा ऐसे उत्पादों पर खर्च कर रहे हैं। एक सरकारी सर्वेक्षण में यह बात कही गई। पिछले सप्ताह जारी घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण 2022-23 से पता चलता है कि कुल घरेलू खर्च के एक हिस्से के रूप में पान, तंबाकू और नशीले पदार्थों पर खर्च ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में बढ़ गया है। आंकड़ों के मुताबिक, ग्रामीण इलाकों में इन मदों पर खर्च 2011-12 के 3.21 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 3.79 प्रतिशत हो गया है। इसी तरह, शहरी क्षेत्रों में खर्च 2011-12 के 1.61 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 में 2.43 प्रतिशत हो गया। शहरी क्षेत्रों में शिक्षा पर खर्च का अनुपात 2011-12 के 6.90 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 5.78 प्रतिशत रह गया।

# चिप विनिर्माण क्षेत्र में एक ताकत बनकर उभरेंगे

## प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अगले पांच साल में भारत के लिए जताई उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत अपनी डिजाइन क्षमता और 10 अरब डॉलर के प्रोत्साहनों के साथ अगले पांच साल में वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षेत्र में एक मजबूत ताकत बनकर उभरेगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक विनिर्माता भारत में नए फैब और इकाइयां स्थापित करने के लिए आकर्षित होंगे तथा इस क्षेत्र में ताइवान, दक्षिण कोरिया और चीन जैसे देशों का दबदबा कम होगा। वैष्णव ने साक्षात्कार में कहा कि वैश्विक कंपनियों की सोच अब बदल रही है और वे भारत में जल्द निवेश करना चाहती हैं।

उन्होंने कहा-बेहतर तरीके से तैयार नीतियों की वजह से विनिर्माता यहां नई फैब (सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन संयंत्र) इकाइयां लगाना चाहते हैं। ऐसे में वे संबद्ध क्षेत्रों में निवेश कर रहे हैं। सेमीकंडक्टर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए आवश्यक कलपुर्जा है। इसका इस्तेमाल वाहनों से लेकर कंप्यूटर, मोबाइल फोन और यहां तक कि वॉशिंग मशीन में भी होता है। भारत में पहले से दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वाहन कंपनियों मसलन रेनो-निसान से लेकर हुंदै के कारखाने हैं। इसके अलावा यहां कंप्यूटर कंपनियां डेल के अलावा एपल के आपूर्तिकर्ता भी मौजूद हैं। इलेक्ट्रॉनिक कंपनियां सैमसंग की भी यहां मौजूदगी है। अब भारत तेजी से बढ़ते सेमीकंडक्टर विनिर्माण में विनिर्माण मूल्य श्रृंखला का विस्तार करना चाहता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली सरकार ने माइक्रोन और टाटा सहित चार खिलाड़ियों को 76,000 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया है। वैष्णव ने कहा कि डिजाइन प्रतिभाओं का एक-तिहाई भारत में है। भारत अब खुद को चीन के स्थान पर एक लोकतांत्रिक और भरोसेमंद प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में पेश कर रहा है।

### हमारे पास बहुत मजबूत डिजायन क्षमताः वैष्णव



वैष्णव ने समझाते हुए कहा-किसी भी विकासशील देश के लिए, हमारे आकार की अर्थव्यवस्था के लिए, देश के भीतर सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला का होना बहुत महत्वपूर्ण है। हमारे पास बहुत मजबूत डिजायन क्षमता है। डिजायन क्षमताओं के साथ हमारे पास विनिर्माण क्षमता भी होनी चाहिए, तभी इसमें और मूल्य जोड़ा जा सकता है। वैष्णव का मानना है कि सेमीकंडक्टर योजनाएं भारत को आत्मनिर्भर बनाएंगी, अर्थव्यवस्था और विभिन्न उद्योगों पर गुणक प्रभाव डालेगी, रोजगार पैदा करेंगी और आजीविका को बढ़ावा देंगी। हाल में की गई घोषणा के अनुसार, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लि. ताइवान की पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प के साथ भागीदारी में गुजरात के धोलेरा विशेष औद्योगिक क्षेत्र में सेमीकंडक्टर फैब की स्थापना करेगी।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 65,302 करोड़ रुपये बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी

● सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे



सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात के बाजार मूल्यांकन (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 65,302.5 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक फायदे में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और आईसीआईसीआई बैंक रहे।

बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 663.35 अंक या 0.90 प्रतिशत की बढ़त में रहा। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 165.7 अंक या 0.74 प्रतिशत चढ़ गया। प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज बीएसई और एनएसई ने प्राथमिक साइट पर बड़े व्यवधान या विफलता से निपटने के लिए अपनी तैयारियों की जांच करने को शनिवार को इक्विटी और इक्विटी डेरिवेटिव खंड में एक विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी बैंक का बाजार पूंजीकरण बढ़ गया। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसीआई) की बाजार हैसियत में गिरावट आई। सप्ताह के दौरान टीसीएस का बाजार मूल्यांकन 19,881.39 करोड़ रुपये बढ़कर 14,85,912.36 करोड़ रुपये हो गया।

### एफपीआई ने बाजार में 1,539 करोड़ डाले

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के रुख में एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है और उन्होंने फरवरी में भारतीय शेयर बाजारों में 1,539 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे पिछले महीने जनवरी में उन्होंने शेयरों से जमकर निकासी की थी। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके अलावा एफपीआई ने फरवरी में ऋण या बॉन्ड बाजार में 22,419 करोड़ रुपये डाले हैं।

## सरकार चौथा कानून लाती तो किसान फिर प्रदर्शन नहीं करते : हुड्डा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि अगर सरकार कृषि उत्पाद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से नीचे की दर पर खरीदने को अपराध बनाने के लिए चौथा कानून लाती तो किसानों को फिर से सरकार से जंग नहीं लड़नी पड़ती। सरकार 2020 में तीन विवादास्पद कृषि-विपणन कानून लेकर आयी थी जिसे सरकार ने कृषि क्षेत्र में सुधारों के लिए आवश्यक बताया था। हालांकि, संयुक्त किसान मोर्चा की अगुवाई में किसानों के लंबे चले आंदोलन के बाद नवंबर 2021 में इन कानूनों को निरस्त कर दिया गया।

## भारत-यूएई के बीच व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी

अबू धाबी, एजेंसी

● सीआईआई अध्यक्ष आर दिनेश बोले-यह हासिल किया जा सकता



भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन इसे हासिल किया जा सकता है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के अध्यक्ष आर दिनेश ने यह बात कही है।

उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच कपड़ा, आभूषण और फार्मा जैसे क्षेत्रों में व्यापार बढ़ाने के बड़े अवसर हैं। उन्होंने कहा कि भारत और यूएई के बीच मई, 2022 में लागू मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के चलते द्विपक्षीय व्यापार और निवेश में वृद्धि हुई है। दिनेश यहां वैश्विक निवेशकों के कार्यक्रम 'इन्वेस्टोपिया' और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में कई भागीदारों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भाग लेने के लिए आए थे। सीआईआई के अध्यक्ष ने कहा-भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच गैर-तेल व्यापार का 100 अरब डॉलर का लक्ष्य महत्वाकांक्षी है, लेकिन मेरा मानना है कि इसे हासिल किया जा सकता है। इस संबंध में हाल के घटनाक्रम उत्साहजनक हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता कहा गया है, रत्न और आभूषण, कपड़ा और परिधान, चमड़ा, फार्मास्युटिकल्स, चिकित्सा उपकरण और कई इंजीनियरिंग उत्पादों जैसे सभी श्रम-गहन क्षेत्रों तक शुल्क मुक्त पहुंच उपलब्ध कराता है। वित्त वर्ष 2022-23 में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 84.9 अरब डॉलर पर पहुंच गया है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619 अरब डॉलर के पार

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में बढोतरी होने से 23 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार दो सप्ताह की गिरावट से उबरते हुये 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619.07अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.13 अरब डॉलर कम होकर 616.1 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से साप्ताहिक आंकड़े जारी किए गए हैं।

## बढ़ती ब्याज दरों के कारण बढ़ा सावधि जमाओं का आकर्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

● भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों से हुआ खुलासा

बढ़ती ब्याज दरों के कारण पहले से अधिक लोग सावधि बचत योजनाओं की ओर आकर्षित हो रहे हैं। कुल बैंक जमाओं में ऐसे निवेश माध्यमों की हिस्सेदारी दिसंबर, 2023 में बढ़कर 60.3 प्रतिशत हो गई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

यह आंकड़ा मार्च, 2023 में 57.2 प्रतिशत था। अप्रैल-दिसंबर, 2023 के दौरान कुल जमाओं में जो वृद्धि हुी, उसमें सावधि जमाओं की हिस्सेदारी लगभग 97.6 प्रतिशत थी। इस दौरान चालू खाता और बचत खाता (सीएएसए) जमा की हिस्सेदारी में गिरावट हुई। आरबीआई ने अपनी 'तिमाही आधारभूत सांख्यिकी विवरणियां (बीएसआर)-2: अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में जमाएं - दिसंबर 2023' में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया कि सावधि जमाओं पर बढ़ता प्रतिफल बैंक जमाओं में संरचनात्मक बदलाव ला रहा है। कुल जमाओं में सावधि जमा की हिस्सेदारी मार्च, 2023 के 57.2 प्रतिशत से बढ़कर दिसंबर, 2023 में 60.3 प्रतिशत हो गई।

## शार्दुल के शतक से मुंबई को बढ़त

मुंबई, एजेंसी



रणजी

शार्दुल ठाकुर की 109 रन की शतकीय पारी और तनुष कोटियान की नाबाद 74 रन की अर्धशतकीय पारी आर साई किशोर के 6 विकेट के गेंदबाजी प्रदर्शन पर भारी पड़ गई, जिससे मुंबई ने रविवार को रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के दूसरे दिन तमिलनाडु पर पहली पारी के आधार पर 207 रन की बढ़त बना ली।

मुंबई ने एक समय 106 रन पर 7 विकेट गंवा दिये थे, जिसके बाद ठाकुर ने 104 गेंद में 13 चौके और 4 छक्के की मदद से शतकीय पारी खेलकर टीम को वापसी कराई। तमिलनाडु के पहली पारी में 146 रन के जवाब में स्टंप तक मुंबई ने 9 विकेट गंवाकर 353 रन बना लिए थे, जिसमें साई किशोर ने उसके बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। मुंबई ने सुबह 2 विकेट पर 45 रन से आगे खेलना शुरू किया। श्रेयस अय्यर को छोड़कर साई किशोर (97 रन देकर 6 विकेट) ने मुंबई के 5 विकेट झटके दिए। अय्यर (3) तेज गेंदबाज संदीप वारियर का शिकार हुए, जिससे तमिलनाडु मेजबान टीम की बराबरी पर लग रही थी, लेकिन ठाकुर ने तमिलनाडु के हर गेंदबाज पर दबाव बनाया और मुंबई को बढ़त दिलाई।

## लैनिंग का पचासा, राधा -जोनासन की फिरकी से दिल्ली शीर्ष पर

### दिल्ली ने गुजरात को 25 रन से हराया, दिल्ली ने 8 विकेट पर 163 रन बनाने के बाद गुजरात को 138 रन पर ही समेटा

बेंगलुरु, एजेंसी

WOMEN'S PREMIER LEAGUE



कप्तान मेग लैनिंग (55) के अर्धशतकीय पारी के बाद जोस जोनासन (22 रन पर 4 विकेट) और राधा यादव (20 रन पर 4 विकेट) की गेंदबाजी की बदौलत दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को डब्ल्यूपीएल में गुजरात जायंट्स को 25 रन से शिकस्त दी।

दिल्ली ने 8 विकेट पर 163 रन बनाने के बाद गुजरात की पारी को 8 विकेट पर 138 रन पर रोक दिया। दिल्ली की चार मैचों में यह तीसरी जीत से तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। लैनिंग ने 41 गेंद में 6 चौके और 1 छक्के की मदद से 55 रन बनाए। उन्हें एलिस कैप्सी (37) का साथ मिला। प्लेयर ऑफ द मैच जोनासन ने गेंदबाजी से पहले 11 रन भी बनाए। गुजरात के लिए मेघना सिंह ने 37 रन देकर 4 विकेट लिए। गुजरात के लिए एशलीघ गार्डनर के अलावा कोई भी बल्लेबाज बड़ा स्कोर करने में विफल रहा। गार्डनर ने 40 रन बनाए। दोनों टीमें मैच में दो-दो बदलाव के साथ उतरी। गुजरात ने चोटिल हरलीन देओल और स्नेहा राणा की जगह तरन्नुम पठान और वेदा कृष्णमूर्ति को शामिल किया, जबकि दिल्ली ने तेज गेंदबाज मारिजाने काप और मीनू मणि को आराम दिया और एनाबेल सदरलैंड और तेज गेंदबाज टिटास साधु को टीम में लिया। शिखा पांडे (28 रन पर 1 विकेट) ने लॉरा वुलफार्ट को खाता खोले बगैर पवेलियन लौटा दिया। फोबे लिचफील्ड (15) ने टिटास के खिलाफ छक्का और चौका जबकि कप्तान बेथ मूनी (12 रन) ने शिखा के खिलाफ 3 चौके जड़े। जोनासन ने मूनी को पगबाधा और लिचफील्ड सदरलैंड को कैच दे बैठीं। अरुंधति रेड्डी की गेंद पर राधा यादव ने वेदा कृष्णमूर्ति का कैच टपका दिया। राधा ने शिखा के हाथों उनकी 12 रन की पारी को खत्म किया। एशलीघ ने अरुंधति के खिलाफ छक्का और चौका लगाया। 10 ओवर के बाद टीम का स्कोर 4 विकेट पर 72 रन था। राधा ने कैथरीन ब्राइस (3) को पगबाधा किया। जोनासन ने गार्डनर को स्टंप कराकर गुजरात को तगड़ा झटका दिया। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद शेफाली वर्मा ने बाएं हाथ की स्पिनर तनुजा कंवर के खिलाफ शॉट लगाकर दिल्ली को तेज शुरुआत दिलाई। वह 13 रन बनाकर मेघना सिंह की गेंद पर आउट हो गई। लैनिंग को 30 रन के स्कोर पर जीवनदान मिला। उन्होंने दूसरे विकेट के लिए कैप्सी के साथ 38 रन जबकि जेमिमा रोड्रिग्स के साथ तीसरे विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी की।

## खेल डायरी

### मार्टा कोस्ट्युक और केटी बौल्टर फाइनल में



सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट

**सैन डिएगो, एजेंसी।** यूक्रेन की छठी वरीयता प्राप्त मार्टा कोस्ट्युक ने शुरू में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके शीर्ष वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर सैन डिएगो ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। कोस्ट्युक ने पेगुला को 7-6(4), 6-1 से पराजित किया। फाइनल में उनका सामना क्वालीफायर केटी बौल्टर से होगा, जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो को 6-3, 6-1 से हराया। अमेरिकी खिलाड़ी पेगुला ने पहले सेट में अच्छी शुरुआत करके एक समय 5-1 से बढ़त हासिल कर ली थी। कोस्ट्युक अगले चार गेम जीत कर स्कोर 5-5 के बराबर कर दिया और फिर अपनी सर्विस बचा कर 6-5 से बढ़त हासिल कर ली। पेगुला ने अपनी सर्विस बचा कर सेट को टाइब्रेकर तक खींच दिया लेकिन इसमें उन्होंने काफी गलतियां की जिनका कोस्ट्युक ने पूरा फायदा उठाया। कोस्ट्युक ने इसके बाद दूसरे सेट के शुरू में ही पेगुला की सर्विस तोड़ी और फिर यह सेट और मैच आसानी से अपने नाम किया।

### विश्व चैंपियनशिप में अदिति 21वें स्थान पर

**सिंगापुर, एजेंसी।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक पहले दो दिन शीर्ष 10 में बने रहने के बाद रविवार को अंतिम दौर में दो अंडर 70 का कार्ड खेलने के कारण महिलाओं की विश्व चैंपियनशिप में 21वें स्थान पर रहीं। अंतिम दौर के शुरू में ही बोगी करने के बावजूद अदिति ने पांचवें, आठवें और 13वें होल में तीन बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन 18वें होल में समापन में वह बोगी कर बैठीं। इस तरह टूर्नामेंट में पदार्पण कर रही अदिति ने 72, 69 और 73 के कार्ड के बाद 70 का कार्ड बनाया। ऑस्ट्रेलिया की हनाह ग्रीन कुल 13 अंडर के स्कोर से खिताब जीतने में सफल रहीं। एक हफ्ते पहले पांच बार की लेडीज यूरोपीय टूर विजेता अदिति होंडा एलपीजीए में संयुक्त 31वें स्थान पर रहीं थीं। उनका इस साल पेरिस ओलंपिक में खेलना निश्चित है।

### मिनौर ने मैक्सिको ओपन का खिताब दूसरी बार जीता

**अकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर ने कैस्पर रुड को सीधे सेटों में हराकर लगातार दूसरे साल मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। डी मिनौर ने फाइनल में रुड को 6-4, 6-4 से हराया। यह 2012 के बाद पहला अवसर है जबकि किसी खिलाड़ी ने अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर का यह आठवां एटीपी खिताब है। वह चौथे खिलाड़ी हैं जिन्होंने मैक्सिको ओपन में अपने खिताब का बचाव किया। उनसे पहले डेविड फेरर ने 2010 से 2012 तक लगातार तीन खिताब जीते थे। ऑस्ट्रेलिया का यह 25 वर्षीय खिलाड़ी मैक्सिको ओपन में लगातार 10 मैच जीत चुका है। उन्होंने इस जीत से एटीपी प्रतियोगिताओं के फाइनल में लगातार चार हार का क्रम भी तोड़ा।

### टाइगर वुड्स को मिला बॉब जोन्स पुरस्कार

**फार हिल्स (अमेरिका), एजेंसी।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को अमेरिकी गोल्फ एसोसिएशन (यूएसजीए) के सर्वोच्च सम्मान बॉब जोन्स पुरस्कार के लिए चुना गया है।



वुड्स ने पीजीए टूर में अपने करियर में 82 जीत हासिल की, जिनमें 15 मेजर खिताब भी शामिल हैं। वुड्स नौ बार के यूएसजीए चैंपियन हैं। वुड्स को 2022 में विश्व गोल्फ हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। उन्हें 2019 में डोनाल्ड ट्रम्प से प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम सम्मान मिला था। वुड्स ने कहा कि बॉब जोन्स जिस निष्ठा के साथ खेलते थे, उसके कारण वह हमारे खेल का एक स्तंभ थे और मैं उनके नाम पर यह पुरस्कार पाकर और इससे पहले यह पुरस्कार पाने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर वास्तव में गौरवान्वित हूं। वुड्स को 12 जून को उत्तरी कैरोलिना में यूएस ओपन के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

## डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर पहुंचा भारत

### भारत के 64.28 % अंक, अब तक आठ मैच में से पांच जीते, दो हारे और एक ड्रॉ कराया

दुबई, एजेंसी



दो बार का फाइनलिस्ट भारत रविवार को जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) की तालिका में न्यूजीलैंड की जगह शीर्ष पर काबिज हो गया।

रांची में चौथे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 5 विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल करने वाला भारत 64.28 प्रतिशत अंकों के साथ न्यूजीलैंड को शीर्ष से हटाने में सफल रहा। भारत के अब तक आठ मैच में पांच जीत, दो हार और एक ड्रॉ से 62 अंक हैं जबकि न्यूजीलैंड की टीम के पांच मैच में तीन जीत और दो हार से 36 अंक है। उसका अंक प्रतिशत 60.00 है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वेलिंगटन में खेले गए पहले टेस्ट मैच से पूर्व न्यूजीलैंड की टीम 36 अंक और 75 अंक प्रतिशत के साथ शीर्ष पर काबिज थी।

डब्ल्यूटीसी 2021 की विजेता न्यूजीलैंड की टीम को इस मैच में 172 रन से करारी हार का सामना करना पड़ा, जिससे उसका अंक प्रतिशत 60 हो गया और वह तालिका में दूसरे स्थान पर खिसक गई। ऑस्ट्रेलिया की टीम तीसरे स्थान पर है। उसे वेलिंगटन टेस्ट मैच में जीत से 12 महत्वपूर्ण अंक मिले। इससे उसके 11 मैच में सात जीत, तीन हार और एक ड्रॉ से 78 अंक हो गए हैं। उसका अंक प्रतिशत 55 से बढ़कर 59.09 हो गया है।

ऑस्ट्रेलिया 2023 का चैंपियन है तथा अगर वह क्राइस्टचर्च में 8 मार्च से शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच में भी जीत दर्ज करता है तो वह न्यूजीलैंड की जगह दूसरे स्थान पर काबिज हो जाएगा। भारत इस बीच 7 मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवा और अंतिम टेस्ट मैच खेलेगा। अगर इस मैच में इंग्लैंड की टीम भारत को हरा देती है तो फिर ऑस्ट्रेलिया चोटी पर पहुंच सकता है।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 अंक तालिका

| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | अंक% |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भारत | 8 | 5 | 2 | 1 | 62 | 64.58 |
| 2 | न्यूजीलैंड | 5 | 3 | 2 | 0 | 36 | 60.00 |
| 3 | ऑस्ट्रेलिया | 11 | 7 | 3 | 1 | 78 | 59.09 |
| 4 | बांग्लादेश | 2 | 1 | 1 | 0 | 12 | 50.00 |
| 5 | पाकिस्तान | 5 | 2 | 3 | 0 | 22 | 36.66 |
| 6 | वेस्टइंडीज | 4 | 1 | 2 | 1 | 16 | 33.33 |
| 7 | दक्षिण अफ्रीका | 4 | 1 | 3 | 0 | 12 | 25.00 |
| 8 | इंग्लैंड | 9 | 3 | 5 | 1 | 21 | 19.44 |
| 9 | श्रीलंका | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0.00 |

## लियोन की फिरकी में फंसा न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया जीता

वेलिंगटन, एजेंसी

टेस्ट श्रृंखला



ऑफ स्पिनर नाथन लियोन ने अपनी फिरकी का जादू दिखा कर मैच में 10 विकेट लिए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में न्यूजीलैंड को 172 रन से शिकस्त देकर दो मैच की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनाई।

न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य था। उसने चौथे दिन सुबह दूसरी पारी 3 विकेट पर 111 रन से आगे बढ़ाई, लेकिन उसके बल्लेबाज लियोन के सामने टिक नहीं पाए और पूरी टीम 196 रन पर आउट हो गई। लियोन ने 64 रन देकर 6 विकेट लिए। उन्होंने मैच में 108 रन देकर 10 विकेट लिए। अपने करियर में लियोन ने पांचवीं बार 10 या इससे अधिक विकेट लिए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में नाइट वॉचमैन के रूप में 41 रन की पारी खेली थी। न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट करके उम्मीद जगाई थी। ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 204 रन की बढ़त हासिल की थी और उसकी कुल बढ़त 368 रन थी। न्यूजीलैंड की उम्मीद रचिन रविंद्र पर टिकी थीं जिन्होंने सुबह अपनी पारी 56 रन से आगे बढ़ाई। वह हालांकि दिन के सातवें ओवर में 59 रन बनाकर आउट हो गए और न्यूजीलैंड की पारी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। लियोन ने रविंद्र के रूप में दिन का पहला विकेट लिया। रविंद्र ने कैमरन ग्रीन को आसान कैच दिया। इसके तीन गेंद बाद टॉम ब्लंडेल खाता खोले बिना लियोन की गेंद पर शॉर्ट लेग में खड़े ट्रेविस हेड को कैच दे बैठे।

लियोन ने अगले ओवर में ग्लेन फिलिप्स (1) को पगबाधा किया। लियोन ने फिलिप्स को आउट करके एक पारी में 24वीं बार पांच या इससे अधिक विकेट लिया। स्कॉट कुगलेइजन (26), मैट हेनरी (14) और टिम साउदी (7) भी पवेलियन लौट गए। डेरिल मिशेल (38) आउट होने वाले अंतिम बल्लेबाज थे। ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में नाबाद 174 रन बनाने वाले ग्रीन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

## लिवरपूल ने 4 अंक की बनाई बढ़त



इंग्लिश प्रीमियर लीग

**लंदन, एजेंसी।** लिवरपूल ने उरुग्वे के स्ट्राइकर डार्विन नुनेज़ के 'इंजरी टाइम' के नौवें मिनट में हेडर से किए गए गोल की मदद से फ़ॉरेस्ट को 1-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर फुटबॉल लीग प्रतियोगिता में चार अंक की बढ़त हासिल कर ली। लिवरपूल की यह सभी प्रतियोगिताओं में लगातार छठी और पिछले 11 दिन में चौथी जीत है। इससे उसके 27 मैच में 63 अंक हो गए हैं और उसने मैनचेस्टर सिटी पर 4 अंक की बढ़त बना ली है। मैनचेस्टर सिटी 26 मैच में 59 अंक लेकर दूसरे जबकि आर्सेनल 26 मैच में 28 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। इस बीच चेल्सी ने ब्रैंटफोर्ड के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेला जबकि एस्टन विला ने लुटन को 3-2 से हराकर टोटेनहैम के साथ चौथे स्थान की दौड़ को दिलचस्प बना दिया। टोटेनहैम ने एक अन्य मैच में क्रिस्टल पैलेस को 3-1 से पराजित किया। एस्टन विला 27 मैच में 55 अंक लेकर चौथे स्थान पर है जबकि टोटेनहैम के 26 मैच में 50 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है।

## क्राइस्टचर्च टेस्ट के लिए वैगनर की हो सकती है संन्यास से वापसी

वेलिंगटन, एजेंसी



तेज गेंदबाज विल ओ' रूर्के के चोटिल होने के बाद न्यूजीलैंड की टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के लिए संन्यास ले चुके तेज गेंदबाज नील वैगनर को टीम में वापसी करा सकती है। मेजबान टीम को रविवार को दो मैचों की श्रृंखला के शुरुआती टेस्ट में 172 रन से हार का सामना करना पड़ा। कप्तान टिम साउथी ने कहा कि वैगनर के लिए दरवाजे बंद नहीं हुए हैं। 64 टेस्ट मैचों में 260 विकेट लेने वाले वैगनर ने पिछले सप्ताह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था। द. अफ्रीका में जन्मे इस तेज गेंदबाज को जब पता चला कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में उन्हें टीम में जगह नहीं मिलेगी तो उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी। श्रृंखला का दूसरा टेस्ट 8 मार्च से खेला जाएगा। साउथी ने कहा कि हमने अगले मैच के लिए टीम को लेकर अब तक बहुत अधिक चर्चा नहीं की है। हम देखेंगे कि विल की चोट कैसी है। फिजियो ने अभी उनके उबरने के बारे में नहीं बताया है। मुझे यकीन है कि अगले 24 घंटों में स्थिति साफ हो जाएगी।




## बॉलीवुड हलचल

### पैसा वसूल फिल्म है योद्धा: राशि



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री राशि खन्ना का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'योद्धा' मनोरंजन से भरपूर पैसा वसूल फिल्म है। सागर आम्ब्रे और पुष्कर ओझा के निर्देशन में बनी 'योद्धा' का निर्माण करण जौहर ने किया है। फिल्म 'योद्धा' में सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पाटनी और राशी खन्ना की अहम भूमिका है। राशि खन्ना ने कहा, मुझे लगता है कि योद्धा पैसा वसूल फिल्म है। फिल्म में थ्रिल, रोमांस और एज ऑफ द सीट वाला जायका है। मैं फ़िल्म को लेकर बहुत ज़्यादा एक्साईटेड और नर्वस थी। मैं सिर्फ एक अच्छी और सेंसिबल स्क्रिप्ट का इंतज़ार कर रहीं थी। मेरे लिए किरदार से प्यार करना ज़रूरी है। फ़िल्म करने के लिए एक अच्छा पैकेज होना चाहिए और फिल्म योद्धा एक फुल पैकेज की तरह थी। फिल्म योद्धा एक्शन फिल्म है जिसे करण जौहर ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म योद्धा इस साल 15 मार्च को रिलीज होगी।

### रिया का गीत मिले मत आवा जानू होली में रिलीज



**मुंबई।** गायिका पुनीता प्रिया और अभिनेत्री रिया प्रजापति का होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' रिलीज हो गया है। भोजपुरी होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गीत में रिया प्रजापति अपने प्रेमी के हरकतों से परेशान हो गई है। उसकी वजह से घर पर रिया को डाट भी मिली है। जिससे होली में मिलने आने से प्रेमी को मना कर रही हैं। वह कहती है कि... 'होली खेले गँउवा के बहरी बुलाइला, रंग से बदनिया के कुल्हि लेटाइला... अइसन जगहा लगाइले जानू, गारी देले बिया हमर माई ये जानू...' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी होली गीत 'मिले मत आवा जानू होली में' के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। इस होली गीत को पुनीता प्रिया ने गाया है। इस गाने को गीतकार सूरज सिंह ने लिखा है, जबकि संगीतकार दीपक दिलकश ने मधुर संगीत दिया है। वीडियो डायरेक्टर सुनील बाबा, कोरियोग्राफर गोल्डी जायसवाल, सनी सोनकर, डीओपी गौरव राय, राजन वर्मा, एडिटर आलोक गुप्ता हैं। डीआई रोहित सिंह ने किया है।

### झलक दिखला जा 11 की विजेता बनीं मनीषा



**मुंबई।** बिहार की मनीषा रानी डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा के 11वें सीजन की विजेता बन गई हैं। मनीषा रानी ने शोएब इब्राहिम और अद्रिजा सिन्हा को हराकर झलक दिखला जा की ट्रॉफी अपने नाम कर ली है। मनीषा रानी की एंट्री वाइल्ड कार्ड के माध्यम से हुई थी। मनीषा को विजेता ट्रॉफी के साथ 30 लाख रुपये तथा उनके कोरियोग्राफर आशुतोष पवार को 10 लाख रुपये मिले। साथ ही दोनों को आइलैंड का ट्रिप भी मिला है। 'झलक दिखला जा 11' की ट्रॉफी जीतने पर मनीषा रानी ने अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया है। उन्होंने कहा, मैं हमेशा से कहती हूं कि मुझे अपने फैंस पर बहुत भरोसा है और एक बार फिर मेरे फैंस ने इस बात को साबित कर दिया है। मेरी जीत का श्रेय मेरे कोरियोग्राफर, मेरी मेहनत और मेरे प्रशंसकों को जाता है। शो में मेरे सामने जो लोग थे, उनके बहुत बड़े-बड़े लोग सपोर्टर थे, सभी अच्छे डांसर और कलाकार हैं। लोगों का इतना प्यार किस्मत वाले लोगों को ही मिलता है। मेरी कोशिश हमेशा अपना बेस्ट देने की होगी। मैंने आज तक जो भी सपना देखा है, वो पूरा हुआ है, तो मुझे भरोसा है कि मेरा यह भी सपना पूरा होगा। भले ही उसे पूरा होने में थोड़ा समय लगे।

#### फराह-मलाइका और अरशद ने दी बधाई

मनीषा रानी को सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के सेलिब्रिटी डांस रियलिटी शो, झलक दिखला जा, के 11वें सीजन की विजेता बनने पर जज फराह खान, मलाइका अरोड़ा और अरशद वारसी ने बधाई दी है। फराह खान ने कहा, मनीषा ने डांस के प्रति अपनी जबर्दस्त योग्यता से मंच पर आग लगा दी है और उनकी परफॉर्मेंस देखने लायक थी। उन्होंने खुद को अपनी सीमाओं से आगे बढ़ाया है और डांस शैलियों की विस्तृत श्रृंखला को सुंदरता और सटीकता के साथ प्रदर्शित किया है। डांस के प्रति उनका जुनून वास्तव में प्रेरणादायक है और उन्होंने खुद को एक योग्य चैंपियन साबित किया है।

### 'हनुमान' की भूमिका निभाकर खुद को कृतज्ञ महसूस कर रहे निर्भय



**मुंबई।** अभिनेता निर्भय वाधवा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे सीरियल श्रीमद रामायण में 'महाबली हनुमान' की भूमिका निभाकर कृतज्ञ महसूस कर रहे हैं। सीरियल 'संकट मोचन महाबली हनुमान' समेत कई सीरियल में हनुमान की भूमिका निभा चुके निर्भय वाधवा एक बार फिर 'श्रीमद रामायण' में हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं। निर्भय वाधवा ने कहा, मैंने अब तक श्रीमद् रामायण के एपिसोड देखने का आनंद लिया है और अब मैं अपने किरदार को और भी अधिक तीव्रता से चित्रित करने की जिम्मेदारी महसूस करता हूं। चूंकि पूरी कास्ट ने अपनी भूमिकाओं के साथ बहुत बढ़िया काम किया है। जैसे ही मैं भगवान हनुमान के पवित्र स्थान पर कदम रखता हूं, मैं अपने जीवन में एक बार फिर ऐसे पूज्य और प्रिय चरित्र को अपनाने का अवसर पाकर कृतज्ञ महसूस करता हूं। इस किरदार के माध्यम से, मैं इस शक्तिशाली योद्धा की गहराई में जाना चाहता हूं और उनके और भगवान राम के बीच के दिव्य बंधन को उजागर करना चाहता हूं। श्रीमद रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

### अंकुश और शिल्पी का गाना ना ऐ जीजा 2.0 जारी



**मुंबई।** अंकुश राजा और शिल्पी राज का नया गाना ना ऐ जीजा 2.0 रिलीज हो गया है। इस गाने ने मिलियन व्यूज के आंकड़े को पार कर लिया है और अब तक इसे 1,606,823 व्यूज मिल चुके हैं। अंकुश राजा ने इस गाने को अपने फैंस को समर्पित किया है। अंकुश ने कहा कि लोगों को यह गाना पसंद आ रहा है और लोग इसे खूब प्यार भी दे रहे हैं इसके लिए हम समूह का आभार व्यक्त करते हैं साथ ही हम उनसे अपील भी करते हैं कि इस गाने को और बड़ा बनाएं ताकि हमें प्रोत्साहन मिलता रहे और हम आपके लिए और भी अच्छे-अच्छे गाने लेकर आते रहे। अंकुश राजा होली के नए-नए गीत लेकर आ रहे हैं और जो लोगों को खूब पसंद भी आ रहा है। उसी क्रम में उनका यह गाना भी है जिस पर बहुत सारे व्यूज मिल रहे हैं। ना ऐ जीजा 2.0 गाना के संगीतकार विकी वोक्स हैं। लेखक बोस रामपुरी हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# किसी की जुबां पर गांधी तो कोई मुफ्त शिक्षा की हिमायती

मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता





*मुंबई। मिस वर्ल्ड खिताब की दौड़ में शामिल दुनियाभर की प्रतिभागियों ने रविवार को अपने दिल की बात कही, जो गरीबी, भुखमरी, जीवन की गुणवत्ता, शिक्षा और सेहत जैसे बुनियादी सरोकारों से सराबोर थे। इस बार 71वें मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता का भारत प्रतिनिधित्व कर रहा है। समारोह में किसी ने गांधीजी की बात की, तो किसी ने जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को लेकर चिंता जाहिर की है। कुछ ने लैंगिक समानता और बच्चों के यौन शोषण से जुड़े मुद्दे पर भी राय दी।*

### भारत की दावेदारी कर रहीं सिनी शेट्टी

भारत की दावेदारी पेश कर रहीं सिनी शेट्टी ने कहा कि हम आज ऐसी दुनिया में रहते हैं, जिसके सामने साझा चुनौतियां हैं और साझी महत्वाकांक्षाएं हैं। शेट्टी ने कहा कि समाज के पिछड़े लोगों के लिए सतत विकास लक्ष्य होने चाहिए।



# बर्फबारी और बारिश से जीवन अस्त-व्यस्त

नई दिल्ली, एजेंसी




जम्मू- श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के कारण फंसे वाहन।

देश के कई राज्यों में शनिवार और रविवार को मौसम खराब रहा। हिमाचल में बर्फबारी बारिश से नेशनल हाइवे समेत 507 सड़कें बंद हो गई हैं। मनाली- सोलंगनाला के बीच नेहरू कुंड के पास रविवार को 5 वाहन हिमस्खलन की चपेट में आ गए। हालांकि, कोई हताहत नहीं हुआ।

पंजाब, हरियाणा, मध्य, प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात समेत 9 राज्यों में बारिश हुई। इससे गेहूं समेत अन्य फसलों को नुकसान हुआ। वहीं रामबन में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग में भारी बारिश के कारण भूस्खलन और पत्थर गिरने से यातायात बाधित हो गया है। राजमार्ग के बाधित होने पर यात्रियों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, यात्रियों को हो रही असुविधा के लिए रामबन प्रशासन ने एक नई पहल की शुरुआत की है। रामबन प्रशासन ने यात्रियों के मनोरंजन के लिए बैंड बाजे का इंतजाम किया है। हिमाचल प्रदेश में भी मौसम का मिजाज बदला हुआ है। कई जिलों में बारिश हो रही है।

### 15 मार्च से बढ़ेगा तापमान

मौसम विभाग का अनुमान है 14 मार्च तक हिमालयी क्षेत्र में लगातार पश्चिमी विक्षोभ आने के आसार हैं, पर मार्च खत्म होने तक पश्चिमी विक्षोभ नहीं आएगा। 15 मार्च के बाद उत्तर व उत्तर पश्चिमी राज्यों में तापमान तेजी से बढ़ेगा। एलनीनो परिस्थितियों के घटने का ट्रेंड बना हुआ है लेकिन इसके जुलाई में ही न्यूट्रल में आने की संभावना है। 10 दिन में तेलंगाना, तटीय आंध्र, उत्तरी कर्नाटक

## एक नजर

### पाकिस्तानी सेना ने तीन आतंकियों को किया ढेर, चार घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों के साथ झड़प के दौरान तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि, चार अन्य घायल हुए हैं। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा ने रविवार को कहा कि तलाशी अभियान के दौरान सैनिकों और आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई, जिसमें तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि चार आतंकवादी घायल हो गए। आईएसपीआर ने कहा, भारी मात्रा में हथियार गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। मारे गए आतंकवादी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ-साथ कई आतंकवादी गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे।

### छत्तीसगढ़: एसबीआई में सेंधमारी दस्तावेजों को जलाया, बदमाश फरार

**पत्थलगांव।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के पत्थलगांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक में रविवार को अज्ञात बदमाशों ने सेंधमारी कर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने का प्रयास किया। लॉकर तक नहीं पहुंच पाने से बदमाशों ने दस्तावेजों को आग लगा कर फरार हो गए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि बैंक में आगजनी की घटना पर काबू पा लिया गया है। पुलिस ने डॉग स्क्वायड की मदद से जांच शुरू कर दी है। सीसीटीवी फुटेज से बदमाशों की पहचान की जा रही है। उन्होंने बताया कि बैंक में सुरक्षा के कोई भी पुख्ता इंतजाम नहीं रहने से बैंक में दूसरी बार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया है।

### गाजा: मदद का इंतजार कर रहे पीड़ितों पर गोलीबारी, 115 की मौत

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र ने कहा है कि गाजा में सहायता काफिले पर भोजन के लिए संघर्ष कर रहे फिलिस्तीनी नागरिकों पर इजराइली सैनिकों ने हमला कर दिया। हमले में 115 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 750 से अधिक घायल हो गए। गाजा में अब तक लगभग 30 हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता ने कहा कि टीम ने शुक्रवार को गाजा शहर के अल शिफा अस्पताल में कुछ घायलों से मुलाकात की और 'बड़ी संख्या में बंदूक की गोली के घावदेखे।

### मुंबई पुलिस ने गैरलाइसेंसी हथियार मालिकों के विरुद्ध शुरू की कार्रवाई

**मंबई।** शिवसेना गुट के नेता अभिषेक घोसालकर की हत्या की घटना के बाद मुंबई पुलिस ने व्यक्तिगत सुरक्षा के लिए हथियार रखने वालों और सुरक्षा सेवाएं मुहैया कराने वालों के लाइसेंसों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि गैर लाइसेंसी हथियार मालिकों के खिलाफ कार्रवाई के तहत दस दिन में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। संयुक्त पुलिस आयुक्त (अपराध) लखमी गौतम ने कहा, बिल्डर, नेताओं की सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी और निजी अंगरक्षक जांच के दायरे में हैं, उनके हथियार लाइसेंस का सत्यापन किया जा रहा है।

# हाईब्रिड सरकार के हाथ में पाकिस्तान की डोर शरीफ बोले- एक साल में संकट से निकाल देंगे

## पीएमएल-एन और पीपीपी ने सर्वसम्मति से शहबाज को चुना नेता, शपथ ग्रहण समारोह आज

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान में नई सरकार को लेकर कवायद तेज हो गई है। लगभग एक माह बाद रविवार को हाइब्रिड सरकार को लेकर हुई बैठक में नवाज शरीफ के भाई शहबाज शरीफ को वजीर-ए-आजम (प्रधानमंत्री) चुन लिया गया है। विपक्ष के हंगामे के बीच नवनिर्वाचित संसद में बहुमत हासिल करने के बाद शहबाज शरीफ को गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बनेंगे, उन्हें सोमवार को राष्ट्रपति भवन में शपथ दिलाई जाएगी।

बता दें, हाइब्रिड इसलिए क्योंकि पहले सरकारें सत्ता में आने के बाद सेना से समझौता करती थीं, लेकिन शहबाज सरकार ने चुनावी परिणाम आने के बाद सेना और राजनीतिक दलों से गठजोड़ किया है। प्रधानमंत्री बनते ही शहबाज ने पहले संबोधन में कहा कि सरकार देश को मौजूदा संकट से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध है। मैं कोई समय सीमा तय नहीं करना चाहता, लेकिन हम जो कदम उठाएंगे, उसके सकारात्मक परिणाम एक साल बाद मिलने शुरू हो जाएंगे। शहबाज ने यह भी सवाल किया कि इमरान खान ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को पत्र क्यों लिखा। इसे उन्होंने देश के मामलों में विदेशी हस्तक्षेप को आमंत्रित करने के समान बताया। बाता दें, शहबाज शरीफ पीएमएल-एन और पीपीपी की ओर से सर्वसम्मति से उम्मीदवार चुने गए हैं। उन्हें 336 सदस्यीय सदन में 201 वोट हासिल हुए हैं। नेशनल असेंबली के स्पीकर सरदार अयाज सादिक ने नतीजों की घोषणा करते हुए शहबाज को पाकिस्तान का 24वां प्रधानमंत्री नियुक्त किया। शहबाज को सोमवार को राष्ट्रपति भवन ऐवान-ए-सद्र में पद की शपथ दिलाई जाएगी। पीटीआई समर्थित सांसदों के हंगामे और नारेबाजी के बीच नई संसद का सत्र बुलाया गया। पीपीपी के अलावा, शहबाज को एमक्यूएम-पी, क्यू, जेड, इस्तेहकाम-ए-पाकिस्तान पार्टी और नेशनल पार्टी का समर्थन प्राप्त था।



**शहबाज का सियासी सफर**

| | | |
|---|---|---|
| 1988 | 1990 | विधायक |
| 1990 | 1993 | सांसद |
| 1993 | 1996 | विस में विपक्ष के नेता |
| 1997 | 1999 | पंजाब सीएम |
| 2008 | 2013 | पंजाब सीएम |
| 2013 | 2018 | पंजाब सीएम |
| 2018 | 2022 | संसद में विपक्ष के नेता |
| 2022 | 2023 | प्रधानमंत्री |

*3 मार्च 2024 को दूसरी बार प्रधानमंत्री चुने गए*

### चुनाव धांधली को लेकर प्रदर्शन कर रहे 100 से ज्यादा इमरान समर्थित नेता गिरफ्तार



पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के विभिन्न हिस्सों में पीटीआई के 100 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया। ये सभी पार्टी कार्यकर्ता हालिया आम चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ रैलियां निकाल रहे थे। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। देश में आठ फरवरी को नेशनल असेंबली के चुनाव हुए थे। जिसके बाद त्रिशंकु नतीजे सामने आए थे। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के नेता चुनाव में हेराफेरी का आरोप लगाते रहे हैं। इमरान खान के आह्वान पर पीटीआई समर्थकों ने शनिवार को बड़े पैमाने पर देशभर में प्रदर्शन किया। ज्यादातर गिरफ्तारियां लाहौर में हुईं, जहां पंजाब की नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने प्रदर्शन कर रहे पीटीआई समर्थकों पर कार्रवाई करने का आदेश दिया। पीटीआई के प्रवक्ता के मुताबिक, पुलिस ने लाहौर में अस्सी कार्यकर्ताओं और नेताओं को गिरफ्तार किया गया है। गुजरात शहर में बीस से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पंजाब और इस्लामाबाद के 38 शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। लाहौर में पुलिस ने जीपीओ चौक और लिबर्टी चौक पर प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया गया। प्रवक्ता ने कहा, पीटीआई नेता मियां शहजाद फारूक और अफजाल अजीम पहत को भी गिरफ्तार किया गया है।

# मिशिगन, इडाहो और मिजुरी में भी डोनाल्ड ट्रंप की जीत

वाशिंगटन, एजेंसी

- राष्ट्रपति पद के उमीदवार की दावेदारी पुख्ता, चुनाव में बाइडन बनाम ट्रंप होना लगभग तय



अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मिसौरी के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की और जीओपी नामांकन की ओर अपना सफर जारी रखा। ट्रंप अपनी प्रतिद्वंदी निक्की हेली से काफी आगे निकल गए हैं। शनिवार को ट्रंप ने मिजुरी, इडाहो और मिशिगन में भी कॉकस चुनाव में जीत दर्ज की। ट्रंप को 244 डेलिगेट्स का समर्थन मिल चुका है, जबकि निक्की हेली को सिर्फ 24 डेलिगेट्स ने ही अभी तक सपोर्ट किया।

राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए 1215 डेलिगेट्स का समर्थन मिलना जरूरी है। इससे साफ है कि रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति का उम्मीदवार चुने जाने की रेस में डोनाल्ड ट्रंप काफी आगे निकल गए हैं। रविवार को कोलंबिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं और इसके दो दिन बाद सुपर मंगलवार है, जिसमें 16 राज्यों में प्राइमरी इलेक्शन होने हैं।

नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव से पहले मंगलवार को सबसे बड़ा मतदान होगा और उस मतदान के बाद तस्वीर साफ हो जाएगी कि निक्की हेली राष्ट्रपति पद की रेस में रहेंगी या फिर नवंबर में डोनाल्ड ट्रंप बनाम जो बाइडन होना तय है। मिशिगन में तो ट्रंप ने एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज की और सभी 39 डेलिगेट्स का समर्थन हासिल किया। पांच मार्च को अलबामा, अलास्का, अरकंसास, कैलिफोर्निया, कोलोराडो, मेन, मैसाचुसेट्स, मिनेसोटा, नॉर्थ कैरोलाइना, ओकलाहोमा, टेनेसी, टेक्सास, उटा, वेर्मोन्ट, वर्जीनिया में प्राइमरी चुनाव होने हैं।

अब तक ट्रंप आयोवा, न्यू हैंपशायर, नेवादा, यूएस वर्जिन आइलैंड्स, दक्षिण कैरोलाइना, मिशिगन, मिजुरी और इडाहो में जीत दर्ज कर चुके हैं। निक्की हेली अपने समर्थन में पर्याप्त लोगों को जुटाने में असफल हो रही हैं। डोनाल्ड ट्रंप चुनाव में अवैध प्रवासियों के मुद्दे को पूरे जोर-शोर से उठा रहे हैं।

### जिंदगी कांटों जैसी दर्दनाक रही... अनंत का भावुक स्पीच



मार्क जुकरबर्ग के साथ अनंत अंबानी और राधिका



ईशा अंबानी

**जामनगर :** अपनी प्री-वेडिंग सेरेमनी के इवेंट में अनंत अंबानी ने बेहद भावुक स्पीच दी है। अनंत ने अपने परिवार और राधिका के परिवार को धन्यवाद दिया। अनंत ने कहा, 'थैंक्यू मम्मा। ये सब मेरी मां ने किया है। चार महीने से रोज 18-19 घंटे इस समारोह की तैयारी में लगी थीं। मेरा जीवन हमेशा गुलाब के फूल की तरह सहज नहीं रहा है, मैंने गुलाब के कांटों की तरह कई दुख झेले हैं, मुझे बचपन से ही स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं रही हैं, लेकिन मेरे माता- पिता ने मुझे कभी एहसास नहीं होने दिया कि में बीमार हूं। अनंत बोले, जामनगर मेरी प्रेरणा का स्रोत हैं। ● एजेंसी

### नाटु-नाटु पर थिरके तीनों खान शाहरुख बोले-जय श्रीराम

समारोह के अंतिम दिन अभिनेता शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान जमकर थिरके। शाहरुख ने मंच पर जय श्रीराम का नारा लगाया। तीनों खान तेलुगु गीत नाटु नाटु की धुन पर थिरके। रविवार की सुबह भारतीय फिल्मी सितारों की टोली सज-धजकर शादी से पहले का जश्न मनाने के लिए जामनगर पहुंचे।



पत्नी अंजली के साथ सचिन तेंदुलकर

# चीन-पाकिस्तान कर रहे फेक रिसर्च, भारत बेहतर: अध्ययन

वाशिंगटन, एजेंसी

- पैसे और प्रमोशन के लिए कर रहे फ्रॉड, अमेरिका की संस्था क्रॉस रीफ ने तैयार किया डेटा

चीन- पाकिस्तान के वैज्ञानिक फेक रिसर्च कर रहे हैं। वे दूसरों की रिसर्च के डेटा में जोड़- तोड़ कर अपना रिसर्च पेपर पब्लिश करा रहे हैं, या फिर पहले पब्लिश रिसर्च पेपर के कुछ चैप्टर्स बदलकर नाम दे रहे हैं।

यही वजह है कि चीन के वैज्ञानिकों की रिसर्च छपने के बाद भी कई शोध जर्नल ने खारिज कर दिए और उन्हें रिट्रैक्ट (वापस लिया) किया। अमेरिका की गैर लाभकारी संस्था क्रॉस रीफ ने 50 हजार से ज्यादा फेक रिसर्च पेपर का डेटाबेस तैयार किया है। इसमें से 46 फीसदी अकेले चीन के हैं। पैसे व प्रमोशन के लिए वैज्ञानिक फेक रिसर्च कर रहे हैं। दरअसल चीन में रिसर्च पेपर की क्वालिटी की बजाय संख्या गिनी जाती है।

### चीन के रिसर्च पर समीक्षा से मना कर रहे वैज्ञानिक

दुनिया के कई वैज्ञानिक चीन के वैज्ञानिकों के रिसर्च पेपर की समीक्षा करने से मना कर रहे हैं। रिसर्च पर काम कर रही माइक्रोबॉयोलॉजिस्ट ने कहा, कई रिसर्च पेपर तो पैसे लेकर तैयार किए जाते हैं। कई में प्लैगरिज्म ही होता है। एक चीनी पेपर में प्रोस्टेट कैंसर पर रिसर्च की गई थी। इसमें कहा गया था कि रिसर्च में 50 फीसदी सैंपल महिलाओं के हैं, जबकि महिलाओं में प्रोस्टेट ग्लैंड्स होते ही नहीं हैं।

# अमेरिका में भाजपा समर्थकों ने शुरू किया चुनावी अभियान

**वाशिंगटन।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अमेरिका में रह रहे उसके समर्थकों ने चुनाव में 400 सीट जीतने के लक्ष्यों की ओर योगदान देने के लिए प्रचार अभियान शुरू कर दिया।

ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी), यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने वाशिंगटन डीसी के मैरीलैंड उपनगर में शनिवार को चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करने के बाद कहा, ''भारतीय प्रवासी समुदाय भारत में भाजपा को समर्थन देने जा रहा है। इस कार्यक्रम में ओएफबीजेपी के करीब 100 कोर सदस्य शामिल हुए।

# यूएई: बीएपीएस मंदिर में टाइट कपड़े, टी-शर्ट में प्रवेश पर बैन

अबु धाबी, एजेंसी

- मंदिर ने जारी की गाइडलाइन आपत्तिजनक और भड़काऊ कपड़े पहनकर प्रवेश की अनुमति नहीं



संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का पहला हिंदू मंदिर, जिसका उद्घाटन अबु धाबी में 14 फरवरी को पीएम मोदी ने किया था, उसे आम लोगों के लिए खोल दिया गया। मंदिर के कैसे कपड़े पहनकर जाना है, इसके लिए मंदिर की वेबसाइट पर गाइडलाइन जारी की गई है। आगंतुकों को गर्दन, कोहनी और टखनों तक शरीर को ढकना जरूरी है।

आपत्तिजनक डिजाइन वाली टोपी, टी-शर्ट और अन्य भड़काऊ कपड़े पहनकर आने की अनुमति नहीं है। पारदर्शी और टाइट-फिटिंग कपड़े भी नहीं पहनने हैं। ऐसे कपड़ों और सामानों से बचने के लिए कहा गया है, जिससे लोगों का ध्यान भटके। हिंदू मंदिर हर मंगलवार से शनिवार सुबह 9 बजे से रात 8 बजे तक जनता के लिए खुला रहेगा। बता दें कि हर सोमवार को मंदिर बंद रहेगा। अबु धाबी में पहला हिंदू मंदिर-बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस), प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 फरवरी को मंदिर का उद्घाटन किया था।

# ओडिशा: डीआरडीओ कैंप में जवान ने खुद को मारी गोली, मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में सेना के जवान ने अपनी सर्विस राइफल से कथित तौर पर खुद को गोली मार दी। घटना रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की रडार ऑब्जर्वेटरी सर्विलांस यूनिट में हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

रविवार को सेना का जवान (35 वर्षीय) महाकालपाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र के कियारबंका गांव में डीआरडीओ के एक कैंप में ड्यूटी पर था। पुलिस ने बताया कि जवान खून से लथपथ था, उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। महाकालपाड़ा पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच के अनुसार यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। पुलिस ने कहा कि, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की जांच की जाएगी।

**हिदायत** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने डिजिटल प्लेटफार्मों को दिए दिशा-निर्देश, 15 दिन के भीतर करें एडवाइजरी का पालन

# नए एआई मॉडल लॉन्च से पहले भारत सरकार से लेनी होगी मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

टेक कंपनियों को नए एआई मॉडल लॉन्च करने से पहले सरकार से मंजूरी लेनी होगी। केंद्र सरकार ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और अन्य प्लेटफॉर्म को दिशा-निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि परीक्षण में शामिल एआई मॉडलों का अब अनिवार्य रूप से लेबल करना होगा। साथ ही, इसमें गैरकानूनी कंटेंट मौजूद नहीं होना चाहिए।



केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने ऐसा न होने पर आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शनिवार को कहा कि हाल ही में गूगल जेमिनी एआई विवाद के आलोक में, एडवाइजरी का अब विशेष रूप से एआई से संबंधित है। डिजिटल प्लेटफॉर्मों को पूरी जवाबदेही लेनी होगी और यह कहकर नहीं बच सकते कि ये एआई मॉडल परीक्षण के चरण में हैं।

डिजिटल प्लेटफॉर्मों को तत्काल प्रभाव से नए दिशा-निर्देशों का पालन करने और इस एडवाइजरी के 15 दिन के भीतर मंत्रालय को की गई कार्रवाई-सह-स्थिति रिपोर्ट सौंपने के लिए कहा गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी इंटरमीडियरी और प्लेटफॉर्म नए आईटी नियम 2021 का पालन सुनिश्चित करें।

### खामियों से पिचाई की नौकरी संकट में



गूगल की पेरेंट कंपनी अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई को हटाने की मांग जोर पकड़ती जा रही है। गूगल ने हाल ही में एआई चैटबॉट जेमिनी लॉन्च किया था। हालांकि, इसके इमेज जेनरेशन और अवतार टूल में खामियां हैं। इससे गूगल की छवि पर बुरा असर पड़ा है। इसे देखते हुए कहा जा रहा है कि उन्हें पद से हटाया जा सकता है।

## कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर बना रही केंद्र सरकार

केंद्र सरकार देश में कृषि प्रणाली को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से जलवायु अनुकूल बनाने की तैयारी कर रही है। इससे किसानों को यह जानकारी पहले ही मिल जाएगी कि उनके क्षेत्र में इस बार मौसम कैसा रहेगा। इसके लिए सरकार एक एआई संचालित कृषि प्रबंधन सॉफ्टवेयर बना रही है।



यह सॉफ्टवेयर किसानों को यह बताने में सक्षम होगा कि उनके क्षेत्र में सूखा, बाढ़, लू, शीतलहर, असामान्य बारिश, शुष्क मौसम, ठंड, चक्रवात और ओलावृष्टि की क्या स्थिति रहेगी। ऐसे वातावरण में उन्हें कौन सी फसल बोने से फायदा होगा। इस कार्य में मौसम विभाग के वैज्ञानिक, कृषि वैज्ञानिक को शामिल किया गया है। जैसे ही सॉफ्टवेयर बन जाएगा। सरकार इस योजना को पूरे देश में लागू करेगी।

सॉफ्टवेयर किसी भी क्षेत्र के पिछले 100 साल के मौसम पैटर्न का अध्ययन तुरंत करने में सक्षम होगा। यह 24 घंटे ऑनलाइन मोड में देश की सभी भाषाओं में जानकारी देगा।